नई दिल्ली
शनिवार 30 मई 2026
ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 30, अंक : 41
पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम
अधि. 35
न्यून. 26

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



मौसम विभाग के पूर्वानुमान ने बढ़ाई चिंता

## देश में इस साल 'सामान्य से कम'...... बरसात होगी

- ये अलनीनो का ही असर है
- औसतन केवल 90% बारिश होने की उम्मीद
- जून से सितंबर तक बढ़ेगा लू का प्रकोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय मौसम विभाग ने दक्षिण-पश्चिम मानसून और जून 2026 के लिए मौसम का जो पूर्वानुमान जारी किया है, वह काफी चिंताजनक है। इस साल मानसून कमजोर रहने के आसार हैं, जिसके चलते जून से सितंबर के दौरान देश के अधिकांश हिस्सों में भीषण गर्मी और लू के दिन सामान्य से अधिक होंगे। मौसम विभाग के महानिदेशक डॉ. मृत्युंजय महापात्र के मुताबिक इस चार महीने के आगामी सीजन में देश भर में औसतन केवल 90% बारिश होने की उम्मीद है। इसका सीधा मतलब है कि इस साल देश को सूखे जैसी ▶▶ शेष पेज 5 पर

कश्मीर को लेकर भारत ने सार्वजनिक रूप से स्पष्ट कर दिया है अपना रुख

# किसी के खिलाफ नहीं क्वाड, हिंद-प्रशांत के लोगों की भलाई करना ही हमारा एजेंडा: जायसवाल

- भारत को है उम्मीद, जल्द 2680 लोगों की राष्ट्रीयता प्रमाणित करेगा बांग्लादेश

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया जैसे चार देशों वाला चतुष्कोणीय क्वाड समूह किसी के खिलाफ नहीं है। यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लोगों की भलाई के लिए परियोजनाओं पर एकजुटता से काम कर रहा है। जिसमें जलवायु कार्रवाई, स्वास्थ्य, आपदा प्रबंधन और कई अन्य क्षेत्रों से जुड़ी परियोजनाएं शामिल हैं। ऐसे में समूह का एजेंडा केवल इसमें शामिल चार देशों के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने पर ही केंद्रित नहीं है। बल्कि इसका ध्यान उन बाकी देशों के लोगों का भी कल्याण करने का है। जिनके साथ हम इस क्षेत्र में काम कर रहे हैं। यह जानकारी शुक्रवार को राजधानी में हुई मीडिया ब्रीफिंग में पत्रकारों द्वारा मामले पर पूछे गए प्रश्नों के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दी है। इस दौरान हालांकि उन्होंने ▶▶ शेष पेज 5 पर

### जल्द होगी अवैध बांग्लादेशियों की वापसी

*भारत में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेशियों के मामले को लेकर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि भारत में रहने वाले सभी अवैध नागरिकों के खिलाफ कानून के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी। खासतौर पर बांग्लादेश के मामले में वर्तमान में 2 हजार 680 से ज्यादा लोग अवैध रूप से भारत में रह रहे हैं। जिन्हें हम हर हाल में वापस भेजेंगे। इनकी राष्ट्रीयता का प्रमाणीकरण करने के लिए सभी के नामों की सूची भारत ने अपने निकट पड़ोसी देश को सौंप दी है। एक बार संबंधित प्रक्रिया पूरी होने के बाद हम इन लोगों को वापस इनके देश भेज देंगे।*

### 60 महीने से लंबित हैं मामले

*उन्होंने बताया कि भारत द्वारा बांग्लादेश को भेजे गए राष्ट्रीयता प्रमाणीकरण के अनुरोध से जुड़े कई मामले कुल 60 महीनों यानी 5 साल से लंबित पड़े हुए हैं। लेकिन हमें उम्मीद है कि पड़ोसी* ▶▶ शेष पेज 5 पर

### रहमान ने जताया पीएम मोदी का आभार

*बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा ईद-उल-अजहा के मौके पर दी गई शुभकामनाओं के लिए उनका धन्यवाद दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर एक पोस्ट के जरिए उन्होंने कहा कि मैं ईद-उल-अजहा के अवसर पर मुझे और बांग्लादेश की आम जनता को भेजी गई पीएम मोदी की शुभकामनाओं के लिए उनका धन्यवाद देता हूं। इसके अलावा उन्होंने यह उम्मीद भी जताई है कि आगामी समय में दोनों देशों के संबंध और अधिक बेहतर होते रहेंगे। जिनकी नींव आपसी विश्वास, सम्मान, मित्रता और सद्भावना की बुनियाद पर टिकी हुई है।*

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पद्मविभूषण तीजन बाई की तबीयत बिगड़ी



रायपुर। छग की प्रसिद्ध पंडवानी लोक गायिका और पद्मविभूषण डॉ. तीजन बाई की तबीयत अचानक बिगड़ने के बाद रायपुर एम्स में भर्ती कराया गया है। उन्हें तुरंत आईसीयू में शिफ्ट किया गया। उनकी बहू वेणु देशमुख ने बताया कि मेडिकल जांच में उनके फेफड़ों में पानी भरने, निमोनिया होने और बीपी काफी कम होने की बात सामने आई है।

### पुणे शराब कांड: जहरीली शराब पीने से 15 की मौत



पुणे। महाराष्ट्र के पुणे और पिंपरी-चिंचवड़ में जहरीली शराब पीने से 15 लोगों की मौत हो गई है, जबकि कई गंभीर हैं। पुलिस ने मुख्य आरोपी योगेश वानखेड़े सहित 8 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। शराब कांड का असर पिंपरी-चिंचवड़ के दापोडी, फुगेवाड़ी और पुणे के काले पड़ल व हडपसर इलाकों में देखने को मिला।

### अब इमरजेंसी के लिए सिर्फ एक नंबर 112



नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को एक बड़ा निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि तीन महीने के भीतर सभी तरह की इमरजेंसी और एंबुलेंस हेल्पलाइन नंबरों को एक ही नंबर '112' (हेल्पलाइन 112) के साथ जोड़ दिया जाए। राज्यों को यह भी आदेश दिया कि वे 'हेल्पलाइन 112' का बड़े पैमाने पर मास-मीडिया के जरिए प्रचार-प्रसार करें।

*जो हुआ है, वह युवाओं के लिए बेहद आघात पहुंचाने वाला है ... आप इस तरह युवाओं को निराश नहीं कर सकते*

सुप्रीम कोर्ट ने दो टूक कहा

असली जिम्मेदार की पहचान जरूरी, समितियां बनाने और बैठकें करने का कोई अर्थ नहीं

# किसी छोटे कर्मचारी को बलि का बकरा बनाकर 'कमियां' नहीं छिपाई जा सकतीं



*सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने सर्वोच्च अदालत से कहा कि प्रधानमंत्री खुद नीट एग्जाम को मॉनिटर कर रहे हैं*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नीट पेपर लीक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि असली जिम्मेदार की पहचान जरूरी है। जस्टिस जेबी परदीवाला और जस्टिस पीएस नरसिम्हा की पीठ ने कहा कि परीक्षा प्रणाली में सुधार तब तक बेअसर रहेंगे, जब तक कि उस असली व्यक्ति की पहचान नहीं हो जाती जो इस पूरी लापरवाही और लीक प्रक्रिया के लिए सीधे तौर पर जिम्मेदार है। केवल कागजी बदलावों से यह समस्या पूरी तरह खत्म नहीं होने वाली। कोर्ट ने दो टूक शब्दों में कहा कि बार-बार समितियों का गठन करने या बैठकें करने से तब तक कोई फायदा नहीं ▶▶ शेष पेज 5 पर

केंद्र से मांगा हलफनामा-आगे की परीक्षाएं कैसे कराई जाएंगी?



- *समिति ने परीक्षा प्रणाली और प्रशासन को सुधारने के लिए केंद्र को कुल 101 सिफारिशें सौंपी थीं*
- *सुनवाई जुलाई के दूसरे सप्ताह तक के लिए स्थगित कर दी*

**एनटीए में डोमेन विशेषज्ञों की भारी कमी थी**

समिति ने अदालत के सामने माना कि परीक्षा प्रणाली में डोमेन विशेषज्ञों की भारी कमी थी। अब इसे दूर करने के लिए आईआईटी-जेईई और केंद्रीय विद्यालय संगठन के अनुभवी विशेषज्ञों को इस प्रक्रिया से जोड़ा गया है।

### समस्या प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया में थी : समिति

अदालत के सवालों का जवाब देते हुए डॉ. राधाकृष्णन ने बताया कि समिति ने परीक्षा प्रणाली और प्रशासन को सुधारने के लिए कुल 101 सिफारिशें सौंपी हैं। इनमें से 60 अल्पकालिक सिफारिशों को साल 2025-26 के सत्र में ही लागू किया जा रहा है। जब कोर्ट ने सीधे तौर पर पेपर लीक की वजह पूछी तो उन्होंने स्वीकार किया कि मुख्य समस्या प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया में थी, जिसे अब पूरी ▶▶ शेष पेज 5 पर

### *निगरानी प्रक्रिया में ही कोई गंभीर कमी या चूक*

*सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) और सुधारों के लिए बनी उच्च स्तरीय समिति को आड़े हाथों लेते हुए पूछा कि जब इतनी कड़ी निगरानी व्यवस्था थी, तो फिर इतनी बड़ी चूक कैसे हो गई? सुनवाई के दौरान पूर्व इसरो अध्यक्ष डॉ. के. राधाकृष्णन की अध्यक्षता वाली समिति और सरकार की ओर से सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता पेश हुए। कोर्ट ने डॉ. राधाकृष्णन की भूमिका पर सवाल उठाते हुए कहा कि वे पहले उच्चाधिकार समिति में थे और बाद में निगरानी समिति में आए, तो फिर जमीनी स्तर पर निगरानी कितनी हुई? पीठ ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि अगर इतनी सख्त निगरानी के बावजूद यह विफलता हुई है, तो इसका साफ मतलब है कि निगरानी प्रक्रिया में ही कोई गंभीर कमी या चूक रही होगी।*

सीआईएसएफ महानिदेशक की उच्च स्तरीय परिचालन समीक्षा बैठक

## ड्रोन-विरोधी प्रशिक्षण और हवाई अड्डों की सुरक्षा पुख्ता करने पर मुख्य जोर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के महानिदेशक प्रवीर रंजन ने सीआईएसएफ के 'उत्तर क्षेत्र' और 'हवाई अड्डा क्षेत्र' की परिचालन तैयारियों, सामरिक रणनीतियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं के व्यापक मूल्यांकन के लिए उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों और विभिन्न सुरक्षा इकाइयों के कमांडरों ने हिस्सा लिया। इस दौरान संवेदनशील राष्ट्रीय प्रतिष्ठानों और नागरिक उड्डयन क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने, आपातकालीन स्थिति से निपटने की क्षमताओं को बढ़ाने और अंतः-एजेंसी समन्वय को मजबूत करने पर विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया। सीमावर्ती क्षेत्रों की संवेदनशीलता और ड्रोन चुनौतियां जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात जैसे सामरिक रूप से संवेदनशील और अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे राज्यों में उभरती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए यह समीक्षा बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है। महानिदेशक ने सीमावर्ती क्षेत्रों में हाल के दिनों में सामने आईं ड्रोन संबंधी चुनौतियों, तोड़फोड़ विरोधी (एंटी-सैबोटेज) उपायों और आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की। लो-एल्टीट्यूड (कम ऊंचाई) पर उड़ने वाले हवाई खतरों से प्रभावी ढंग से निपटने के लिए सीआईएसएफ ने भारतीय सेना के सहयोग से अपने जवानों के लिए एक चरणबद्ध ड्रोन-विरोधी प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किया है। इसके तहत जवानों को संदिग्ध मानवरहित हवाई प्रणालियों की पहचान करने, उन्हें ट्रैक करने और निष्क्रिय करने का कड़ा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। भारतीय सेना और एनडीआरएफ के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास आतंकवाद विरोधी अभियानों, त्वरित प्रतिक्रिया और आपातकालीन प्रबंधन में आपसी तालमेल को बेहतर बनाने के लिए सीआईएसएफ भारतीय सेना और अन्य केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ लगातार संयुक्त अभ्यास कर रही है। बल के जवान सेना के विभिन्न प्रतिष्ठित संस्थानों और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल के साथ विशेष बैटल अभ्यास कर रहे हैं। इसके साथ ही, कठिन परिचालन क्षेत्रों में तैनात जवानों के मानसिक स्वास्थ्य और तनाव प्रबंधन के लिए 'आर्ट ऑफ लिविंग' जैसे संवर्द्धन कार्यक्रमों का भी सहारा लिया जा रहा है। विमानन सुरक्षा का आधुनिक डिजिटल स्वरूप उड्डयन क्षेत्र में सुरक्षा मानकों को वैश्विक स्तर पर ▶▶ शेष पेज 5 पर

पहले 29 मई को लांच होना था पोर्टल, लेकिन अब सीबीएसई ने इस मामले में तारीख को बढ़ाया आगे

## 12वीं के छात्र 1 जून से करा पाएंगे उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन, लांच होगा पोर्टल

- त्रिभाषा सिस्टम पर बोले प्रधान, मामले पर सुप्रीम कोर्ट का जो निर्णय होगा, वह हमें पूरी तरह से मान्य होगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



12 वीं कक्षा से जुड़ी हुई ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली को लेकर छात्रों और अभिभावकों द्वारा लगातार प्रकट की जा रही चिंताओं के बीच शुक्रवार को केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने कहा है कि 12 वीं कक्षा के छात्र अपनी उत्तर पुस्तिकाओं का सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन के अलावा परीक्षा परिणाम के बाद की गतिविधियों के लिए 1 जून से पोर्टल का इस्तेमाल कर सकेंगे। अब इसी तारीख पर यह पोर्टल लांच होगा। जिसे पहले 29 मई को लांच किया जाना था। बोर्ड ने एक्स पर एक पोस्ट के जरिए यह जानकारी देते हुए बताया कि जो छात्र परीक्षा के ▶▶ शेष पेज 5 पर

सीएम ने 100 करोड़ से अधिक की स्वास्थ्य परियोजनाओं का किया शुभारंभ

## हरियाणा में स्वास्थ्य ढांचे को मजबूती, जिला अस्पतालों तक पहुंचेंगी हाई-एंड सुविधाएं: मुख्यमंत्री

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्वस्थ हरियाणा-समृद्ध हरियाणा के संकल्प को और मजबूत करते हुए और प्रदेशवासियों के बेहतर स्वास्थ्य और सम्मानजनक जीवन की दिशा में एक बडा कदम उठाते हुए पंचकूला में आयोजित राज्यस्तरीय कार्यक्रम में स्वास्थ्य क्षेत्र की 100 करोड रूपये से अधिक की 9 महत्वपूर्ण परियोजनाओं का उदघाटन एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री कुमारी आरती सिंह राव और महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रुति चैधरी भी उपस्थित रही। मुख्यमंत्री सैनी ने स्वास्थ्य अवसंरचना को आधुनिक और सशक्त बनाने की दिशा में बडा कदम उठाते हुए 22.29 करोड रूपये की लागत से 30 स्वास्थ्य संस्थानों का ▶▶ शेष पेज 5 पर

ट्विशा डेथ केस: मां-बेटे से आमने-सामने होगी कड़ी पूछताछ

## पूर्व जज गिरिबाला सिंह व समर्थ 5 दिन की सीबीआई रिमांड पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल






एजेंसी गिरिबाला को कस्टडी में ले जाती हुई

राजधानी भोपाल के हाईप्रोफाइल ट्विशा शर्मा मौत मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को बड़ी कामयाबी मिली है। दहेज हत्या और प्रताड़ना के आरोपी सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश गिरिबाला सिंह और उनके अधिवक्ता बेटे (ट्विशा के पति) समर्थ सिंह को कोर्ट ने 2 ▶▶ शेष पेज 5 पर

***मौत से पहले के हर मिनट का हिसाब जुटा रही सीबीआई***

*सिर की चोट और सबूतों से छेड़छाड़ की जांच*

सीबीआई मुख्य रूप से 7 मई को ट्विशा के कथित गर्भपात से लेकर 12 मई की रात उनकी मौत तक की मिनट-टू-मिनट टाइमलाइन तैयार कर रही है। ट्विशा के सिर पर क्लॉटिंग और शरीर पर मिले चोट के निशान अभी भी पहेली बने हुए हैं। ▶▶ शेष पेज 5 पर

वाइस एडमिरल अजय कोचर ने उप-नौसेनाप्रमुख के रूप में ग्रहण किया कार्यभार

## सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सुब्रमणि आज सीडीएस के रूप में संभालेंगे अपनी जिम्मेदारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



एन.एस. सुब्रमणि

राष्ट्रीय राजधानी में आने वाले कुछ दिन सशस्त्र सेनाओं के तीनों अंगों जैसे सेना, वायुसेना और नौसेना में शीर्ष पदों पर की गई नियुक्तियों के साथ नए अधिकारियों के पदभार ग्रहण और पुराने अधिकारियों के सेवाकाल पूरा कर सेवानिवृत्त होने की गहमागहमी से भरे रहेंगे। इसी क्रम में सबसे पहला नाम देश के प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) जनरल अनिल चौहान का आता है। जो 30 मई को सेवानिवृत्त हो रहे हैं। उनके स्थान पर सेना के ही एक वरिष्ठ सेवानिवृत्त अधिकारी लेफ्टिनेंट जनरल एनएस. राजा सुब्रमणि ▶▶ शेष पेज 5 पर

### वाइस एडमिरल कोचर बने उप-नौसेनाप्रमुख

*इन सबके बीच वाइस एडमिरल अजय कोचर ने शुक्रवार को 48 वें उप-नौसेनाप्रमुख के रूप में अपना कार्यभार ग्रहण किया है। वह पुणे स्थित राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र रहे हैं। नौसेना में वह 1 जुलाई 1988 को कमीशन हुए थे। उन्हें समुद्री बल में तोप और मिसाइल प्रणालियों के विशेषज्ञ के रूप में जाना जाता है। नौसेना में अपने लगभग तीन दशक से अधिक लंबे शानदार करियर में उन्होंने कमान, परिचालन और स्टाफ जैसी जिम्मेदारियों को निभाया है। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि अपना कार्यभार ग्रहण करने के मौके पर वाइस एडमिरल कोचर ने राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर जाकर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की। भारतीय नौसेना में दूसरे सर्वोच्च पद पर आसानी होने से पहले वह अंडमान-निकोबार कमांड के प्रमुख यानी कमांडर-इन-चीफ की जिम्मेदारी संभाल रहे थे।*

कर्नाटक में सीएम का चेहरा बदलेगा तो क्या मंत्री पद बचेगा?

कर्नाटक के सीएम सिद्धरमैया का इस्तीफा अभी राज्यपाल गहलोत ने स्वीकार नहीं किया

## जवाब जानने दिल्ली में लॉबिंग हुई तेज, सिद्धरमैया और डीके मिले आलाकमान से

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया का इस्तीफा अभी राज्यपाल थावर चंद गहलोत ने स्वीकार नहीं किया। गहलोत इंदौर में हैं। तो दूसरे गहलोत से सिद्धरमैया की मुलाकात को सियासी हलकों में अलग नजरिए से देखा जा रहा है। सिद्धरमैया और अशोक गहलोत के बीच लंबी चर्चा उस समय हुई जब खराब मौसम की वजह से कल शाम विमान दिल्ली की बजाए जयपुर उतारना पड़ा। सिद्धरमैया कांग्रेस नेतृत्व से मिलने बेंगलुरु से दिल्ली के लिए उड़ान भरी थी। अशोक गहलोत और सचिन पायलट के बीच राजस्थान में ऐसी ही खींचतान मची थी। गहलोत कुर्सी बचा ले गए थे। सिद्धरमैया की कुर्सी डीके शिवकुमार छीनने में कामयाब रहे। दोनों नेताओं ने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं से मुलाकात कर शनिवार को प्रस्तावित विधायक दल की बैठक और मंत्रिमंडल विस्तार पर गहन मंथन किया। विधायक दल की बैठक में डीके शिवकुमार को नेता के रूप में चुना जाएगा। इसके बाद वे सरकार गठन के लिए राज्यपाल की मंजूरी लेंगे। सिद्धरमैया अपने दूसरे कार्यकाल में मुख्यमंत्री थे, जबकि डीके शिवकुमार कांग्रेस के कर्नाटक प्रदेश अध्यक्ष के रूप में संगठन और सरकार दोनों में प्रभावशाली भूमिका निभा रहे थे। अब नेतृत्व परिवर्तन के बाद कांग्रेस के सामने सबसे बड़ी चुनौती शिवकुमार मंत्रिमंडल के गठन और क्षेत्रीय-सामाजिक संतुलन साधने की है। ▶▶ शेष पेज 5 पर

### आज विधायक दल की बैठक

*इन राजनीतिक घटनाक्रमों के बीच कांग्रेस ने शनिवार को पार्टी नेताओं की महत्वपूर्ण बैठक बुलाई है। खास बात यह है कि इस बैठक की अध्यक्षता स्वयं सिद्धारमैया करेंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बैठक सत्ता परिवर्तन के बाद पार्टी में एकजुटता का संदेश देने और नए नेतृत्व के तहत संगठनात्मक रणनीति तय करने के लिहाज से बेहद महत्वपूर्ण होगी। कर्नाटक में कांग्रेस नेतृत्व परिवर्तन को 2028 विधानसभा चुनाव और दक्षिण भारत में पार्टी की दीर्घकालिक रणनीति से भी जोड़कर देखा जा रहा है। अब निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि डीके शिवकुमार अपनी नई टीम के साथ सरकार और संगठन में किस तरह संतुलन बनाते हैं।*

## चाकू मारकर हत्या केस में तीन नाबालिग दबोचे



**नई दिल्ली।** जहांगीर पुरी पुलिस ने हत्या का मामला सुलझाते हुये तीन नाबालिगों को पकड़ा है। इनसे वारदात में इस्तेमाल चाकू भी बरामद हो गया है। पुलिस के अनुसार मामला जहांगीर पुरी के रहने वाले अरबाज (26) पर चाकू से किए गए हमले से जुड़ा है। सी-ब्लॉक इलाके में हुई एक कहासुनी के दौरान अरबाज को चाकू से जानलेवा चोट लगी थी और बाद में बीजेआरएम अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई थी। एक चश्मदीद के बयान स्थानीय खुफिया जानकारी और तकनीकी इनपुट के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस की एक विशेष टीम ने इस घटना में शामिल तीनों नाबालिग आरोपियों का पता लगाया और उन्हें पकड़ लिया।

### क्राइम ब्रांच ने चार आरोपी दबोचे, 15 चोरी के महंगे मोबाइल फोन बरामद

# आईपीएल मैचों के दौरान दर्शकों के मोबाइल चुराने वाले गिरोह का किया पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने आईपीएल मैचों के दौरान दर्शकों के मोबाइल को निशाना बनाने वाले एक संगठित अंतर-राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश किया है। सिंघु बॉर्डर इलाके से चार आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इनसे 15 चोरी के महंगे मोबाइल फोन बरामद किये गये, जिनमें नौ आईफोन शामिल हैं। ये मोबाइल धर्मशाला और मोहाली में हाल ही में हुए आईपीएल मैचों के दौरान हुई चोरी की घटनाओं से



जुड़े पाये गये। आरोपियों का पहले भी चोरी और अन्य आपराधिक मामलों में शामिल होना पाया गया।

डीसीपी संजीव कुमार यादव के अनुसार पूर्वी रेंज 1 टीम प्रमुख खेल आयोजनों के दौरान मोबाइल और कीमती सामान चोरी करने वाले संगठित गिरोहों के बारे में लगातार खुफिया जानकारी जुटा रही थी। 27/28 मई की दरमियानी रात जानकारी मिली कि हाल ही में चंडीगढ़ और धर्मशाला में आईपीएल मैचों के दौरान चोरियां करने वाला गिरोह मोबाइल फोन लेकर दिल्ली लौट रहा हैं। इस जानकारी पर तुरंत कार्रवाई करते हुए, एमसीडी टोल, सिंघु बॉर्डर के पास एक जाल बिछाया गया। एक कमर्शियल किया गाड़ी को रोका गया और चार लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से 15 महंगे मोबाइल फोन बरामद किए गए। आरोपियों के नाम अरबाज, नवीन कुमार उर्फ निक्कू, हेमराज उर्फ पूची और अब्दुल मुगनी उर्फ शैज पता चलें। आपराधिक इतिहास की जांच से पता चला है कि आरोपी अरबाज और हेमराज पहले भी कई आपराधिक मामलों में शामिल रहे हैं।

# फायरिंग की घटना में महिला समेत तीन दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर पूर्वी जिले की करावल नगर पुलिस ने फायरिंग की घटना को सुलझाते हुये एक महिला सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनसे अपराध में इस्तेमाल हथियार और मोटरसाइकिल भी बरामद हो गया है।

पुलिस के अनुसार 24 मई को जीटीबी अस्पताल से करावल नगर थाने को एक घायल व्यक्ति के भर्ती होने की सूचना मिली। उस शख्स को गोली लगी थी। अस्पताल पहुंचने पर घायल मयंक (23) पुत्र देवेंद्र, निवासी लोनी ने बताया कि वह अपने दोस्तों यश उर्फ आशु, अर्पित और एक लड़की के साथ 'मैजिक चिली रेस्टोरेंट एंड कैफे' शिव विहार में एक गेट-टुगेदर के लिए गया था।

रेस्टोरेंट में शिकायतकर्ता और यश के बीच बहस हो गई। टकराव से बचने के लिए मयंक ने मौके से जाने की कोशिश की, लेकिन यश उसके पीछे बाहर तक गया और उस पर गोली चला दी। घायल को उसके दोस्त द्वारा अस्पताल ले जाया गया। पकड़े गये आरोपियों के नाम यश (21) और अर्पित (20) है। तीसरी आरोपी 19 वर्षीय लड़की हैं। लगातार पूछताछ करने पर आरोपी यश ने घायल पर गोली चलाने की बात स्वीकार की और बताया कि मयंक पर गोली चलाने के बाद वे सभी एक मोटरसाइकिल पर सवार होकर मौके से फरार हो गए थे। अपराध को अंजाम देने में इस्तेमाल की गई एक पिस्तौल और मोटरसाइकिल उसके कब्जे से बरामद कर ली गई है। मामले में आगे की जांच जारी है।

# ट्रैफिक पुलिस ने की डिजिटल चालान भुगतान सुविधा शुरू

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

ट्रैफिक पुलिस ने अपनी चालान और यातायात प्रबंधन प्रणालियों में एक बड़ा तकनीकी अपग्रेड शुरू किया है। इसका उद्देश्य यातायात प्रवर्तन को अधिक पारदर्शी, नागरिक-अनुकूल, कुशल और डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। इस पहल के हिस्से के रूप में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले अब फील्ड में तैनात चालान अधिकारियों के पास उपलब्ध हैंडहेल्ड उपकरणों का उपयोग करके यूपीआई, डेबिट कार्ड और क्रेडिट कार्ड सहित कई डिजिटल भुगतान माध्यमों से मौके पर ही आसानी से चालान का भुगतान कर सकते हैं। वर्तमान उल्लंघनों के अलावा, सड़कों पर तैनात यातायात कर्मियों की सहायता से पुराने चालान का भुगतान भी डिजिटल रूप से किया जा सकता है, जिससे यात्रियों को होने वाली असुविधा में काफी कमी आती है और परेशानी मुक्त कैशलेस लेनदेन को बढ़ावा



मिलता है।

यातायात पुलिस के अनुसार डिजिटल प्रवर्तन बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के लिए, दिल्ली भर में फील्ड अधिकारियों के बीच लगभग 1,500 नई ई-चालान मशीनें वितरित की जा रही हैं। ये अपग्रेड किए गए हैंडहेल्ड उपकरण उन्नत सुविधाओं से लैस हैं, जो तेजी से चालान बनाने, तत्काल भुगतान प्रक्रिया, वाहन और उल्लंघनकर्ता की फोटो खींचने, वाहन टो किए जाने के बारे में वाहन मालिक के पंजीकृत मोबाइल नंबर पर संदेश भेजने और बेहतर डेटा व रिकॉर्ड प्रबंधन में मदद करते हैं। सार्वजनिक सुविधा को और बढ़ाते हुए दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की ई-चालान प्रणाली को अब भारत बिल भुगतान प्रणाली (बीबीपीएस) के साथ एकीकृत कर दिया गया है। यह एकीकरण नागरिकों को किसी भी यूपीआई सक्षम मोबाइल एप्लिकेशन के माध्यम से वर्तमान और पुराने, दोनों तरह के शमन योग्य (कंपाउंडेबल) चालान का निर्बाध रूप से भुगतान करने में सक्षम बनाता है जिससे एक सुरक्षित, सुलभ और कुशल भुगतान तंत्र सुनिश्चित होता है। फील्ड स्टाफ को अपग्रेड किए गए उपकरणों और नई शुरू की गई डिजिटल भुगतान कार्यक्षमताओं से परिचित कराने के लिए, सर्कल ट्रैफिक इंस्पेक्टरों सहित सभी फील्ड अधिकारियों के लिए एक ऑनलाइन प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया था। इस सत्र में अपग्रेड की गई ई-चालान प्रणाली के संचालन, डिजिटल भुगतान प्रक्रियाओं और शिकायतों के निवारण संबंधी प्रोटोकॉल पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया, ताकि सुचारू कार्यान्वयन और नागरिक सहायता सुनिश्चित की जा सके।

## सड़क पार कर रहे व्यक्ति की तेज रफ्तार कार से कुचलकर मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी दिल्ली के राजौरी गार्डन थाना क्षेत्र में शुक्रवार तड़के तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला। तेज रफ्तार कार ने सड़क पार कर रहे एक व्यक्ति को कुचल दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच कर रही है।

पुलिस के अनुसार हादसा रिंग रोड पर राजौरी गार्डन से मायापुरी जाने वाले मार्ग पर स्थित मार्बल मार्केट के पास शुक्रवार तड़के करीब 3:40 बजे हुआ। मौके पर पहुंची पुलिस ने देखा कि करीब 40 वर्षीय एक व्यक्ति सड़क के बीचों-बीच गंभीर हालत में पड़ा हुआ था। उसे तत्काल एंबुलेंस के जरिए हरि नगर स्थित दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पास से कोई पहचान पत्र नहीं मिला है। शव को डीडीयू अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवाया गया है। पुलिस के अनुसार पीसीआर कॉलर गुलशन ने सड़क पर शव पड़े होने की सूचना दी। उसने यह भी बताया कि हादसे में शामिल कार करीब 250 मीटर आगे सड़क किनारे खड़ी है। इसके बाद पुलिस टीम ने मौके से गोल्डन ब्राउन रंग की होंडा सिटी कार को कब्जे में लिया है। पुलिस जांच में सामने आया है कि हादसे के समय कार को 19 वर्षीय दक्ष मौर्य चला रहा था, जो शालीमार बाग का रहने वाला है। उसे पकड़ने के प्रयास किए जा रहे हैं।

# मुखर्जी नगर में अवैध रूप से रह रहे पांच बांग्लादेशी पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

मुखर्जी नगर में अवैध रूप से रहने के आरोप में पांच बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। सभी के वीजा की वैधता अवधि समाप्त हो चुकी थी। पकड़े गये बांग्लादेशी नागरिकों को एफआरआरओ के हवाले किया गया है ताकि उनके वापस भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा सकें।

पुलिस के अनुसार मुखर्जी नगर थाने में दो समूहों के बीच हुई एक छोटी सी कहासुनी के बारे में जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची जहां दो वयस्क व्यक्तियों को लगातार बांग्ला भाषा में बात करते हुए पाया गया। पुलिस को उन पर शक हुआ और उन्हें थाने लाकर पूछताछ की गई। दोनों संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान और उनके रहने की स्थिति की पुष्टि की गई। क्षेत्र में उनके रहने की वैधता का पता लगाया गया। आखिर में दोनों संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार कर लिया गया। लगातार पूछताछ के दौरान यह भी पता चला कि दोनों व्यक्ति मुखर्जी नगर स्थित इंदिरा विकास कॉलोनी में एक किराए के मकान में अपने तीन अन्य साथियों के साथ रह रहे थे। सभी बांग्लादेश के रहने वाले थे। आगे की जांच में पता चला कि ये सभी पांचों व्यक्ति अलग-अलग तारीखों पर हवाई मार्ग से बांग्लादेश से दिल्ली आए थे। कथित तौर पर वे रोजगार के अवसरों के सिलसिले में ग्रीस जाने की योजना बना रहे थे। हालांकि, दिसंबर 2025 से वे ग्रीस से इंटरव्यू कॉल के प्रस्ताव का इंतजार कर रहे थे और अपने वीजा की वैधता अवधि समाप्त होने के बावजूद दिल्ली में ही रह रहे थे। बांग्लादेशी नागरिकों के नाम रहमत उल्लाह, मोहम्मद अशरफुल, सलमान भुइयां,



मो. राशेल और मो. रहीम मिया बताये गये हैं। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि सभी बांग्लादेशी नागरिक शुरू में दिल्ली के विभिन्न होटलों में रुके थे। उनके वीजा की वैधता अवधि समाप्त होने के बाद वे एक सहयोगी गणपति बिस्वास (मालदा टाउन, पश्चिम बंगाल निवासी) की सहायता से इंदिरा विकास कॉलोनी, मुखर्जी नगर में रहने गये थे। आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए उक्त सहयोगी गणपति बिस्वास का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने के प्रयास किए जा रहे हैं। कानून के प्रावधानों के अनुसार आवश्यक कानूनी कार्रवाई शुरू की गई। गिरफ्तार किए गए बांग्लादेशी नागरिकों को एफआरआरओ के समक्ष पेश किया गया और स्थापित प्रक्रियाओं के अनुसार उन्हें देश से निकालने की कार्यवाही शुरू की गई।

## एलजी जोनल उपायुक्तों को पीठासीन अधिकारी बनाकर वार्ड समितियों के चुनाव सम्पन्न कराएंः यादव

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली



दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने उपराज्यपाल (एलजी) तरनजीत सिंह संधू से मांग की है कि संवैधानिक परम्पराओं और लोकतांत्रिक मान्यताओं को बनाए रखने के लिए उन्हें हस्तक्षेप करते हुए अपना फर्ज पूरा करना चाहिए। उन्होंने कहा कि एलजी को चाहिए कि निगमायुक्तों के जोनल उपायुक्तों को पीठासीन अधिकारी बनाकर वार्ड समितियों के चुनाव सम्पन्न करवाएं और लोकतांत्रिक व्यवस्था को बरकरार रखें। यादव ने कहा कि भाजपा में इन दिनों अंतर्कलह चल रही है जिसका असर सीधे तौर पर दिल्ली नगर निगम के कार्य पर दिख रहा है। इसका ताजा उदाहरण दिल्ली भाजपा अध्यक्ष सचदेवा को बदलने के कारण निगम में वार्ड समितियों और स्थायी समिति के चुनाव की तिथि 23 मई से बढ़ाकर 3 जून कर दी गई। उन्होंने आरोप लगाया कि अब चुनाव अनिश्चितकाल के ठप्प करके दिल्ली की विकास परियोजनाओं, सफाई, स्वच्छता, निर्माण और लैंडफिल साईट जैसे महत्वूपर्ण निर्णय लगभग 2 महीने के लिए टल गए है। यादव ने कहा कि क्या दिल्ली भाजपा में नेतृत्व बदलाव के कारण दिल्ली नगर निगम के कार्यों को रोकना सही निर्णय है। वार्ड समितियों और स्थायी समिति का चुनाव टालना एमसीडी एक्ट धारा 53(2) का सीधा उल्लंघन है। बिना चेयरमैन की सहमति के नगर निगम सचिव कार्यालय का चुनाव टालने के आदेश का मतलब निगम भाजपा का शीर्ष नेतृत्व चला रहा है। यादव ने कहा कि दिल्ली भाजपा अध्यक्ष की नियुक्ति के कारण वार्ड समितियों और स्थायी समिति के गठन नही होना, सीधे तौर पर भाजपा में पक्षपात और गुटबाजी को उजागर करता है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक परम्पराओं और लोकतांत्रिक मान्यताओं को बनाए रखने के लिए एलजी को वर्ष 2024 की भांति तुरंत अपना हस्तक्षेप करके निगमायुक्तों के जोनल उपायुक्तों को पीठासीन अधिकारी बनाकर वार्ड कमेटियों के चुनाव संपन्न कराने चाहिए। अप्रैल मे मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव होने के बाद वार्ड कमेटियों और फिर स्थायी समिति व अन्य तदर्थ कमेटियों का चुनाव की प्रक्रिया को भाजपा नेतृत्व के आदेश पर एकदम से रोकना अंदूरूनी गुटबाजी है जिसका खामियाजा अंत में जनता को भुगतना है। उन्होंने कहा कि जब वार्ड कमेटियों के चुनाव टलने से निगम की सर्वोच्च स्थायी समिति का गठन लंबित होगा, तब निगम के नीतिगत विषय, सफाई व्यवस्था, विकास परियोजनाओं और जनता से जुड़ी योजनाओं को मंजूरी मिलने में देरी होगी। बेशक निगम आयुक्त के पास वित्तिय शक्तियां नीहित है लेकिन अधिकांश मामलों में बिना स्थायी समिति के चेयरमैन की मंजूरी के लिए किसी भी विकास के काम को आगे नही बढ़ाया जा सकता।

# भारत-श्रीलंका का रिश्ता, सिर्फ भौगोलिक नहीं बल्कि यह सदियों का साझा इतिहासः एलजी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू ने कहा है कि भारत (इंडो) - श्रीलंका का रिश्ता, सिर्फ़ भूगोल पर आधारित नहीं है, बल्कि यह सदियों के साझा इतिहास, संस्कृति, व्यापार और लोगों के आपसी संबंधों में गहराई से जुड़ा हुआ है। भारत के लिए, श्रीलंका सिर्फ़ हिंद महासागर में एक समुद्री पड़ोसी नहीं बल्कि यह विकास और समृद्धि की हमारी साझा क्षेत्रीय यात्रा में एक भरोसेमंद साझेदार है। उन्होंने कहा कि भारत-श्रीलंका संबंध, पारंपरिक व्यापारिक कड़ियों से आगे बढ़कर धीरे-धीरे एक व्यापक आर्थिक साझेदारी में बदल गया है, जिसमें सांस्कृतिक जुड़ाव, कनेक्टिविटी, ऊर्जा, बुनियादी ढांचा, प्रौद्योगिकी, पर्यटन, शिक्षा और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्र शामिल हैं। एलजी संधू आईआईसी में आयोजित भारत-श्रीलंका आर्थिक सम्मेलन में बोल रहे थे। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि मैंने इतिहास, संस्कृति और व्यापार में निहित उस गहरे बंधन पर ज़ोर दिया, जो आज एक मजबूत रणनीतिक साझेदारी का रूप ले चुका है। हिंद महासागर क्षेत्र में श्रीलंका हमारा एक अनिवार्य और अहम साझेदार बना हुआ है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पड़ोसी पहले के विज़न से प्रेरित होकर, भारत और श्रीलंका मिलकर नवीकरणीय ऊर्जा, डिजिटल अर्थव्यवस्था और बुनियादी ढांचे के विकास के क्षेत्र में अपार संभावनाओं को साकार कर रहे हैं।




आज दिल्ली जैसा शहर इन परिवर्तनकारी पहलों में नवाचार और नीतिगत नेतृत्व की भूमिका निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दोनों के बीच गहरे व्यापारिक संबंधों, बेहतर कनेक्टिविटी और आपसी विश्वास के प्रति हमारी साझा प्रतिबद्धता एक ऐसे मजबूत आर्थिक गलियारे के निर्माण में सहायक होगी, जो समावेशी विकास को बढ़ावा देगा और दोनों देशों की जनता के लिए समृद्धि सुनिश्चित करेगा। इस अवसर पर संधू के अलावा श्रीलंका की उच्चायुक्त महिषिनी कोलोन, इजीआरओडब्ल्यु के अध्यक्ष और संस्थापक निदेशक डॉ. अरविंद विरमानी, फाउंडेशन के सीईओ चरण सिंह, एमईए की संयुक्त सचिव अपर्णा रे सहित कई विशिष्ट राजदूत, वक्ता, भारत और श्रीलंका के प्रतिनिधि आदि मौजूद थे। एलजी ने कहा कि जैसा कि पीएम मोदी ने क्षेत्रीय विकास पर ज़ोर दिया है, एक सुरक्षित और स्थिर क्षेत्र बनाने में श्रीलंका एक अनिवार्य साझेदार है। पिछले कुछ वर्षों में, हमारे देशों के बीच आर्थिक सहयोग काफ़ी गहरा हुआ है। भारत, श्रीलंका के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक बना हुआ है और उसके प्रमुख निवेशकों में से एक है। भारत-श्रीलंका मुक्त व्यापार समझौता जो भारत के शुरुआती द्विपक्षीय में से एक था, ने यह दिखाया कि कैसे क्षेत्रीय एकीकरण आपसी अवसर पैदा कर सकता है। यह बाजारों का विस्तार कर सकता है और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत बना सकता है। आज, हमारी साझेदारी एक नए दौर में प्रवेश कर रही है, एक ऐसा दौर जो भविष्य-उन्मुखी है और जो स्थिरता तथा नवाचार द्वारा संचालित है। उन्होंने कहा कि श्रीलंका के आर्थिक विकास के प्रति भारत का दृष्टिकोण हमेशा साझेदारी और आपसी सम्मान के सिद्धांतों द्वारा निर्देशित रहा है। चाहे वह बुनियादी ढांचे, ऊर्जा, डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे, आवास, रेलवे आधुनिकीकरण या नवीकरणीय ऊर्जा का क्षेत्र हो—भारत एक भरोसेमंद दोस्त और पहले मददगार के तौर पर श्रीलंका के साथ खड़ा रहा है। साथ ही, भारत यह भी मानता है कि हिंद महासागर क्षेत्र में श्रीलंका की स्थिति रणनीतिक और आर्थिक रूप से बहुत महत्वपूर्ण है। बेहतर कनेक्टिविटी और बंदरगाह-आधारित विकास हमारे साझा पड़ोस को एक जीवंत आर्थिक गलियारे में बदल सकता है, जो दक्षिण एशिया को दक्षिण-पूर्व एशिया और उससे भी आगे के क्षेत्रों से जोड़ेगा।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **विजय उर्फ हाऊ उर्फ अरुण, पुत्रः ईश्वर सिंह, निवासीः आरजीए 101–102, डीडीए फ्लैट, रघुबीर नगर, दिल्ली और मकान नंबर–9701, गली नंबर–10, मुल्तानी ढांडा, पहाड़गंज, दिल्ली** ने **FIR No.: 85/2018, Dated: 01/05/2018, U/s: 394/397411/34 IPC & 25/27/54/59 Arms Act, पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **विजय उर्फ हाऊ उर्फ अरुण** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **विजय उर्फ हाऊ उर्फ अरुण** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना ख्याला, दिल्ली** के अभियुक्त **विजय उर्फ हाऊ उर्फ अरुण** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 13.07.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री पूजा तलवार
एएसजे (एफटीसी)–01, पश्चिम जिला, कमरा नंबर 313,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

DP/6925/WD/2026

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शंभू, पुत्रः बलाई दास, निवासीः मकान नंबर–ए–1160, जेजे कॉलोनी, बवाना, दिल्ली** ने **FIR No.: 191/2018, U/s: 33 D.Ex. Act, पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **शंभू** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **शंभू** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **पुलिस थाना बवाना, दिल्ली** के अभियुक्त **शंभू** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **दिनांक 06.08.2026** या इससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
सुश्री भारती बेनीवाल
जेएमएफसी–01, उत्तरी जिला, कमरा नंबर 114,
रोहिणी कोर्ट, दिल्ली

DP/6989/ON/2026

# शराब खरीदने से मना करने पर नाबालिग ने बाइक को लगायी आग

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

उत्तर पश्चिम जिले की स्पेशल स्टाफ टीम ने एक नाबालिग को आगजन के केस में पकड़ा है। नाबालिग ने एक शख्स की बाइक को सिर्फ इसलिये आग लगा दी थी क्योंकि उसने शराब खरीदने के लिए मोटरसाइकिल देने से मना कर दिया था। इस घटना में नाबालिग के दो साथी भी शामिल थे।

पुलिस के अनुसार आरोपी नाबालिग और उसके साथियों ने शराब खरीदने के लिए शिकायतकर्ता सूबेदार से उसकी मोटरसाइकिल मांगी थी। शिकायतकर्ता द्वारा वाहन देने से इनकार करने पर तीनों ने उससे बदला लेने के लिए उसकी मोटरसाइकिल में आग लगाई थी। आरोपी गिरफ्तारी से बचने के लिए लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। हालांकि, जिले में सक्रिय अपराधियों और असामाजिक तत्वों पर रखी जा रही थी। निगरानी के दौरान उसका पता चला और पुलिस ने उसे पकड़ लिया। आरोपी से पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि वह कथित तौर पर सोशल मीडिया मंचों का इस्तेमाल हथियारों का प्रदर्शन करने, आपराधिक जीवनशैली को बढ़ावा देने तथा पोस्ट एवं वीडियो के माध्यम से इलाके में दबदबा कायम करने के लिए कर रहा था। जांच में यह भी सामने आया कि यह नाबालिग पहले झपटमारी, मारपीट, चोरी, आगजनी और हत्या के प्रयास सहित पांच आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। पुलिस ने बताया कि मामले में उसके साथियों की संलिप्तता और अन्य आपराधिक गतिविधियों से उसके संबंध की जांच के लिए आगे की कार्रवाई जारी है।

**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | विभाग का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि / बंद होने की तिथि | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | विभाग की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प हिसार | हिसार में ज्यूडीशियल कोर्ट कॉम्पलैक्स में स्थापित एयर कंडीशनर्स को बदलना + 1 कार्य। | 27.05.2026 02.06.2026 | 93.73 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 2 | लोनिवि भ व प हिसार | राजकीय बहुतकनीकी, हिसार में विशेष मरम्मत कार्य और अन्य कार्य (राजकीय बहुतकनीकी, हिसार में स्थापित इलैक्ट्रिक सब स्टेशन का अपग्रेडेशन/बदलना)। | 27.05.2026 09.06.2026 | 257.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज सोनीपत | 1. गांव रिंढाना ब्लॉक कथूरा में घड़वाल लोनिवि रोड से रणबीर पुत्र सुनेहरा फार्म तक बी.ओ.ई. रास्ता का निर्माण, 2. गांव रिंढाना ब्लॉक कथूरा में बारू राम स्टेडियम से जयदीप पुत्र जिले सिंह फार्म तक बी.ओ.ई. रास्ता का निर्माण, 3. गांव रिंढाना ब्लॉक कथूरा में बागा पुत्र लख्मी से कृष्ण पुत्र दाशा फार्म तक बी.ओ.ई. रास्ता का निर्माण, 4. गांव कथूरा ब्लॉक कथूरा में अंकित पुत्र यशपाल से काला पुत्र चित्तर सिंह फार्म तक बी.ओ.ई. रास्ता का निर्माण + 3 कार्य। | 27.05.2026 02.06.2026 | 171.10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 4 | पंचायती राज नारनौल | सराय बहादुर नगर ब्लॉक अटेली नांगल में हॉल का निर्माण + 17 कार्य। | 27.05.2026 03.06.2026 | 568.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9017179090 prexeeng.nrl@gmail.com |
| 5 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव भंडवा में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 22.05.2026 01.06.2026 | 46.63 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9582622008 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 6 | एसएचकेएम राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय नल्हार | शहीद हसन खान मेवाती राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, नल्हार में दो लिफ्टों (मेक कोन) के सीएमसी हेतु निविदा। | 29.05.2026 14.06.2026 | ईएमडी 5,989/-/ | https://etenders.hry.nic.in | 1267282007 tendergmcmewat@gmail.com |
| 7 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा पानीपत | खरीफ सीजन 2026 से पूर्व आरडी 0 से 51225 तक गोहाना डिस्ट्रीब्यूटरी की आंतरिक सफाई और गाद सफाई हेतु आकलन + 10 कार्य। | बंद होने की तिथि 05.06.2026 | 26.00 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466159501 xenpwsdiv@yahoo.in |
| 8 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा हांसी | सिंचाई चैनल बिर माइनर आरडी 0 से 34660 के जाल्ला, जंगल की आंतरिक सफाई और गाद सफाई + 41 कार्य। | बंद होने की तिथि 03.06.2026 | 68.41 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813555559 xen-wshansi.irr@nic.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2027/160/45736/I/88/7 दि. 29.05.26

## सब-रजिस्ट्रार दफ्तर में अव्यवस्था देख सीएम हुईं नाराज, दिए कड़े निर्देश

# दफ्तरों में बुनियादी सुविधाएं देना सरकार की जिम्मेदारी अव्यवस्था किसी भी हालत में स्वीकार नहीं: रेखा गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को रोहिणी सेक्टर-16 स्थित अंबेडकर भवन में चल रहे राजस्व विभाग के ई-सब-रजिस्ट्रार कार्यालय 6-ए (मॉडल टाउन/पीतमपुरा) और 5-सी (रोहिणी) का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय भवन की स्थिति, नागरिक सुविधाओं, साफ-सफाई, रिकॉर्ड प्रबंधन और लोगों को दी जा रही सेवाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने भवन की जर्जर हालत, खराब लाइट व्यवस्था, बंद एयर कंडीशनर, टूटे फर्श, गंदे शौचालय, बैठने की कमी और रखरखाव में लापरवाही पर नाराजगी जताई। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जहां रोज बड़ी संख्या में लोग अपने जरूरी दस्तावेजों और संपत्ति से जुड़े काम कराने आते हैं, वहां ऐसी अव्यवस्था किसी भी हालत में स्वीकार नहीं की जा सकती। मुख्यमंत्री ने कार्यालय में उपस्थित नागरिकों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं भी सुनीं। कई नागरिकों ने लंबे समय तक खड़े रहकर इंतजार करने, बैठने की पर्याप्त व्यवस्था न होने, टोकन सिस्टम की कमी, खराब एयर कंडीशनिंग और अन्य बुनियादी सुविधाओं के अभाव की शिकायत की। मुख्यमंत्री ने मौके पर ही सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए और सरकारी कार्यालयों में सम्मानजनक एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की जिम्मेदारी है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि वर्षों से कार्यालय भवन की स्थिति उपेक्षित बनी हुई है। उन्होंने आश्चर्य व्यक्त करते हुए कहा कि अगर लाइटें खराब हैं, शौचालय उपयोग योग्य नहीं हैं, फर्श टूटा हुआ है और नागरिकों के बैठने तक की व्यवस्था नहीं है तो यह प्रशासनिक जवाबदेही पर गंभीर प्रश्न खड़ा करता है। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में की गई पत्राचार और मरम्मत प्रस्तावों का पूरा रिकॉर्ड प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने भवन में कबाड़, अनुपयोगी सामान और अव्यवस्थित रिकॉर्ड व्यवस्था पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिया कि भवन की नियमित देखरेख और रखरखाव के लिए स्पष्ट जिम्मेदारी तय की जाए और प्रत्येक कार्यालय में उत्तरदायी अधिकारी या केयरटेकर नामित किया जाए, जो बुनियादी सुविधाओं, साफ-सफाई और रखरखाव की नियमित निगरानी सुनिश्चित करे।



### एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में आवश्यक फेसलिफ्टिंग का कार्य पूरा हो

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर भवन में आवश्यक फेसलिफ्टिंग का कार्य पूरा किया जाए। इसमें सभी खराब लाइटों को बदलना, एयर कंडीशनरों की मरम्मत, टूटे हुए फर्श और टाइलों को दुरुस्त करना, साफ-सफाई सुनिश्चित करना, नागरिकों के लिए पर्याप्त बेंच और बैठने की व्यवस्था उपलब्ध कराना तथा प्रतीक्षारत लोगों के लिए बेहतर सुविधाएं विकसित करना शामिल होगा। उन्होंने कहा कि जब तक नए और आधुनिक कार्यालय भवन की व्यवस्था नहीं हो जाती, तब तक वर्तमान परिसर में उपलब्ध संसाधनों का उपयोग कर नागरिकों को अधिकतम सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए। यह स्वीकार नहीं किया जा सकता कि किसी कार्य के लिए आए बुजुर्ग नागरिकों, महिलाओं या अन्य लोगों को घंटों खड़े रहना पड़े। छोटी-छोटी समस्याओं के समाधान के लिए भी संवेदनशीलता और इच्छाशक्ति की आवश्यकता होती है।

### राजस्व अभिलेखों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए

मुख्यमंत्री ने रिकॉर्ड रूम और दस्तावेजों की सुरक्षा व्यवस्था का भी निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि महत्वपूर्ण राजस्व अभिलेखों की सुरक्षा, डिजिटलीकरण और संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए ताकि किसी भी प्रकार की दुर्घटना या तकनीकी समस्या की स्थिति में सरकारी रिकॉर्ड सुरक्षित रहे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अनावश्यक देरी के प्रति भी सख्त रुख अपनाया। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि नागरिकों के कार्य समयबद्ध तरीके से पूरे किए जाएं और किसी भी व्यक्ति को अनावश्यक रूप से परेशान न किया जाए। अगर किसी प्रकार की रिश्वतखोरी, उत्पीड़न या कार्य में जानबूझकर देरी की शिकायत प्राप्त होती है तो संबंधित अधिकारी के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### एक सप्ताह के भीतर कार्यालय में सुधार कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए

मुख्यमंत्री ने रेखा गुप्ता कहा कि सरकारी कार्यालय जनता की सेवा के लिए होते हैं, न कि जनता को परेशान करने के लिए। हमारी सरकार की प्राथमिकता है कि प्रत्येक नागरिक को पारदर्शी, भ्रष्टाचार-मुक्त और सम्मानजनक सेवाएं प्राप्त हों। किसी भी नागरिक को अपने वैध कार्य के लिए भटकना या परेशान होना नहीं चाहिए। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि एक सप्ताह के भीतर किए गए सुधार कार्यों की विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। वह स्वयं पुनः निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा करेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए दिए गए निर्देशों का प्रभावी क्रियान्वयन हो।

## सीएम रेखा गुप्ता की घोषणा : नीट परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों के लिए फ्री होगा डीटीसी का सफर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा (नीट) में शामिल होने वाले परीक्षार्थी परीक्षा के दिन 21 जून को दिल्ली परिवहन निगम की सभी बसों में मुफ्त में सफर कर सकेंगे। इस बात की घोषणा शुक्रवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि फ्री यात्रा का लाभ लेने के लिए परीक्षार्थियों को केवल वैध नीट एडमिट कार्ड बस कंडक्टर को दिखाना होगा। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि हाल ही में नीट परीक्षा के रद्द होने के कारण अनेक परीक्षार्थियों को दोबारा नीट परीक्षा देनी पड़ रही है। ऐसे में परीक्षार्थियों और उनके परिवारों पर अतिरिक्त मानसिक, समयगत और आर्थिक दबाव पड़ना स्वाभाविक है। दिल्ली सरकार परीक्षार्थियों की इन चुनौतियों को समझते हुए उनके साथ खड़ी है। सरकार का प्रयास है कि परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को परिवहन संबंधी किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। इसी उद्देश्य से 21 जून को सभी नीट परीक्षार्थियों के लिए डीटीसी बसों में निशुल्क यात्रा की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी ताकि वे बिना किसी अतिरिक्त तनाव के समय पर अपने एग्जाम सेंटर पहुंच सकें और पूरी एकाग्रता एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा दे सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे युवाओं का समय, परिश्रम और भविष्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। दिल्ली सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि परीक्षार्थियों को उनकी शिक्षा और प्रतियोगी परीक्षाओं के दौरान हरसंभव सहयोग और सुविधा उपलब्ध कराई जाए। नीट जैसी महत्वपूर्ण परीक्षाएं परीक्षार्थियों के जीवन और भविष्य से जुड़ी होती हैं। ऐसे समय में सरकार का दायित्व है कि परीक्षा के दिन परीक्षार्थियों को यथासंभव सहयोग और सुविधा प्रदान की जाए ताकि वे किसी भी प्रकार की अनावश्यक परेशानी या तनाव का सामना न करें। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सभी नीट अभ्यर्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परीक्षा उनके परिश्रम, समर्पण और सपनों को नई दिशा देने का अवसर है। उन्होंने परीक्षार्थियों से आत्मविश्वास के साथ परीक्षा देने का आग्रह किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने सभी नीट परीक्षार्थियों से अपील की है कि वे 21 जून को डीटीसी बसों में सफर करते वक्त कंडक्टर को एडमिट कार्ड दिखाए और डीटीसी द्वारा उपलब्ध कराई जा रही इस निःशुल्क सुविधा का लाभ उठाएं।

## प्रदूषण से निपटने के लिए डीपीसीसी जल्द लांच करेगी डस्ट पोर्टल 2.0 : सिरसा

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार धूल प्रदूषण से निपटने, हवा की क्वालिटी को बेहतर बनाने और दिल्ली को एक साफ-सुथरी, हरी-भरी और वर्ल्ड-क्लास राजधानी में बदलने के लिए दिल्ली सरकार जल्द ही डस्ट पोर्टल 2.0 लांच करने जा रही है। इस बात की जानकारी दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने शुक्रवार को समीक्षा बैठक करने के बाद दी। मंत्री सिरसा ने बताया कि यह पोर्टल दिल्ली प्रदूषण कंट्रोल कमेटी (डीपीसीसी) का एक एडवांस्ड एआई-सक्षम पर्यावरण मॉनिटरिंग और कंप्लायंस प्लेटफ़ॉर्म है, जिसे दिल्ली की धूल प्रदूषण के खिलाफ लड़ाई को मजबूत करने के लिए डिजाइन किया गया है, और इसे आने वाले हफ्ते तक लांच किए जाने की संभावना है। बैठक के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों ने पोर्टल की मुख्य विशेषताओं और उसके काम करने के तरीके के बारे में विस्तार से जानकारी दी। यह पोर्टल दिल्ली के सभी क्षेत्रों में निर्माण से जुड़ी गतिविधियों और पर्यावरण से जुड़े नियमों के पालन पर नज़र रखने के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), रियल-टाइम विश्लेषण, स्वचालित मूल्यांकन, एआई-पावर्ड कैमरे, पार्टिकुलेट मैटर (पीएम) सेंसर और डिजिटल गवर्नेंस टूल्स का इस्तेमाल करेगा। यह पोर्ट अधिक डेंसिटी वाले ग्रीन एंटी-डस्ट नेट और एंटी-स्मॉग गन जैसी पर्यावरण को नियंत्रित करने वाले उपायों की निगरानी करने में सहायक साबित होगा। अगर प्रदूषण के स्तर में तय मानकों से अधिक कोई भी बदलाव होता है, तो स्वतः अलर्ट जारी हो जाएंगे, जिससे समय पर प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए आवश्यक उपाय किए जा सकेंगे। मंत्री सिरसा ने कहा कि डस्ट पोर्टल 2.0 दिल्ली में प्रदूषण नियंत्रण के प्रयासों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने का एक सशक्त माध्यम साबित होगा।

## लगातार दूसरे दिन हल्की बारिश हुई दर्ज, तापमान लुढ़ककर 35 डिग्री, तेज हवाओं ने दी राहत

**नई दिल्ली।** भीषण गर्मी के बीच लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को दिल्ली में कई जगह हल्की बारिश देखने को मिली। सुबह से ही मौसम का मिजाज बदला बदला रहा और दोपहर के समय आसमान पर बादलों का जमावड़ा देखने को मिला। तेज हवाएं और बादलों के छाने से अधिकतम तापमान में काफी गिरावट दर्ज हुई। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार अधिकतम तापमान 36.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 3.6 डिग्री नीचे है। जबकि न्यूनतम तापमान 25.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.3 डिग्री नीचे है। आईएमडी की मानें तो सुबह साढ़े आठ बजे से पहले दिल्ली में औसत 4.0 मिमी बारिश दर्ज हुई। जबकि सुबह साढ़े बजे से शाम साढ़े पांच बजे के बीच दर्ज करने लायक बारिश नहीं हुई। आईएमडी के सुबह के आंकड़े बताते हैं कि पालम क्षेत्र में सबसे ज्यादा 4.3 मिमी बारिश दर्ज हुई है। जबकि आया नगर में 3.8 मिमी, राजघाट में 1.7 मिमी, पूसा व नजफगढ़ में 0.5 मिमी और मयूर विहार में 1.0 मिमी बारिश दर्ज की गई। हालांकि आईएमडी ने अच्छी बारिश को देखते हुए ऑरेंज अलर्ट जारी किया था। लेकिन देर रात खबर लिखे जाने तक हल्की बूंदाबांदी ही दर्ज हुई। आईएमडी ने शनिवार व रविवार के लिए येलो अलर्ट जारी करते हुए भविष्यवाणी की है कि दिल्ली में आंशिक रूप से आसमान पर बादल छाए रहेंगे। दोपहर से सायंकाल के बीच कहीं कहीं हल्की बारिश दर्ज हो सकती है। बिजली चमकने, मेघगर्जना के साथ 40-50 किमी की गति से हवा चल सकती है। इसके अलावा आईएमडी ने सोमवार से अगले चार दिनों के लिए ग्रीन अलर्ट जारी किया है और कहा कि इस दौरान मौसम सामान्य रहेगा। लेकिन 2 जून से एक बार फिर दिल्ली में अधिकतम तापमान में बढ़ोतरी के चलते पारा 38-42 डिग्री तक पहुंचने से गर्मी परेशान करने वाली होगी।

# ‘आप’ ने पानी की किल्लत को लेकर किया मटका फोड़ प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी का दिल्ली में पानी की किल्लत को लेकर मटका फोड़ प्रदर्शन जारी है। इस कड़ी में शुक्रवार को कोंडली से विधायक कुलदीप कुमार के नेतृत्व में स्थानीय लोगों ने मयूर विहार फेस दो स्थित दिल्ली जल बोर्ड कार्यालय के बाहर जोरदार मटका फोड़ प्रदर्शन किया। लोगों ने ‘भाजपा सरकार के खिलाफ नारे लगाए और मटका फोड़कर अपना विरोध जताया। इस दौरान कुलदीप कुमार ने कहा कि चार इंजन की भाजपा सरकार दिल्ली को एक इंजन के बराबर भी पानी नहीं दे पा रही है।



भीषण गर्मी में मुख्यमंत्री और मंत्री एसी कमरों में बैठे हैं और जनता बूंद-बूंद पानी को तरस रही है। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि अगर जल्द पानी की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो कोंडली के लोगों के साथ मंत्री प्रवेश वर्मा के घर का घेराव करेंगे। कुलदीप ने कहा कि हमारी मुख्यमंत्री से एक ही मांग है कि जहां-जहां पानी की किल्लत है, वे वहां का दौरा करें और इस समस्या को दूर करें। यूजीआर में पानी नहीं है। अमीर लोग तो खरीदकर पानी पी लेंगे, लेकिन गरीब आदमी कहां से पानी पिएगा। कुलदीप ने कहा कि एक विधायक को जल बोर्ड के अधिकारियों से मिलने के लिए पुलिस की बैरिकेडिंग और पैरामिलिट्री फोर्स को पार करना पड़ रहा है। इन्होंने लोकतंत्र का मजाक बना दिया है। सरकार केवल रील बनाने में व्यस्त है। प्रदर्शन में शामिल लोग जल बोर्ड की ऑफिस में मटका अपने साथ लेकर गए थे और उन्होंने उन मटकों को भरने की कोशिश की, लेकिन पुलिस ने ऐसा नहीं होने दिया। इसके बाद वहीं सारे मटके फोड़कर वापस घर लौट आए।

## आईपी यूनिवर्सिटी के लेटरल एंट्री टू बी. टेक प्रोग्राम की काउंसलिंग होगी ऑफ़लाइन

**नई दिल्ली।** आईपी यूनिवर्सिटी के लेटरल एंट्री टू बी. टेक प्रोग्राम ( बीएससी ग्रेजुएट्स के लिए) में दाख़िले के आयोजित होने वाली काउंसलिंग ऑफ़लाइन होगी।129 कोड वाले इस प्रोग्राम की पहली और दूसरी ऑफ़लाइन काउंसलिंग 5 जून और 9 जून को आयोजित की जाएगी। आईपीयू प्रशासन ने शुक्रवार को जानकारी देते हुए बताया कि पहली ऑफ़लाइन काउंसलिंग का सम्पूर्ण शेड्यूल 1 जून को यूनिवर्सिटी वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। इस प्रोग्राम की काउंसलिंग के साथ यूनिवर्सिटी नए सत्र में दाख़िले के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया की शुरुआत कर रही हैं। इस काउंसलिंग में भाग लेने के इच्छुक सभी आवेदक इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय की वेबसाइट देखें।

## शिक्षा राष्ट्र निर्माण का आधार है, सीबीएसई जैसे प्रतिष्ठ बोर्ड में गड़बड़ियां बर्दाश्त नहीं: कांग्रेस

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

सीबीएसई क्लास 12 बोर्ड परीक्षा 2026 के रिजल्ट और रीचेकिंग प्रक्रिया में आई गंभीर गड़बड़ियों को “छात्रों के भविष्य के साथ घोटाला” बताते हुए कांग्रेस ने केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोला है। राहुल गांधी ने एक वीडियो जारी कर कहा है कि सीबीएसई के परिणामों में हेराफेरी से लाखों बच्चे और उनके माता पिता परेशान हैं और मोदी जी हमेशा की तरह चुप, कोई जिम्मेदारी नहीं। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने भी सीबीएसई घोटाले को छात्रों के भविष्य के साथ बड़ा खेल बताया है। उन्होंने फ्री रीवैल्यूएशन, फीस वापसी, आईआईटी रिपोर्ट सार्वजनिक करने और एसआईटी जांच की भी मांग की है। इसी मामले पर दिल्ली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और करावल जिला कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष आदेश भारद्वाज ने भी सरकार की मंशा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सीबीएसई ने 13 मई 2026 को क्लास 12 का रिजल्ट घोषित किया, जिसमें कुल 17,68,968 छात्रों में से पास प्रतिशत मात्र 85.20% रहा, जोकि पिछले वर्षों की तुलना में करीब 3% की गिरावट थी। जिसको लेकर देशभर से लगभग 4 लाख छात्रों ने अनपेक्षित कम अंक, खासकर फिजिक्स, केमिस्ट्री और गणित में शिकायत की। इन 4 लाख छात्रों ने 11.31 लाख से अधिक आंसर शीट्स की फोटोकॉपी के लिए 700 प्रति शीट का भुगतान किया, लेकिन उन्हें धुंधली इमेज, गलत हैंडराइटिंग, खाली पेज और मिसिंग मार्क्स वाली कॉपियां मिलीं। पोर्टल बार-बार क्रैश हो रहा था, पेमेंट फेल हो रहे थे। यह तकनीकी गड़बड़ी नहीं, बल्कि लापरवाही और संदिग्ध ठेकेदारी का नतीजा है।

## चार दिन बाद 8 हजार मेगावाट से नीचे आई बिजली की मांग, बदलते मौसम का असर

**नई दिल्ली।** दिल्ली में लगातार चार दिन बाद शुक्रवार को बिजली की मांग में करीब एक हजार मेगावाट की बहुत बड़ी गिरावट दर्ज होने से निजी बिजली आपूर्ति कंपनियों ने राहत की सांस ली है। स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर (एसएलडीसी) दिल्ली पर दर्ज आंकड़ों के अनुसार दोपहर बाद 3.33 बजे बिजली की अधिकतम मांग का आंकड़ा 7226 मेगावाट दर्ज हुआ। जबकि ठीक एक दिन पहले गुरुवार को यह मांग 8164 मेगावाट दर्ज हुई थी। यानी मौसम के बदले मिजाज के चलते दिल्ली में 24 घंटे में 938 मेगावाट की भारी गिरावट देखने को मिली है। जबकि गुरुवार को मांग का आंकड़ा रहा 8164 मेगावाट, बुधवार को 8084 मेगावाट, मंगलवार को 8184 मेगावाट और सोमवार को इसी सीजन का सबसे ज्यादा खपत का आंकड़ा रहा था 8439 मेगावाट। बिजली में इस भारी गिरावट के बारे में निजी बिजली आपूर्ति कंपनी बीएसईएस और टाटा पावर डीडीएल का कहना है कि जैसे ही मौसम में बड़ा बदलाव हुआ मांग में कमी आना स्वाभाविक है। कंपनियों का कहना है कि जैसे ही मौसम में और बदलाव होगा मांग में गिरावट देखने को मिलेगी। राहत की सांस लेने के सवाल पर कंपनियों को कहना है कि हमारा बिजली की मांग को लेकर पूर्व अनुमान है कि इस बार 9000 मेगावाट के पार पहुंच सकती है। इसलिए पहले से ही सभी तैयारियां कर रखी है। कंपनियों का कहना है कि गत सोमवार को इस सीजन की सबसे अधिक 8439 मेगावाट मांग को भी बिना की रुकावट के सफलतापूर्वक पूरा किया गया था।

## ओएसएम प्रणाली की खामियों का खामियाजा शिक्षकों पर न थोपा जाए : जीएसटीए

**नई दिल्ली।** गवर्नमेंट स्कूल टीचर्स एसोसिएशन (जीएसटीए) ने दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद को पत्र लिखकर मांग की है कि सीबीएसई कक्षा 12वीं के परिणामों में आई गिरावट के लिए शिक्षकों को जिम्मेदार ठहराते हुए जारी किए गए सभी शो-कॉज नोटिस एवं मेमोरेंडम तत्काल प्रभाव से वापस लिए जाएँ। शिक्षक संघ दिल्ली के महासचिव अजय वीर यादव ने कहा कि इस वर्ष सीबीएसई द्वारा ऑन स्क्रीन मार्किंग (ओएसएम) प्रणाली को बिना पर्याप्त तैयारी, परीक्षण और व्यवहारिक मूल्यांकन के व्यापक स्तर पर लागू किया गया। जीएसटीए ने पूर्व में ही सुझाव दिया था कि ओएसएम प्रणाली को पहले पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाए तथा उसके परिणामों और व्यवहारिकता का आकलन करने के बाद ही इसे पूर्ण रूप से लागू किया जाए, किन्तु संगठन की इस सलाह पर ध्यान नहीं दिया गया।

## मोदी सरकार के 12 वर्ष पूरे होने पर दिल्ली भाजपा आयोजित करेगी विभिन्न कार्यक्रम : मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** दिल्ली भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के 12 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर राजधानी में ‘सेवा पखवाड़ा के तहत विभिन्न कार्यक्रम’ मनाने का निर्णय लिया है। यह अभियान 5 मई से 21 जून तक चलाया जाएगा, जिसके तहत विभिन्न जनहित और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। शुक्रवार को दिल्ली भाजपा प्रदेश कार्यालय में अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि सेवा पखवाड़े के दौरान राजधानी के अलग-अलग क्षेत्रों में पौधारोपण अभियान, मीडिया संवाद, जनसंवाद कार्यक्रम, स्वच्छता अभियान, सामाजिक सेवा गतिविधियां तथा केंद्र और दिल्ली सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जोड़ने के लिए विशेष शिविर लगाए जाएंगे। बताया गया है कि दिल्ली सरकार के विभिन्न राजस्व कार्यालयों में भी शिविर आयोजित किए जाएंगे, जहां आम नागरिकों को सरकारी योजनाओं की जानकारी देने के साथ-साथ आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। भाजपा कार्यकर्ता घर-घर जाकर भी लोगों को योजनाओं के लाभ और सरकार की उपलब्धियों से अवगत कराएंगे। प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने पिछले 12 वर्षों में विकास, सेवा और सुशासन के नए आयाम स्थापित किए हैं।

# एनडीएमसी उपाध्यक्ष ने मानसून से पहले जल निकासी व्यवस्था का किया जमीनी निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ, स्मार्ट, सुरक्षित एवं जलभराव-मुक्त शहरी भारत के विजन को साकार करने तथा आगामी मानसून को देखते हुए एनडीएमसी क्षेत्र में जलभराव की समस्या को न्यूनतम करने के उद्देश्य से नई दिल्ली नगरपालिका परिषद् (एनडीएमसी) के उपाध्यक्ष कुलजीत सिंह चहल ने शुक्रवार को विभिन्न क्षेत्रों का जमीनी निरीक्षण कर मानसून तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर सिविल



इंजीनियरिंग विभाग (सड़क, ड्रेनेज, सीवरेज एवं भवन अनुरक्षण), जन स्वास्थ्य विभाग तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण अफ्रीका एवेन्यू से प्रारम्भ होकर आर.के. आश्रम मार्ग तक किया गया, जिसमें जलभराव संभावित क्षेत्रों तथा महत्वपूर्ण स्थलों का विस्तृत निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान चहल ने नालों की सफाई, ड्रेनेज व्यवस्था, सड़कों की स्थिति, डी-वाटरिंग पंपों की उपलब्धता तथा अन्य मानसून संबंधी तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करने तथा मानसून के दौरान सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। चहल ने कहा कि एनडीएमसी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छ, स्मार्ट एवं तकनीक-आधारित शहरी प्रशासन के विजन के अनुरूप व्यापक मानसून कार्ययोजना तैयार की है।

## कर्मी की भावुक अपील,गंभीर बीमारी पर सरकार से ठोस कदम उठाने की मांग

# गंभीर बीमारी से जूझ रहा 8वीं का छात्र, सफाई कर्मचारी पिता ने सीएमं से लगाई मदद की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) में कार्यरत एक अस्थायी सफाई कर्मचारी ने अपने 8वीं कक्षा में पढ़ने वाले बेटे के इलाज और एसएसपीई जैसी गंभीर व लाइलाज बीमारी के खिलाफ सरकार से मदद की गुहार लगाई है। बवाना विधानसभा क्षेत्र के कृष्ण विहार निवासी और निगम सफाई कर्मी सुनेश कुमार ने मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को पत्र लिखकर आर्थिक सहायता के साथ-साथ इस बीमारी के इलाज और रोकथाम के लिए विशेष नीति बनाने की मांग की है।

सुनेश कुमार ने बताया कि वह वर्ष 2000 से दिल्ली नगर निगम के रोहिणी जोन में अस्थायी सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत




हैं। उन्होंने बताया कि उनका पुत्र रिदित, जो केंद्रीय विद्यालय सेक्टर-28 रोहिणी में 8वीं कक्षा का छात्र है, करीब 9 महीने पहले अचानक चलते-चलते गिरने लगा। शुरुआत में डॉक्टरों ने इसे मिर्गी की बीमारी बताया और लाखों रुपये खर्च कर इलाज कराया गया, लेकिन हालत में कोई सुधार नहीं हुआ। पिता ने बताया कि इसके बाद रिदित का इलाज गंगाराम अस्पताल में बच्चों के न्यूरोलॉजी विशेषज्ञ डॉक्टरों की निगरानी में शुरू हुआ। कई जांचों और संबंधित टेस्ट के बाद सामने आया कि वह एसएसपीई नामक गंभीर बीमारी से पीड़ित है, जो खसरे वायरस से जुड़ी एक दुर्लभ और लाइलाज बीमारी मानी जाती है।

पीड़ित पिता के अनुसार, “इस बीमारी का दुनिया में कोई स्थायी इलाज नहीं है। केवल रोकथाम ही इसका उपाय है। मेरे बेटे की दवाइयों पर हर महीने करीब 20 हजार रुपये खर्च हो रहे हैं, जबकि मेरी सैलरी ईपीएफ कटने के बाद लगभग 18,644 रुपये ही बचती है। इलाज के लिए कर्ज लेना पड़ रहा है और पत्नी के गहने तक गिरवी रखने पड़े।”

सुनेश कुमार ने अपने पत्र में मुख्यमंत्री से बेटे के इलाज के लिए आर्थिक सहायता देने के साथ-साथ देशभर में यह बीमारी को खत्म करने के लिए वैक्सीन और प्रभावी दवा विकसित कराने की दिशा में कदम उठाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि देश में हजारों-लाखों बच्चे इस बीमारी से प्रभावित हैं और सरकार को इस दिशा में गंभीर पहल करनी चाहिए।उन्होंने अपने पत्र की प्रतिलिपि स्वास्थ्य मंत्री, दिल्ली सरकार के स्वास्थ्य निदेशक, दिल्ली नगर निगम के महापौर, आयुक्त और अन्य संबंधित अधिकारियों को भी भेजी है।

## महापौर ने सिटी एसपी ज़ोन कार्यालय में किया आधुनिक लिफ्ट का उद्घाटन



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली नगर निगम के महापौर प्रवेश वाही ने शुक्रवार को सिटी एसपी जोन कार्यालय में नवनिर्मित आधुनिक लिफ्ट का विधिवत उद्घाटन किया। इस अवसर पर स्थानीय निगम पार्षद सुमन कुमार गुप्ता तथा सिटी एसपी जोन के उपायुक्त कनिका सहित निगम के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए महापौर प्रवेश वाही ने कहा कि दिल्ली नगर निगम नागरिकों को बेहतर एवं सुगम सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर आधारभूत सुविधाओं को सुदृढ़ कर रहा है। उन्होंने कहा कि नई लिफ्ट के संचालन से न केवल आम नागरिकों बल्कि वरिष्ठ नागरिकों, दिव्यांगजनों एवं कर्मचारियों को भी बड़ी सुविधा प्राप्त होगी। यह पहल निगम कार्यालयों को अधिक सुलभ, आधुनिक एवं नागरिक-अनुकूल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि निगम प्रशासन द्वारा कार्यालयों में आधारभूत सुविधाओं के उन्नयन एवं नागरिकों के लिए बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने हेतु विभिन्न विकासात्मक कार्य किए जा रहे हैं। नई लिफ्ट का संचालन इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। स्थानीय निगम पार्षद सुमन कुमार गुप्ता ने इस सुविधा के लिए महापौर एवं निगम प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इससे क्षेत्र के नागरिकों को कार्यालय में आने-जाने में काफी सहूलियत मिलेगी तथा जनसेवाओं की गुणवत्ता में भी सुधार होगा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी इस नई सुविधा का स्वागत किया और इसे कार्यालय की कार्यक्षमता एवं नागरिक सुविधा को बढ़ाने वाला कदम बताया।

## भाजपा का नया नेतृत्व गांव, गरीब और दिल्ली देहात विरोधी मानसिकता का प्रतीक : डॉ. नरेश

**नई दिल्ली।** दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ प्रवक्ता डॉ. नरेश कुमार ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा हर्ष मल्होत्रा को दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष बनाए जाने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। डॉ. नरेश ने कहा कि भाजपा लगातार यह साबित कर रही है कि उसका दिल्ली के गांव, गरीब, मजदूर, पिछड़े और दिल्ली देहात से कोई सरोकार नहीं है। आज दिल्ली में भाजपा की सत्ता और संगठन दोनों पर ऐसे लोगों का कब्जा है जिनका दिल्ली के गांवों, गरीब तबकों और आम जनता की समस्याओं से कोई जुड़ाव नहीं है। उन्होंने आरोप लगाए कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष हर्ष मल्होत्रा और महापौर प्रवेश वाही जैसे चेहरे इस बात का प्रमाण हैं कि भाजपा केवल चुनिंदा उच्च वर्गीय लोगों की पार्टी बनकर रह गई है। उन्होंने कहा कि वैसे तो हमारा भाजपा से कोई लेना-देना नहीं है, लेकिन भाजपा की मानसिकता को जनता के सामने लाना भी जरूरी है। दिल्ली की जनता को यह समझना होगा कि भाजपा वोट किससे लेती है और सत्ता किसे सौंपती है। भाजपा ने एक बार फिर यह साबित कर दिया है कि गरीब, गांव, किसान, मजदूर और दिल्ली देहात उसके एजेंडे में कहीं नहीं हैं।

खबर संक्षेप

## कार ने ई-रिक्शा को रौंदा, महिला घायल



**साहिबाबाद।** गाजियाबाद के इंदिरापुरम थाना क्षेत्र आइक्रीम पार्लर के पास तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से ई-रिक्शा में बैठी महिला घायल हो गई। महिला के बेटे ने आरोपित कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस कार चालक की तलाश में जुटी है। छपरौला बादलपुर निवासी नितिन ढोंढियाल ने बताया कि उनके घर में मांगलिक कार्यक्रम होना है। उनकी मां ऊषा और पत्नी सामान खरीदने के लिए शक्ति खंड गई थीं। वहां से शापिंग सेंटर जाने के लिए उन्होंने ई-रिक्शा लिया। मां की हालत गंभीर बनी हुई है आइसक्रीम पार्लर के पास विपरीत दिशा से आ रही तेज रफ्तार कार ने ई-रिक्शा को टक्कर मारी दी। वारदात के बाद चालक फरार हो गया।

## ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन ने ज्ञापन सौंपा



**फरीदाबाद।** ग्रामीण सफाई कर्मचारी यूनियन जिला कमेटी फरीदाबाद ने आज अपनी मांगों को लेकर कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के कार्यालय के सामने सेक्टर 16 में जोरदार प्रदर्शन किया। महानिदेशक विकास एवं पंचायत विभाग हरियाणा सरकार चंडीगढ़ के नाम मंत्री गोयल के निजी सचिव को 18 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। पूर्व निर्धारित जिले के सैकड़ो कर्मचारी आज सवेरे सागर सिनेमा के सामने एकत्रित होने शुरू हो गए थे। यहां पर एक सभा हुई। इस सभा में आशा वर्कर यूनियन, आंगनवाड़ी वर्कर यूनियन और स्टार वायर के श्रमिकों ने भी अपना इस आंदोलन को अपना समर्थन दिया। इस सभा की अध्यक्षता जिला उप प्रधान महेंद्र सिंह माडोतिया भनकपुर ने की जबकि संचालन वित्त सचिव दिनेश पाली कर रहे थे। राज्य कमेटी के उप महासचिव देवीराम, सीटू जिला प्रधान निरंतर पाराशर, कोषाध्यक्ष सुधा, स्टार वायर के नेता राजेंद्र सिंह और सह सचिव संतु विशेष रूप से उपस्थित रहे।

### अच्छी खबर: ट्रायल के रूप में विजयनगर को मिला गंगाजल

# मिर्जापुर, सर्वोदय नगर, शिवपुरी, पुराना विजयनगर, केलाखेड़ा में पहुंचा गंगाजल, वार्ड संख्या 4 और 25 में प्रक्रिया जारी

### 11 में से 8 वार्डों में गंगाजल ट्रायल के रूप में पहुंचाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद





नगर निगम ने विजयनगर के वार्डों में गंगाजल का ट्रायल प्रारंभ कर दिया है जिसमें वार्ड संख्या 48 मिर्जापुर, वार्ड संख्या 14 सर्वोदय नगर, वार्ड संख्या 15 प्रताप विहार एल ब्लॉक, वार्ड संख्या 58 शिवपुरी, वार्ड संख्या 3 पुराना विजयनगर, वार्ड संख्या 51 केलाखेड़ा, वार्ड संख्या 55 सेक्टर 11 प्रताप विहार डी ब्लॉक, में गंगाजल ट्रायल के रूप में भिजवाया गया है। वार्ड के पार्षदों एवं क्षेत्र वासियों द्वारा गंगाजल मिलने पर अपनी खुशी जाहिर करते हुए नगर निगम का धन्यवाद किया गया, पार्षद ओमप्रकाश, पार्षद साजिदा ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर धन्यवाद किया।

महाप्रबंधक जल कामाख्या प्रसाद आनंद ने बताया कि विजयनगर के लगभग 11 वार्डों में गंगाजल पहुंचने की क्रम में 8 वार्डों में गंगाजल ट्रायल के रूप में पहुंचाया गया है वार्ड संख्या 4 माता कॉलोनी वार्ड संख्या 25 अंबेडकर नगर शंकरपुरी में भी गंगाजल पहुंचाने के लिए प्रक्रिया जारी है अगले एक सप्ताह के भीतर वार्ड संख्या 4 और 25 में भी गंगाजल ट्रायल के रूप में पहुंचने का कार्य विभागों द्वारा किया जाएगा, वार्ड संख्या 26 भूर भारत नगर के क्षेत्र में भी गंगाजल की सप्लाई के लिए कार्यवाही चल रही है। लगभग 6 टंकियां के द्वारा गंगाजल विजयनगर को मिलेगा जिसमें ट्रायल के रूप में कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई है। मिर्जापुर डबल टंकी, गुलाबी टंकी वार्ड 51, वार्ड 55 बी ब्लॉक टंकी, ग ब्लॉक पुराना विजयनगर वार्ड 3 की टंकी, सेक्टर 9 वार्ड 14 विजयनगर की टंकी के माध्यम से गंगाजल की आपूर्ति को ट्रायल के रूप में देखा जा रहा है जिसमें टीम को भी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, रोज बेल टंकी जो कि वार्ड संख्या 25 और 4 में है जिसके लिए पाइपलाइन मरम्मत का कार्य और लीकेज ठीक करने काकार्य जारी है । इसके उपरांत वार्ड संख्या 25 और 4 को भी ट्रायल के रूप में गंगाजल मिलेगा, क्षेत्र में गंगाजल आपूर्ति होने पर क्षेत्र वासियों ने नगर निगम का धन्यवाद किया पार्षदों द्वारा भी नगर आयुक्त को पत्र लिखकर अपनी प्रसन्नता जाहिर की गई।

### 15 डायलिसिस मशीनों के साथ शुरू हुई नई सेवा, मरीजों को मिलेगी बड़ी राहत

# स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने की दिशा में हरियाणा सरकार के ऐतिहासिक कदम : कृष्ण पाल गुर्जर

*अमृत फार्मेसी में सस्ती दरों पर मिलेंगी जीवन रक्षक दवाइयां ,कार्यक्रम का लाइव प्रसारण ऑनलाइन माध्यम से किया गया, विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य विभाग की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया, महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजनाओं का शुभारंभ प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है।*

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने फरीदाबाद में स्वास्थ्य परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उनके साथ बडख़ल विधायक धनेश अदलखा, एनआईटी फरीदाबाद विधायक सतीश फागना, पूर्व पृथला विधायक टेकचंद शर्मा, नगर निगम मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, जिला परिषद चेयरमैन विजय सिंह, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और उपायुक्त आयुष सिन्हा भी मौजूद रहे।

केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि हरियाणा सरकार द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत और जनहितकारी बनाने की दिशा में निरंतर ऐतिहासिक कदम उठाए जा रहे हैं। फरीदाबाद में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में भारत सरकार में केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उनके साथ बड़खल विधायक धनेश अदलखा, एनआईटी फरीदाबाद विधायक सतीश फागना, पूर्व पृथला विधायक टेकचंद शर्मा, नगर निगम मेयर प्रवीण बत्रा जोशी, जिला परिषद् चेयरमैन विजय सिंह, जिला अध्यक्ष पंकज पूजन रामपाल और उपायुक्त आयुष सिन्हा भी मौजूद रहें।

इस अवसर पर हरियाणा प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने पंचकूला में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम से ऑनलाइन माध्यम द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में स्वास्थ्य विभाग की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण ऑनलाइन माध्यम से किया गया।



केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि आज अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय, छांयसा फरीदाबाद में डायलिसिस सेवाओं की शुरुआत तथा बीके सिविल अस्पताल में एसएनएसपी क्लीनिक एवं अमृत फार्मेसी जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परियोजनाओं का शुभारंभ प्रदेश के स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी केवल एक महान राजनेता ही नहीं बल्कि दूरदर्शीए संवेदनशील और जनसेवा के प्रति समर्पित व्यक्तित्व थे। उनके नाम पर स्थापित यह मेडिकल कॉलेज आज समाज के अंतिम व्यक्ति तक बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उनके सपनों को साकार कर रहा है। उन्होंने बताया कि वर्ष 2020 में स्थापित इस मेडिकल कॉलेज को वर्ष 2022 में एमबीबीएस पाठ्यक्रम की अनुमति प्राप्त हुई थी और वर्तमान में यहां चार एमबीबीएस बैच अध्ययनरत हैं। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि 470 बिस्तरों वाला यह मेडिकल कॉलेज 24 घंटे आपातकालीन सेवाएं, ओपीडी, आईपीडी, आधुनिक प्रयोगशालाएं, रेडियोलॉजी सुविधाएं तथा कैंसर मरीजों के लिए डे.केयर उपचार जैसी अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध करा रहा है। यह संस्थान केवल इलाज का केंद्र नहीं बल्कि भविष्य के चिकित्सकों के निर्माण का भी महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में आज से 15 डायलिसिस मशीनों के साथ शुरू की गई और डायलिसिस सेवा विशेष रूप से गरीब एवं जरूरतमंद मरीजों के लिए बड़ी राहत साबित होगी। उन्होंने कहा कि किडनी संबंधी गंभीर बीमारियों से पीड़ित मरीजों को सप्ताह में कई बार डायलिसिस करवानी पड़ती है और अब उन्हें अपने क्षेत्र में ही बेहतर सुविधा उपलब्ध हो सकेगी, जिससे समय और धन दोनों की बचत होगी। केंद्रीय सहकारिता राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने कहा कि बीके सिविल अस्पताल में शुरू किए गए एसएनएसपी क्लीनिक महिलाओं के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण पहल साबित होंगे। राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक सिविल एवं उप जिला अस्पताल में महिलाओं के लिए समर्पित सहायता केंद्र स्थापित किए जा रहे हैं, जहां महिलाओं को स्वास्थ्यए मानसिक स्वास्थ्य, पोषण, टीबी एवं एनसीडी सेवाओं में प्राथमिकता और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि अमृत फार्मेसी का उद्देश्य मरीजों को सस्ती दवाइयां और भरोसेमंद इम्प्लांट उपलब्ध कराना है।

### महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने ली बैठक

## मोदी के कार्यकाल की उपलब्धियों को आमजन तक पहुंचाएगा भाजपा संगठन



हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सफल कार्यकाल के 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में "12 साल विश्वास के, विकास के, जनकल्याण के" अभियान के अंतर्गत महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल के नेतृत्व में सभी आयामों के संयोजकों एवं प्रमुखों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रधानमंत्री जी के 12 वर्षों की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं को जन-जन तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने हेतु विस्तारपूर्वक चर्चा की गई। महानगर अध्यक्ष मयंक गोयल ने अभियान को सफल बनाने के लिए सभी आयामों के साथ समन्वय स्थापित कर योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने पर बल दिया तथा विभिन्न विषयों पर कार्ययोजना तैयार करने के सुझाव दिए। अभियान के संयोजक राजन आर्य वाल्मीकि, सहसंयोजक महताब त्यागी, राम त्यागी एवं दयानंद बंसल ने सभी आयाम प्रमुखों को उनके विभागानुसार जिम्मेदारियों का निर्वहन करने एवं अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए।

### देशभर में 20 हजार से अधिक पिन कोड पर डिलीवरी दी

## महंगी दवाओं से राहत, जेनेरिक विकल्पों की ओर बढ़ा भरोसा

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

देश में बढ़ती दवा कीमतों के बीच किफायती ब्रांडेड जेनेरिक दवाओं की मांग तेजी से बढ़ रही है। इसी क्रम में प्लेटिनम आरएक्स ने 10 लाख उपयोगकर्ताओं का आंकड़ा पार करने का दावा किया है।

कंपनी के अनुसार, प्लेटफॉर्म ने मरीजों को अब तक 128 करोड़ रुपए से अधिक की बचत कराई है। डायबिटीज, हाई ब्लड प्रेशर और हृदय रोगों से पीड़ित मरीजों को हर महीने दवाओं पर हजारों रुपए खर्च करने पड़ते हैं। ऐसे में प्लेटफॉर्म ब्रांडेड दवाओं के समान सॉल्ट मिश्रण वाली जेनेरिक दवाएं 50 से 60 प्रतिशत तक कम कीमत पर उपलब्ध करा रहा है।

### कोर्ट परिसर में लगे ठंडे व मीठे पानी की छबील का आयोजन

कोर्ट परिसर में सिखों के पांचवे गुरू अर्जन देव जी के शहीदी पर्व को समर्पित पंजाबी लायर्स क्लब द्वारा ठंडे व मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। इस अवसर पर न्यायालय में कार्यरत वकीलों सहित स्टाफ व आने जाने वाले लोगों ने छबील पर प्रसाद ग्रहण किया।

### एआई और पत्रकारिता के बदलते स्वरूप पर हुई संगोष्ठी

## मीडिया वेलबीइंग एसोसिएशन ने पत्रकारों को दी निःशुल्क कैशलेस हेल्थ व इंश्योरेंस पॉलिसी



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

पत्रकारों के कल्याण की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए मीडिया वेलबीइंग एसोसिएशन ने शुक्रवार को पंचकूला स्थित रेड बिशप में आयोजित सम्मेलन में पत्रकारों को निशुल्क कैशलेस हेल्थ, एक्सीडेंटल एवं टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी वितरित कीं। कार्यक्रम में हरियाणा सहित अन्य प्रदेशों के पत्रकारों ने शिरकत की। कार्यक्रम में हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण मुख्य अतिथि रहे। वरिष्ठ पत्रकार नरेश कौशल, वरिष्ठ पत्रकार इरविन खन्ना, सीएम के राजनीतिक सचिव तरुण भंडारी व वरिष्ठ समाजसेवी अजयवीर सहगल विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मीडिया वेलबींग एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित पत्रकार सम्मेलन एवं संगोष्ठी में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, पत्रकारिता के बदलते स्वरूप तथा पत्रकार कल्याण पर व्यापक चर्चा हुई। मुख्य अतिथि हरविंदर कल्याण ने कहा कि एआई केवल एक तकनीकी उपकरण है। इसका सदुपयोग और दुरुपयोग व्यक्ति के हाथ में है। समाज, शिक्षा, पत्रकारिता और जनकल्याण के लिए इसका सकारात्मक उपयोग किया जाना चाहिए। सम्मेलन के दौरान पत्रकारों को निःशुल्क कैशलेस हेल्थ, एक्सीडेंटल एवं टर्म इंश्योरेंस पॉलिसी वितरित की गईं। इस पहल को पत्रकारों की सामाजिक और आर्थिक सुरक्षा की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया गया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026

## भाजपा गुरुग्राम का दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग आज से शुरू

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुरुग्राम

भारतीय जनता पार्टी जिला गुरुग्राम द्वारा संगठन को वैचारिक और सांगठनिक रूप से मजबूत बनाने के उद्देश्य से पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 के तहत दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 30 और 31 मई 2026 को किया जा रहा है। जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी के नेतृत्व में यह प्रशिक्षण वर्ग टिकली रोड स्थित माधवगढ़ फार्म में आयोजित होगा। प्रशिक्षण वर्ग के विभिन्न सत्रों में प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के वरिष्ठ नेताओं, पदाधिकारियों और विषय विशेषज्ञों का मार्गदर्शन कार्यकर्ताओं को मिलेगा। संगठन की कार्यप्रणाली, राष्ट्रवाद, अंत्योदय, सेवा भाव, सुशासन, भाजपा की विचारधारा, संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क अभियान और राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका जैसे विषयों पर विस्तृत चर्चा होगी। इस दो दिवसीय वर्ग में जिले के सभी मंडलों, मोर्चों और प्रकोष्ठों से बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की भागीदारी सुनिश्चित की गई है। जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी ने कहा कि भाजपा सदैव कार्यकर्ता आधारित संगठन रही है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की सबसे बड़ी शक्ति है। ऐसे प्रशिक्षण वर्ग कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से समृद्ध करने के साथ संगठनात्मक कौशल विकसित करने का माध्यम हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से समय पर पहुंचकर पूर्ण लाभ लेने का आह्वान किया। भाजपा गुरुग्राम के मीडिया प्रभारी हितेश चौधरी ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग में आने वाले सभी कार्यकर्ताओं के ठहरने, भोजन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं जिला संगठन की ओर से की गई हैं। उन्होंने कहा कि यह वर्ग संगठन को नई ऊर्जा, नई दिशा और मजबूती प्रदान करेगा।


**अभियुक्त की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

धारा **84 BNSS** देखिए

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त, **संजय कुमार, पुत्र:** कैलाश कुमार, **पता:** म. नं. N-71, A-ब्लॉक, ओल्ड चंद्रावल, मजनू का टीला, सिविल लाइंस, दिल्ली ने **FIR No. 286/2019, U/s: 279 IPC, थाना: कश्मीरी गेट, नई दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **संजय कुमार,** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त, **संजय कुमार,** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि **FIR No. 286/2019, U/s: 279 IPC, थाना: कश्मीरी गेट, नई दिल्ली,** के उक्त अभियुक्त, **संजय कुमार,** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **30.06.2026** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**श्री वैभव गर्ग**
**न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी–11**
**केंद्रीय, कमरा नं. 138, पहली मंजिल**
**तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7002/N/2026**
**(Court Matter)**



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**धारा 82 Cr. P.C संहिता देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **सजाउद्दीन** पुत्र कमरुद्दीन, निवासी 650, ई–ब्लॉक, जहांगीर पुरी, आजादपुर, दिल्ली ने सी.सी. सं. 3343/2022 धारा 138 एन.आई. एक्ट, थाना शालीमार बाग, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **सजाउद्दीन** मिल नहीं रहा है, और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **सजाउद्दीन** फरार हो गया है (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए इसके द्वारा उद्‌घोषणा की जाती है कि सी.सी. सं. 3343/2022 धारा 138 एन.आई. एक्ट, थाना शालीमार बाग, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **सजाउद्दीन** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए **22.07.2026** को हाजिर हो।

**आदेशानुसार: श्री अपूर्व भारद्वाज,**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–02 (उत्तर–पश्चिम),**
**कमरा नं. 113, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली,**

**DP/6791/NW/2026**


### जमीन से जुड़े किसानों के मसीहा थे चरण सिंह

## पुण्यतिथि पर पूर्व प्रधानमंत्री को किया गया याद, पदचिन्हों पर चलने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ गाजियाबाद

देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 39वीं पुण्यतिथि मनाई गई।इस अवसर पर अनेक कार्यक्रम आयोजित किये गए। गांव चित्तौड़ा में हवन का आयोजन किया गया। इस दौरान उल हर वर्ग के किसानों ने स्वर्गीय चौधरी साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा हवन में आहुति देकर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इसके अलावा बार एसोसिएशन ने भी पूर्व प्रधानमंत्री को श्रद्धांजलि अर्पित की। हवन में उपस्थित लोगों ने चौधरी चरण सिंह द्वारा किसानों, मजदूरों एवं ग्रामीण भारत के उत्थान हेतु किए गए कार्यों और उनके विचारों पर विस्तार से चर्चा की। राष्ट्रीय लोकदल सहकारिता प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष चेयरमैन अमरजीत सिंह बिड्डी ने कहा कि चौधरी साहब हमेशा कहा करते थे कि "देश की तरक्की का रास्ता गांव, देहात और खेत-खलिहानों से होकर गुजरता है। उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन किसानों के अधिकारों, सम्मान और उनकी आर्थिक मजबूती के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि चौधरी चरण सिंह केवल एक राजनेता नहीं, बल्कि किसानों की आवाज और ग्रामीण भारत की आत्मा थे। पूर्व जिला अध्यक्ष, हापुड़ बसपा, सतीश प्रधान ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की नीतियां आज भी किसानों और ग्रामीण समाज के हित में मार्गदर्शक सिद्ध हो रही हैं।



### मुजेसर अंडरपास निर्माण कार्य का भूमि पूजन, 47 करोड़ से ज्यादा की लागत से 18 महीने में होगा तैयार

## अंडरपास बनने से हजारों लोगों को मिलेगा जाम और हादसों से राहत: विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरीदाबाद

बल्लभगढ़ विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति देते हुए आज मुजेसर रेलवे फाटक पर बनने वाले बहुप्रतीक्षित अंडरपास निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर बल्लभगढ़ से विधायक एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री हरियाणा पं. मूलचंद शर्मा मुख्य रूप से उपस्थित रहे। भूमि पूजन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी, उद्योगपति, भाजपा कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे। इस मौके पर विधायक मूलचंद शर्मा ने कहा कि मुजेसर रेलवे फाटक क्षेत्र के लोगों की वर्षों पुरानी मांग थी। यह रेलवे फाटक देश की आजादी से पहले का बना हुआ है और यहां हर रोज हजारों लोगों का आवागमन होता है। लंबे समय से लोगों को रेलवे फाटक बंद रहने के कारण भारी जाम, समय की बर्बादी और दुर्घटनाओं जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। कई बार रेलवे ट्रैक पार करते समय हादसे भी हो चुके हैं। अब अंडरपास बनने के बाद लोगों को इन सभी परेशानियों से स्थायी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि इस अंडरपास के निर्माण से गांव मुजेसर सहित उद्योग क्षेत्र सेक्टर-24, 25, 22, 23 से लेकर सेक्टर-55 तक के लोगों को सीधा लाभ पहुंचेगा। इसके साथ-साथ उद्योग क्षेत्र में आने-जाने वाले कर्मचारियों, व्यापारियों और आम नागरिकों का आवागमन भी सुगम होगा।

## खबर संक्षेप

### बिहार में फर्जी मदरसे व संस्कृत विद्यालय होंगे बंद



**पटना।** सम्राट सरकार ने राज्य की शिक्षा व्यवस्था में पारदर्शिता लाने और फर्जीवाड़े को समाप्त करने के लिए बड़ा कदम उठाया है। बिहार के शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने बयान जारी करते हुए राज्य के सभी मदरसा व संस्कृत विद्यालयों की जांच कराने का आदेश दिया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि बिहार सरकार राज्य में शिक्षा के नाम पर फर्जीवाड़े या भेदभाव को बर्दाश्त नहीं करेगी और नियम विरुद्ध चल रहे संस्थानों पर ताला लगाया जाएगा।

### दो पासपोर्ट मामले में अब्दुल्ला को बड़ी राहत



**रामपुर।** चर्चित दो पासपोर्ट मामले में समाजवादी पार्टी के नेता अब्दुल्ला आजम को बड़ी राहत मिली है। एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने शुक्रवार को उनकी अपील स्वीकार करते हुए निचली अदालत द्वारा सुनाई गई सात साल की सजा को रद्द कर दिया। कोर्ट ने इस मामले में उनकी जमानत भी मंजूर कर ली है।

### मऊ में गरजे सीएम योगी आदित्यनाथ, सपा को भी घेरा, कहा-

# अब कोई भी माफिया किसी हिंदू को धमका नहीं सकता, पहले की सरकार नतमस्तक थी

मऊ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बिना नाम लिए मुख़्तार अंसारी पर निशाना साधा। मऊ दंगों का जिक्र कर उन्होंने कहा कि आज भी कोई उसे भुला नहीं है। लेकिन अब कोई माफिया किसी हिंदू धमका नहीं सकता। अगर सुरक्षा में सेंधा लगाने की कोशिश हुई तो यमलोक से सामना होगा...

एजेंसी ▶▶ मऊ

मुख़्तार अंसारी के गढ़ मऊ पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बड़ा हमला किया। उन्होंने कहा कि ए.बी.ए. अगर कोई माफिया सुरक्षा में सेंध लगाएगा तो यमलोक का टिकट उसे मिलेगा। उन्होंने माफिया मुख़्तार अंसारी का बिना नाम लिए हुए कहा कि अब कोई माफिया पिस्तौल लहराकर खुले जीप में चलकर हिंदुओं को धमका नहीं सकता।

उन्होंने कहा कि मऊ जनपद के लोग भूले नहीं होंगे, जिनकी उम्र 30-35 वर्ष से ऊपर है, वे जानते होंगे। 2005 में, 21 वर्ष पहले इसी मऊ को जलाने का कुत्सित प्रयास हुआ था। कैसे सत्ता के संरक्षण में माफिया एक उत्सव भरे आस्था के केंद्र रामलीला के आयोजन में व्यवधान पैदा करके निर्दोष हिंदुओं का कत्लेआम कर रहे थे। तब की सरकार उन माफिया के सामने नतमस्तक थी और यहां की सुरक्षा खतरे में थी। अराजकता का तांडव था। विकास के कार्य तो नहीं होते थे, गरीब को कोई सुविधा भी नहीं मिलती थी।

**392 करोड़ की लागत वाली 114 परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास**



#### गरीबों को मिल रहा घर

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गरीबों के पास घर नहीं था। आज सरकार गरीबों को घर दे रही है. पहले की सरकारों में ऐसा क्यों नहीं हुआ? आज गरीबों को राशन मिल रहा है. यूपी में बच्चो को बेहतर शिक्षा मिल रही है। यूपी में मेडिकल कॉलेज बने हैं, स्वस्थ्य व्यवस्था में सुधर हुआ है. अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण हुआ है।

#### अब बदली यूपी की पहचान

मुख्यमंत्री ने कहा कि बेटी स्कूल नहीं जा सकती थी। शोहदे परेशान करते थे। कभी भी उसको उठा करके ले जाया जाता था। व्यापारी सूर्यास्त के पहले अपने प्रतिष्ठान को बंद करने के लिए मजबूर होता था। जब परिवार का कोई सदस्य सूर्यास्त के पहले घर नहीं पहुंचता था तो लोगों में चिंता होती थी कि पता नहीं क्या हो जाए। उस अराजकतापूर्ण माहौल में, दंगा और कर्फ्यू से ग्रस्त माहौल में, पहचान का संकट यहां के युवाओं के सामने खड़ा हुआ था। लेकिन डबल इंजन की सरकार में प्रदेश की पहचान बदली। आज कोई दंगा नहीं होता। कहीं कर्फ्यू नहीं लगता। बेटियां और व्यापारी सुरक्षित है। अब यूपी के विकास में कोई रुकावट नहीं डाल सकता। अगर रुकावट डालेगा तो उसका यमलोक का टिकट काटना तय है।

### बिहार भाजपा में सरावगी की नई टीम

## बचौल समेत 14 प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र को युवा मोर्चा की कमान



एजेंसी ▶▶ पटना

भाजपा ने बिहार में प्रदेश पदाधिकारियों की नई सूची जारी की है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी की नई टीम का ऐलान हो गया है। पूर्व विधायक हरिभूषण ठाकुर बचौल, पवन जायसवाल और प्रणव यादव समेत 14 नेताओं को प्रदेश उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही सात प्रदेश मोर्चा के अध्यक्ष के नामों की भी घोषणा की गई है। इसमें भाजपा प्रदेश युवा मोर्चा की कमान जितेंद्र सिंह को मिली है।

#### 5 प्रदेश महामंत्री

भाजपा ने सरोज रंजन पटेल, धनराज शर्मा, प्रीति शेखर, नितिन अभिषेक और राजेश झा उर्फ राजू झा को प्रदेश महामंत्री बनाया है। वहीं, बिहार भाजपा ने 14 नेताओं को प्रदेश मंत्री बनाया है। इनमें सुषमा साहू, जन्मेजय कुमार सिंह, रागिनी रानी, कुमार राघवेंद्र, प्रभाकर मिश्रा, अंजनी निषाद, मनोज चौधरी, मुकेश सिंह कुशवाहा, सीमा झा, सरला रजक, सुनील राम, संजय कुमार मुन्ना, मुकेश शर्मा और दिवाकर सिंह का नाम शामिल है। इसी तरह, भाजपा ओबीसी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष प्रमोद चंद्रवंशी को बनाया गया है। भाजपा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रहे एवं मधुबनी जिले की राजनगर सीट से विधायक सुजीत पासवान को किसान एससी मोर्चा का प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। एसटी मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष निरंजन पंजियार थारू होंगे।

#### 14 प्रदेश उपाध्यक्ष बनाए

हरिभूषण ठाकुर बचौल, राकेश कुमार, संतोष पाठक, मनोज कुमार सिंह, अनामिका पासवान, शोभा सिंह, पवन जायसवाल, प्रणव कुमार यादव, संतोष रंजन राय, नंद प्रसाद चौहान, अनिल ठाकुर, मुकेश शर्मा (औरंगाबाद), शीला कुशवाहा और बलराम मंडल को प्रदेश उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई है।

## पेज एक का शेष

### किसी के खिलाफ...

चीन का नाम लेकर उल्लेख नहीं किया। कश्मीर को लेकर बीते दिनों आए पाक-चीन के साझा बयान को लेकर भी भारत की प्रतिक्रिया मांगी गई थी। जिसका जवाब भी जायसवाल ने दिया है।

**क्वाड का सबसे बड़ा आलोचक चीन :** यहां बता दें कि पूरी दुनिया में चीन ही एक मात्र ऐसा देश है। जो क्वाड समूह का सबसे मुखर आलोचक है। वह क्वाड को एशियाई नाटो की संज्ञा देता है और उसका चारों समूह देशों पर यह आरोप भी रहा है कि यह सभी इसकी मदद से हिंद-प्रशांत क्षेत्र का सैन्यीकरण करने की कोशिश कर रहे हैं। जिसका वह कड़ा विरोध करता रहेगा। वहीं, कुछ दिन पहले नई दिल्ली में क्वाड के विदेश मंत्रियों की एक बैठक भी हुई थी। जिसमें समूह देशों ने एक संयुक्त बयान जारी कर हिंद-प्रशांत क्षेत्र में किसी भी तरह के एकतरफा बदलाव को कतई स्वीकार न करने का ऐलान किया था। साथ ही मामले को लेकर प्रतिबद्धता भी जताई थी।

**कश्मीर पर सबको बता दी भारत की सोच :** रणधीर ने कश्मीर को लेकर पूछे गए एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा, कश्मीर को लेकर चीन-पाकिस्तान के संयुक्त बयान के बाद हमने एक बयान के जरिए भारत के रुख को स्पष्ट कर दिया है। जो सभी के लिए है और इसे हमने सार्वजनिक भी कर दिया है। उन्होंने कहा कि जहां तक भारत-चीन के बीच सीमा संबंधी मामलों को लेकर मंत्रणा और समन्वय को लेकर गठित किए गए डब्ल्यूएमसीसी तंत्र की एक ताजा बैठक का मामला है। तो उसमें दोनों देशों के प्रतिनिधियों ने परिसीमन, भारत-चीन सीमा से जुड़े मुद्दों, सीमा सहयोग-प्रबंधन के अलावा सीमा-पार बहने वाली नदियों के मामले में जरूरी तंत्र की जल्द अगली बैठक बुलाने पर जोर दिया है। चीन की राजधानी बीजिंग में होने वाली विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) के स्तर की अगली वार्ता को लेकर भी साथ मिलकर काम करने पर सहमति जताई है। बताते चलें कि कश्मीर को लेकर बीजिंग में चीन-पाकिस्तान के राष्ट्राध्यक्षों की बैठक के बाद एक संयुक्त बयान जारी किया गया था। जिसमें पाकिस्तान के साथ-साथ चीन ने कहा था कि कश्मीर मामले का समाधान संयुक्त राष्ट्र के चार्टर और सिद्धांतों के तहत शांतिपूर्ण ढंग से निकाला जाना चाहिए। जिसे भारत ने अपना अंदरूनी मामला बताते हुए खारिज कर दिया था।

### 60 महीने से ...

देश द्वारा जल्द से जल्द इनका निपटारा किया जाएगा। मामले को लेकर दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय समझौता भी है। जिसके तहत हमारे देश में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के लोगों को उनके देश में वापस भेजा जा सकता है।

### देश में इस साल ...

स्थिति और सामान्य से कम वर्षा का सामना करना पड़ सकता है। पूर्वोत्तर भारत वाले क्षेत्र में मानसून सामान्य रहने की उम्मीद है, जहां 94% से 106% तक बारिश हो सकती है। वहीं मध्य, उत्तर-पश्चिम और दक्षिण प्रायद्वीप वाले क्षेत्रों में मानसून काफी कमजोर रहेगा और वर्षा सामान्य से कम (92% से 94% से भी कम) दर्ज होने की संभावना है। मौसम वैज्ञानिकों ने कहा कि प्रशांत महासागर में तेजी से विकसित हो रहा अल नीनो भारतीय मानसून को कमजोर कर सकता है। इसका सबसे ज्यादा असर उत्तर भारत, खासकर उत्तर प्रदेश और बिहार पर पड़ने की संभावना है।

### किसी छोटे कर्मचारी ...

होगा। कोर्ट ने कहा कि किसी एक छोटे कर्मचारी को बलि का बकरा बनाकर व्यवस्था अपनी कमियों को छिपा नहीं सकती। कोर्ट ने केंद्र सरकार और मानव संसाधन मंत्रालय से हलफनामा मांगकर पूछा है कि आगे की परीक्षाएं कैसे कराई जाएंगी? इस पूरी प्रक्रिया में केंद्र सरकार का प्रतिनिधित्व मानव संसाधन मंत्रालय (शिक्षा मंत्रालय) को करना होगा, ताकि नीतिगत स्तर पर पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित हो सके।सुप्रीम कोर्ट ने देश के युवाओं को भरोसा दिया है कि उनके भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ या गड़बड़ी नहीं होने दी जाएगी।

### समस्या प्रश्नपत्र ...

तरह से मजबूत और अभूतपूर्व तरीके से सुरक्षित किया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिया कि 21 जून को होने वाली पुनर्परीक्षा में ऐसी कोई गड़बड़ी नहीं होगी।

### ड्रोन-विरोधी प्रशिक्षण...

लाने के लिए देश के हवाई अड्डों पर कई आधुनिक तकनीकों का क्रियान्वयन किया जा रहा है। बैठक के दौरान इन तकनीकों की प्रगति की समीक्षा की गई, जिनमें शामिल हैं :- डिजी यात्रा और आधार सत्यापन: यात्रियों के सुगम, कागज रहित और बायोमेट्रिक्स-आधारित आवागमन को सुनिश्चित करता है और सुरक्षित पहचान सत्यापन को मजबूत बनाता है। फुल बॉडी स्कैनर और सीसीटीवी वीडियो एनालिटिक्स: यात्रियों की अत्याधुनिक व बिना स्पर्श वाली (नॉन-इंट्रूसिव) सुरक्षा जांच सुनिश्चित करता है और संभावित खतरों की स्वचालित पहचान व रियल-टाइम मैपिंग में मदद करता है। केंद्रीकृत एक्सेस कंट्रोल और पेरीमीटर इंट्रूजन डिटेक्शन सिस्टम: संवेदनशील टर्मिनल क्षेत्रों के भीतर कर्मचारियों की आवाजाही को नियंत्रित व मॉनिटर करता है और हवाई अड्डे की बाहरी सीमाओं को घुसपैठ से सुरक्षित रखता है। **ऑटोमेटेड ट्रे रिटर्न सिस्टम और बम डिटेक्शन एंड डिस्पोजल सिस्टम:** केबिन बैगेज की जांच प्रक्रिया को तेज और सुगम बनाता है, साथ ही संभावित विस्फोटक खतरों की तत्काल पहचान कर उन्हें निष्क्रिय करने की अचूक क्षमता प्रदान करता है। महिला कमांडो और त्वरित प्रतिक्रिया दल का सशक्तिकरण हवाई अड्डों पर तैनात रहने वाले विशेष क्विक रिएक्शन टीम की युद्धक क्षमता को मजबूत करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 49 विमानन सुरक्षा समूहों के 659 कमांडो 'बैटल इनोकुलेशन ट्रेनिंग' पूरी कर चुके हैं। बल का लक्ष्य वर्ष 2026 के अंत तक देश के सभी 72 हवाई अड्डों पर तैनात क्यूआरटी कर्मियों को इस कड़े सैन्य प्रशिक्षण से लैस करना है। विमानन सुरक्षा के क्षेत्र में अनुसंधान और प्रशिक्षण को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए गृह मंत्रालय के समक्ष सीआईएसएफ विमानन सुरक्षा अकादमी की स्थापना का प्रस्ताव भी विचाराधीन है। इसके अलावा, बेंगलुरु स्थित 10वीं रिजर्व बटालियन को विशेष रूप से महिला क्यूआरटी/कमांडो प्रशिक्षण केंद्र के रूप में समर्पित किया गया है ताकि महत्वपूर्ण सुरक्षा भूमिकाओं में महिला बलकर्मियों को तैयार किया जा सके। महानिदेशक का संदेश बैठक को संबोधित करते हुए सीआईएसएफ के महानिदेशक प्रवीर रंजन ने बल के जवानों की कर्तव्यनिष्ठा और उनके पेशेवर रुख की सराहना की। उन्होंने सुरक्षा के साथ-साथ यात्रियों के अनुकूल माहौल तैयार करने पर जोर दिया और बताया कि एयरलाइंस तथा हवाई अड्डा ऑपरेटरों के सहयोग से सीआईएसएफ कर्मियों को 'सॉफ्ट स्किल्स' (व्यवहार कुशलता) का विशेष प्रशिक्षण दिया जा रहा है। उन्होंने बल की प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि सीआईएसएफ देश के संवेदनशील और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचों की रक्षा करने तथा आधुनिक तकनीकों एवं त्वरित सुरक्षा उपायों के जरिए नागरिकों को एक सुरक्षित माहौल प्रदान करने के लिए पूरी तरह संकल्पबद्ध है।

### 12वीं के छात्र 1 जून...

बाद की गतिविधियों को लेकर पोर्टल पर आवेदन करना चाहते हैं। वह 1 जून से इसका इस्तेमाल कर सकेंगे। मामले को लेकर लांच की तारीख को आगे बढ़ाने के पीछे सीबीएसई का उद्देश्य उत्तर पुस्तिकाओं के सत्यापन और पुनर्मूल्यांकन प्रक्रिया को पूरी तरह से निष्पक्ष, पारदर्शी और त्रुटिरहित बनाना है। जिसके जरिए इस पूरी प्रक्रिया से जुड़े उच्चतम मानकों और प्रोटोकॉल को सुनिश्चित किया जा सकेगा। बोर्ड ने यह भी कहा कि अगर इस विषय पर छात्र कुछ प्रश्न पूछना चाहते हैं। तो वह सीबीएसई की टेली काउंसलिंग हेल्पलाइन 1800118004 नंबर या बोर्ड की ईमेल आईडी पर संपर्क कर सकते हैं। मामले पर पूर्व में बोर्ड के पास छात्रों की तरफ से ब्लर आंसर शीट निकलने के अलावा कुछ अन्य मुद्दों को भी शिकायत के रूप में उठाया गया था।

**मेरी बेटी ने 8 वीं तक मराठी पढ़ी है: प्रधान:** वहीं, एक निजी न्यूज चैनल से बातचीत में राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के क्रियान्वयन से जुड़े त्रिभाषा सिस्टम को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि इस मामले में सर्वोच्च न्यायालय द्वारा लिए गए निर्णय का केंद्र सरकार पूरी तरह से पालन करेगी। जो भी शीर्ष न्यायालय द्वारा इस संबंध में कहा जाएगा। हम उसका पालन करेंगे। उन्होंने एक प्रकार से इस सिस्टम का बचाव करते हुए यह स्पष्ट किया कि सीबीएसई द्वारा इसे लेकर कोई नया सिस्टम लांच नहीं किया गया है। बोर्ड के कुल करीब 99% स्कूलों के कक्षा छठी से आठवीं तक के छात्र पहले ही अपनी मूल भाषा की पढ़ाई कर रहे हैं। ऐसे में बोर्ड का हालिया जारी किया गया सर्कुलर स्कूलों को अपनी इसी पुरानी कवायद को अगली कक्षा यानी नौवीं में भी जस का तस आगे बढ़ाने से संबंधित है। उन्होंने कहा कि मेरी बेटी ने भी आठवीं कक्षा तक मराठी भाषा की पढ़ाई की है।

**यूं उठा त्रिभाषा सिस्टम पर विवाद:** ज्ञात हो कि इस मामले पर विवाद बोर्ड द्वारा अगले शैक्षणिक सत्र 2026-27 से 9वीं कक्षा के छात्रों के लिए त्रिभाषा सिस्टम लागू करने की घोषणा के बाद बड़ी तादाद में छात्रों और अभिभावकों द्वारा जताई गई चिंताओं के बीच खड़ा हुआ है। उन्होंने बोर्ड के इस कदम को सर्वोच्च न्यायालय में चुनौती भी दी है। सीबीएसई ने अपने ऐलान में त्रिभाषा सिस्टम में दो भारतीय भाषाओं को शामिल करने पर जोर दिया है। न्यायालय ने इसे लेकर केंद्र, सीबीएसई और एनसीईआरटी से जवाब तलब किया है।

### हरियाणा में स्वास्थ्य...

उद्घाटन और 21.50 करोड रूपये की लागत से 16 स्वास्थ्य संस्थानों का शिलान्यास किया। इसके अलावा उन्होने जिला नागरिक अस्पताल सोनीपत में 6.45 करोड रूपये की लागत से विश्राम गृह का शिलान्यास, 0.34 करोड रूपये प्रतिवर्ष की लागत से 23 जिला अस्पताओं में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार क्लिनिक( महिला क्लिनिक) का शुभारंभ किया। इसके साथ ही उन्होने पीपीपी मॉडल के तहत सीटी स्कैन एंवं एमआरआई सेवाओं का विस्तार करते हुए 12 करोड रूपये की लागत से जिला अस्पताल पानीपत और कुरूक्षेत्र में एमआरआई और 10 करोड रूपये की लागत से सब डिविजनल अस्पताल बहादुरगढ और जिला अस्पताल दादरी में 10 करोड रूपये की लागत से सीटी स्कैन सेवाओं का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने हृदय रोगों की समय पर पहचान एवं उपचार हेतु 600 स्वास्थ्य संस्थाओं में 3 करोड रूपये प्रतिवर्ष की लागत से टेली-ईसीजी सेवाओं का शुभारंभ, कारपोरेट सोशल रिंसपोंसिबिलिटि के तहत 24 करोड रूपये से अधिक राशि के एनस्थिसिया वर्कस्टेशन, डिफिब्रिलेटर, एक्स-रे मशीन, टूनैट मशीन और आईसीयू बेड की व्यवस्था का शुभारंभ, 3.60 करोड रूपये प्रतिवर्ष की लागत से महर्षि च्वयन मैडिकल कोलेज, कोरियावास (नारनौल) और श्री अटल बिहारी वाजेपयी राजकीय मैडिकल कालेज छांयसा (फरीदाबाद) में निशुल्क डायलिसिस सुविधा का शुभारंभ, 1.73 करोड रूप्ये की लागत से 23 जिला अस्पतालों में आमजन को ब्रांडेड दवाईयां सस्ती दरों पर उपलब्ध करवाने के लिए अमृत फार्मेसी का शिलान्यास और 0.91 करोड रूपये की लागत से 4600 आशा कार्यकर्ताओं के लिए आपदा प्रबंधन का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

### पूर्व जज गिरिबाला ...

जून तक के लिए 5 दिन की सीबीआई रिमांड पर भेज दिया है। शुक्रवार, 29 मई 2026 को समर्थ की एक हफ्ते की रिमांड खत्म होने पर, मेडिकल परीक्षण के बाद दोनों आरोपियों को भोपाल जिला अदालत में महिला अपराध मामलों की न्यायाधीश शोभना भलावी के समक्ष पेश किया गया था। सीबीआई अब दोनों आरोपियों को आमने-सामने बैठाकर कड़ी पूछताछ करेगी। जांच एजेंसी ट्विशा की मौत से पहले के आखिरी घंटों की गतिविधियों को समझने के लिए हाईटेक तकनीक का सहारा ले रही है। सीबीआई 'टनल व्यू' तकनीक के जरिए कटारा हिल्स स्थित ससुराल के घटनास्थल का वर्चुअल रीक्रिएशन करेगी। इसके तहत आरोपियों के मोबाइल नंबरों की कॉल डिटेल, मैसेज, वाई-फाई लॉग्स और घर के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### सिर की चोट और ...

घर के सीसीटीवी कैमरों के टाइमस्टैंप में बदलाव और साक्ष्यों से छेड़छाड़ के संदेह के आधार पर ही पूर्व जज गिरिबाला सिंह की गिरफ्तारी हुई है।

### सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट...

शनिवार को देश के तीसरे सीडीएस के रूप में अपना कार्यभार संभालेंगे। इसके ठीक अगले दिन यानी रविवार (31 मई) को नौसेनाप्रमुख एडमिरल दिनेश कुमार त्रिपाठी सेवानिवृत्त होंगे। उनकी जगह पर वाइस एडमिरल कृष्णा स्वामीनाथन देश के अगले नौसेनाप्रमुख के रूप में अपना दायित्व संभालेंगे। सूत्रों ने बताया कि रविवार को अवकाश के चलते हो सकता है कि वाइस एडमिरल स्वामीनाथन भी 30 मई को ही अपनी इस महत्वपूर्ण जिम्मेदारी को संभाल सकते हैं।

### जवाब जानने दिल्ली...

**उप मुख्यमंत्री पर दबाव :** मुख्यमंत्री पद पर बदलाव के साथ ही उपमुख्यमंत्री पद को लेकर भी कांग्रेस के भीतर हलचल तेज हो गई है। पार्टी के कुछ नेताओं और कार्यकर्ताओं ने वर्तमान वन, पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण मंत्री ईश्वर खंडारे को डिप्टी सीएम बनाए जाने की मांग उठाई है। कांग्रेस महासचिव और कर्नाटक प्रभारी को लिखे गए पत्र में नेताओं ने कहा कि राज्य को "अनुभवी, सामाजिक रूप से समावेशी और संगठनात्मक रूप से मजबूत नेतृत्व" की आवश्यकता है, जिससे सरकार और पार्टी दोनों को मजबूती मिल सके। पत्र में कहा गया कि ईश्वर खंडारे का प्रशासनिक अनुभव, जमीनी पकड़, क्षेत्रीय स्वीकार्यता और वीरशैव-लिंगायत समुदाय में सम्मानजनक छवि उन्हें उपमुख्यमंत्री पद के लिए उपयुक्त बनाती है। नेताओं ने यह भी तर्क दिया कि खंड्रे की नियुक्ति कांग्रेस की सामाजिक न्याय, क्षेत्रीय प्रतिनिधित्व और सामूहिक नेतृत्व की प्रतिबद्धता को मजबूत करेगी। इससे ग्रामीण क्षेत्रों और पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं में भी सकारात्मक संदेश जाएगा।

**कोलार का प्रतिनिधित्व हो मंत्रिमंडल में :** इसी बीच कर्नाटक के कई विधायकों ने दिल्ली पहुंचकर कांग्रेस अध्यक्ष से मुलाकात की और कोलार जिले को मंत्रिमंडल में उचित प्रतिनिधित्व देने की मांग की। नेताओं ने खड़गे को लिखे पत्र में कहा कि कोलार जिले से तीन नेताओं को मंत्रिमंडल में शामिल किया जाना चाहिए। इसके लिए उन्होंने विधायकों के नाम सुझाए। सात वरिष्ठ नेताओं द्वारा हस्ताक्षरित पत्र में कहा गया कि कोलार जिले के नेताओं ने कांग्रेस को मजबूत करने और अधिक सीटें जिताने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। ऐसे में मौजूदा कैबिनेट विस्तार में जिले को पर्याप्त प्रतिनिधित्व मिलना चाहिए।

**34 कैबिनेट मंत्री बन सकते हैं :** संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार कर्नाटक मंत्रिमंडल में मुख्यमंत्री समेत अधिकतम 34 सदस्य हो सकते हैं। ऐसे में डीके शिवकुमार के सामने सबसे बड़ी चुनौती क्षेत्रीय, जातीय और राजनीतिक संतुलन बनाए रखते हुए मंत्रिमंडल का गठन करना होगा। कांग्रेस सूत्रों के अनुसार, पार्टी नेतृत्व नहीं चाहता कि नेतृत्व परिवर्तन के बाद किसी भी वर्ग या क्षेत्र में असंतोष की स्थिति बने। इसलिए कैबिनेट गठन में सभी प्रमुख समुदायों और क्षेत्रों को प्रतिनिधित्व देने की कोशिश की जा रही है।

**शुद्धिपत्र / सुधार सूचना**

आरओएफ इंफ्राटेक एंड हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड
"ANTARES BY ROF", सेक्टर-07, सोहन, गुरुग्राम, हरियाणा
लाइसेंस संख्या / वर्ष: 182 / 2024, दिनांक: 10-12-2024
हरेरा पंजीकरण संख्या: 29 / 2026, दिनांक: 13.04.2026
पंजीकृत कार्यालय: एम-18, मार्केट एम-ब्लॉक, ग्रेटर कैलाश-II, नई दिल्ली-110048
कॉर्पोरेट कार्यालय: बिल्डिंग संख्या 80, पहली मंज़िल, सेक्टर-44, गुरुग्राम
कॉल करें: 0124-4399399 | www.rof.co.in

यह हमारे पिछले विज्ञापन के संदर्भ में है, जो दिनांक 27.05.2026 को 'हरि भूमि' और 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित विज्ञापन हमारे प्रोजेक्ट 'ANTARES BY ROF' के पहले ई-ड्रॉ के बारे में था। यह प्रोजेक्ट 'अफोर्डेबल ग्रुप हाउसिंग पॉलिसी, 2013' के तहत, लाइसेंस संख्या 182 वर्ष 2024, दिनांक 10.12.2024 के अंतर्गत, आरओएफ इंफ्राटेक और हाउसिंग प्राइवेट लिमिटेड द्वारा विकसित किया जा रहा है।
इसके द्वारा सूचित किया जाता है कि एक टाइपिंग की गलती के कारण, 27.05.2026 को 'हरि भूमि' और 'दैनिक भास्कर' में प्रकाशित विज्ञापन में, कारपेट एरिया पर 'बेसिक सेल्स प्राइस' गलती से रू. 88881/- प्रति वर्ग फुट लिख दिया गया था।
हालाँकि, कारपेट एरिया पर सही 'बेसिक सेल्स प्राइस' रू. 5450/- प्रति वर्ग फुट है।
सभी संबंधित आवेदकों और हितधारकों से अनुरोध है कि वे पिछले विज्ञापन में जहाँ कहीं भी इसका उल्लेख किया गया हो, वहाँ कारपेट एरिया पर 'बेसिक सेल्स प्राइस' को रू. 5450/- प्रति वर्ग फुट ही पढ़ें।
बाकी सभी विवरण और नियम व शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी।

## निर्माणाधीन पुल का स्लैब गिराः 6 की मौत, 3 मजदूरों को बचाया

एजेंसी ▶▶ हमीरपुर



हमीरपुर में बेतवा नदी पर बन रहे निर्माणाधीन पुल का स्लैब शुक्रवार देर रात 2 बजे गिर गया। हादसे में 6 मजदूरों की मौत हो गई। एसडीआरएफ ने मलबे में फंसे 3 मजदूरों को निकाला। साढ़े 7 घंटे तक रेस्क्यू ऑपरेशन चला।

यूपी ब्रिज कॉरपोरेशन के एमडी धर्मवीर सिंह ने बताया कि आंधी-बारिश के कारण स्लैब गिरा और नीचे सो रहे मजदूर दब गए। हादसे के बाद सहायक अभियंता गजेंद्र चौधरी को निलंबित कर दिया गया है। डीपीएम दिलीप कुमार पर विभागीय कार्रवाई शुरू की जा रही है। मौसम विभाग के मुताबिक देर रात 70-80 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से आंधी चली थी। हादसा शहर से 25 किमी. दूर ललपुरा इलाके में हुआ। मृतकों में 4 बांदा, 2 हमीरपुर के रहने वाले थे। अधिकारियों ने बताया कि रात ढाई बजे से शुरू हुआ रेस्क्यू ऑपरेशन पूरा हो चुका है।

**एसबीईसी शुगर लिमिटेड**
रजि. कार्यालय: ग्राम लोयन मलकपुर, तहसील बड़ौत, जिला: बागपत, उत्तर प्रदेश-250611
सीआईएन: L15421UP1991PLC019160
दूरभाष: 01234-259206 फैक्स:91-1234-259200
ई-मेल: investors@sbecsugar.com, वेबसाइट: www.sbecsugar.com

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों (स्टैंडअलोन और समेकित) का सारांश

(रुपये लाख में)

| क्रम सं. | विवरण | स्टैंडअलोन: तिमाही समाप्त 31.03.2026 लेखापरीक्षित | स्टैंडअलोन: तिमाही समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित | स्टैंडअलोन: वर्ष समाप्त 31.03.2026 लेखापरीक्षित | समेकित: तिमाही समाप्त 31.03.2026 लेखापरीक्षित | समेकित: तिमाही समाप्त 31.03.2025 लेखापरीक्षित | समेकित: वर्ष समाप्त 31.03.2026 लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल आय | 15552.56 | 20383.83 | 53738.80 | 20946.01 | 55253.71 | |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण और/या असाधारण मदें) | 670.44 | 4547.65 | (6280.89) | 16125.05 | 4724.94 | (6394.63) |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (असाधारण और/या असाधारण मदों और सहयोगियों के लाभ/हानि के हिस्से के बाद) | 670.44 | 4547.65 | (6280.89) | 798.34 | 11395.44 | 1939.62 |
| 4 | शुद्ध लाभ/(हानि) कर के बाद की अवधि के लिए (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 670.44 | 4547.65 | (6280.89) | 9132.59 | 11305.62 | 1865.54 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इस अवधि के लिए लाभ/(हानि) शामिल है (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 758.89 | 4518.63 | (6218.79) | 9058.52 | 11323.21 | 2413.23 |
| 6 | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी | 4765.39 | 4765.39 | 4765.39 | 9632.24 | 4765.39 | 4765.39 |
| 7 | पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | | | (10872.40) | | | 9558.67 |
| 8 | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (निरंतर और बंद परिचालन के लिए) | | | | | | |
| | ए. मूल | 1.41 | 9.54 | (13.18) | 19.01 | 23.72 | 3.91 |
| | बी. तनुकृत | 1.41 | 9.54 | (13.18) | 19.01 | 23.72 | 3.91 |

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही और वर्ष समाप्त वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sbecsugar.com पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा की गई है और लेखापरीक्षा समिति द्वारा संस्तुति की गई है तथा निदेशक मंडल द्वारा 29 मई, 2026 को आयोजित अपनी-अपनी बैठकों में अनुमोदित किया गया है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड-एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जिन्हें कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम (संशोधित) के साथ पढ़ा गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
हस्ता/-
उमेश कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं सभापति
डीआईएन: 00002757

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 29.05.2026

**एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड**
सीआईएन : L74210DL1987PLC029979
पंजीकृत कार्यालय: 1400, हेमकुंट टॉवर, 98, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019
टेलीफोन: +91-11-42504842
ई-मेल: sbecsystems@rediffmail.com, वेबसाइट: www.sbecsystems.in

31 मार्च, 2026 को समाप्त तिमाही और वर्ष के लिए लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का सारांश (पृथकृत और समेकित)

(रुपये लाख में)

| क्रम सं. | विवरण | स्टैंडअलोन: तिमाही समाप्त 3 महीने समाप्त 31 मार्च, 2026 लेखापरीक्षित | स्टैंडअलोन: वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2026 लेखापरीक्षित | स्टैंडअलोन: वर्ष समाप्त संगत 3 महीने, जो 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए लेखापरीक्षित | समेकित: तिमाही समाप्त 3 महीने समाप्त 31 मार्च, 2026 लेखापरीक्षित | समेकित: वर्ष समाप्त 31 मार्च, 2026 लेखापरीक्षित | समेकित: वर्ष समाप्त संगत 3 महीने, जो 31 मार्च, 2025 को समाप्त हुए लेखापरीक्षित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कुल आय | 106.10 | 394.80 | 105.59 | 106.10 | 394.80 | 105.59 |
| 2 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) (कर से पहले, असाधारण और/या असाधारण मदें) | 38.99 | 12.83 | 51.87 | 38.99 | 12.83 | 51.87 |
| 3 | अवधि के लिए शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पहले (असाधारण और/या असाधारण मदों और सहयोगियों के लाभ/हानि के हिस्से के बाद) | 38.99 | 12.83 | 51.87 | 38.99 | 12.83 | 51.87 |
| 4 | शुद्ध लाभ/(हानि) कर के बाद की अवधि के लिए (असाधारण और/या असाधारण मदों के बाद) | 177.42 | 151.26 | 141.61 | 177.42 | 151.26 | 141.61 |
| 5 | अवधि के लिए कुल व्यापक आय [इस अवधि के लिए लाभ/(हानि) शामिल है (कर के बाद) और अन्य व्यापक आय (कर के बाद)] | 177.42 | 151.26 | 141.61 | 177.42 | 151.26 | 141.61 |
| 6 | चुकता इक्विटी शेयर पूंजी | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 | 1000.00 |
| 7 | पिछले वर्ष की बैलेंस शीट के अनुसार पुनर्मूल्यांकन रिजर्व को छोड़कर रिजर्व | – | –646.73 | – | – | –2069.82 | – |
| 8 | प्रति शेयर आय (ईपीएस) (निरंतर और बंद परिचालन के लिए) | | | | | | |
| | ए. मूल | 1.77 | 1.51 | 1.42 | 1.77 | 1.51 | 1.42 |
| | बी. तनुकृत | 1.77 | 1.51 | 1.42 | 1.77 | 1.51 | 1.42 |

टिप्पणियाँ:
1. उपरोक्त सेबी (सूचीबद्धता और अन्य प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियमन, 2015 के विनियमन 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में दाखिल तिमाही वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का एक अंश है। तिमाही वित्तीय परिणामों का पूरा प्रारूप स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट www.bseindia.com और कंपनी की वेबसाइट www.sbecsystems.in पर उपलब्ध है।
2. उपरोक्त वित्तीय परिणामों की समीक्षा की गई है और लेखापरीक्षा समिति द्वारा इसकी संस्तुति की गई है तथा 29 मई, 2026 को आयोजित अपनी-अपनी बैठकों में निदेशक मंडल द्वारा अनुमोदित किया गया है।
3. वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानकों (इंड-एएस) के अनुसार तैयार किए गए हैं, जिन्हें कंपनी (भारतीय लेखा मानक) नियम (संशोधित) के साथ पढ़ा गया है

बोर्ड के आदेश से
एसबीईसी सिस्टम्स (इंडिया) लिमिटेड के लिए
हस्ता/-
विजय कुमार मोदी
अध्यक्ष एवं निदेशक
डीआईएन: 00004606

स्थान: नई दिल्ली
दिनांक: 29.05.2026



# आजकल बच्चों वाली फिल्में कम बनती हैं : जैकी

**मुंबई।** अभिनेता जैकी श्रॉफ इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'द ग्रेट ग्रैंड सुपरहीरो - एलियंस का आगमन'को लेकर चर्चाओं में हैं। जैकी फिल्म के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह बच्चों के लिए बनी एक फन लविंग फिल्म है। इस बीच जैकी श्रॉफ ने कहा कि यह शैली उनके दिल के बेहद करीब है, क्योंकि यह मेनस्ट्रीम सिनेमा से गायब एक खास पहलू को छूती है। एक बातचीत के दौरान जैकी श्रॉफ ने फिल्म को लेकर कहा कि आजकल बच्चों की फिल्में बहुत कम बनती हैं और अगर कोई फिल्म बच्चों, उनके सपनों, उनकी मासूमियत के बारे में हो तो मुझे उसे पर्दे पर उतारना अच्छा लगता है। फिल्मों में हमें ये सब देखने को नहीं मिलता। मैं हर तरह की फिल्में करता हूं, लेकिन यह शैली मेरे दिल के बेहद करीब है क्योंकि हम सभी के अंदर एक बच्चा छिपा होता है। बचपन में अथर्ववेद, आयुर्वेद, ऋग्वेद पढ़ने के बजाय, हम 'जैक एंड जिल वेंट अप द हिल', 'रिंग-ए-रिंग-ए-रोजेज' और 'अलादीन' पढ़ते थे। हम उन चीजों के बारे में नहीं सीख रहे हैं जो वास्तव में भारतीय हैं। मुझे लगता है कि ये वो चीजें हैं, जो हमने बचपन में खो दीं।

## लाइफ Style

# कियारा 'किसी से हाय-हेलो मत करना'



एक्टर यश और कियारा आडवाणी जल्द ही फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स'में नजर आने वाली हैं। हाल ही में एक इंटरव्यू में उन्होंने इस फिल्म के अनुभव के बारे में खुलकर बात की। एक इंटरव्यू में कियारा ने बताया कि फिल्म की डायरेक्टर गीतू मोहनदास ने उनसे सेट पर एक खास बात के लिए कहा था। उन्होंने कहा, 'गीतू ने मुझसे कहा कि जब तुम कल सेट पर आओ, तो मैं चाहती हूं कि तुम अपने किरदार में ही रहो।

एजेंसी ⏭ मुंबई

मैं आमतौर पर सेट पर जाते ही सबसे हाय, हेलो, गुड मॉर्निंग कहती हूं, मैं वैसी ही इंसान हूं। लेकिन, उन्होंने मुझसे साफ कहा कि मुझे कोई फॉर्मेलिटी नहीं चाहिए। मैं चाहती हूं कि तुम सीधे अपने किरदार के जोन में आओ। किसी से 'हाय-हेलो'मत करना, अपनी टीम से भी नहीं, बस पूरे दिन उसी जोन में रहना।' कियारा आडवाणी ने यह भी माना कि इस फिल्म पर काम करना उनके लिए काफी 'चैलेंजिंगरहा, क्योंकि उन्हें कन्नड़ भाषा में भी शूट करना पड़ा। उन्होंने कहा, 'कन्नड़ में काम करना मेरे लिए नया अनुभव था। मैं कहूंगी कि 'टॉक्सिक'मेरे लिए इसलिए भी मुश्किल रही क्योंकि पहली बार हमने एक ही सीन को अंग्रेजी और कन्नड़ दोनों में शूट किया। पहले हम उस सीन को अंग्रेजी में करते थे, जब तक परफेक्ट टेक नहीं मिल जाता। उसके बाद उसी सीन को कन्नड़ में शूट करते थे।' कियारा ने आगे बताया, 'मेरे लिए कन्नड़ मेरी भाषा नहीं है, इसलिए मुझे अपने डायलॉग्स एक रात पहले ही रटने पड़ते थे।'बता दें कि केवीएन प्रोडक्शंस और मॉन्स्टर माइंड क्रिएशंस के बैनर तले बनी फिल्म 'टॉक्सिक ए फेयरी टेल फॉर ग्रोन अप्स' में यश, नयनतारा, हुमा कुरैशी, रुक्मिणी वसंत और तारा सुतारिया भी अहम भूमिकाओं में नजर आएंगे। यह फिल्म पहले 4 जून को रिलीज होने वाली थी, लेकिन अब इसे एक बार फिर टाल दिया गया है। फिलहाल फिल्म की नई रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है।

## हॉलीवुड मसाला

# जॉन रैम्बो में मुख्य भूमिका निभाएंगे नोआ



**लॉस एंजिल्स।** सिल्वेस्टर स्टेलोन की मशहूर फिल्म रैम्बो सीरीज की अगली फिल्म जॉन रैम्बो जल्द ही सिनेमाघरों में दस्तक देगी। शुक्रवार को निर्माताओं ने फिल्म की रिलीज डेट की घोषणा कर दी है। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन नहीं, बल्कि नोआ सेंटिनियो मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। 'जॉन रैम्बो' फिल्म 'रैम्बो' के शुरुआती दिनों की कहानी दिखाएगी, जो 1982 में आई इस सीरीज की पहली फिल्म 'फर्स्ट ब्लड' से भी पहले के समय पर आधारित है। 'जॉन रैम्बो' 4 जून, 2027 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म में मुख्य भूमिका नोआ सेंटिनियो निभाएंगे। इस फिल्म में सिल्वेस्टर स्टेलोन की जगह अब नोआ सेंटिनियो मुख्य किरदार 'जॉनी रैम्बो' के रूप में नजर आएंगे। इस फिल्म में डेविड हार्बर 'मेजर ट्रॉटमैन' की भूमिका निभाएंगे। उनके साथ जेम्स फ्रैंको, जेसन टोबिन और क्विंसी यशायाह जैसे कई बाकी कलाकार भी अहम रोल में दिखेंगे।



# तलाक के बाद जेनिफर ने हटवाया बेन का टैटू

**लॉस एंजिल्स।** सिंगर और एक्ट्रेस जेनिफर लोपेज की एक फोटो सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रही है। जिसके बाद से ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि उन्होंने अपने एक्स-हसबैंड बेन एफ्लेक के नाम वाला टैटू कवर कर लिया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, जेनिफर ने मेमोरियल डे के मौके पर अपने इंस्टाग्राम पर कुछ तस्वीरें शेयर कीं। उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'आज का दिन मैं अपने करीबियों के साथ बिता रही हूं। सभी को हैप्पी मेमोरियल डे।'इन तस्वीरों में से एक में वह अपने बेटे मैक्सिमिलियन 'मैक्स'मुनिज के साथ नजर आईं, जो उनके और उनके एक्स-हसबैंड मार्क एंथनी के बेटे हैं। इस फैमिली गैदरिंग के दौरान जेनिफर ने बैकलेस ड्रेस पहनी हुई थी, जिसमें उनका टैटू साफ दिखाई दे रहा था। पहले इस टैटू में एक इन्फिनिटी साइन था, जिसमें जेनिफर और बेन दोनों के नाम लिखे थे और उसके ऊपर एक एरो बना था। लेकिन, अब जो तस्वीर सामने आई है, उसमें जेनिफर नाम तो दिख रहा है, लेकिन बेन का नाम कवर किया हुआ नजर आ रहा है। जेनिफर ने यह टैटू फरवरी 2023 में वैलेंटाइन डे के मौके पर दिखाया था, जब वह और बेन एफ्लेक शादी के बाद अपना पहला वैलेंटाइन मना रहे थे। उस समय उन्होंने लिखा था, 'कमिटमेंट... हैप्पी वैलेंटाइंस डे माय लव।



# पिरामिड स्कीम का ट्रेलर रिलीज नए अंदाज में दिखे शेखर


**नई दिल्ली।** सीरीज 'द पिरामिड स्कीम' का ट्रेलर रिलीज हो चुका है। सीरीज के ट्रेलर में बिजनेस के जरिए अपने सपनों और कामयाबी हासिल करने की ख्वाहिश लिए कुछ किरदार नजर आ रहे हैं। ट्रेलर में करोड़पति बनने के रास्ते में आने वाले उतार-चढ़ावों को मजाकिया अंदाज में दिखाया गया है। कभी न कभी नेटवर्क मार्केटिंग से सभी का सामना होता है। कोई मजबूरी में इस काम से जुड़ता है तो कोई इसकी चकाचौंध देख कर। ट्रेलर में एक लड़का दिखाया गया है, जो पिता से अपने बिजनेस के लिए पैसे मांग रहा है। मगर पिता दे नहीं रहे हैं। इस लड़के के अलावा सीरीज में एक बिजनेसमैन भी है, जो नेटवर्क मार्केटिंग के बिजनेस के सपने लोगों को दिखाता है। अभिनेता शेखर सुमन को आखिरी बार सीरीज 'हीरामंडी' में देखा गया था। इसके बाद अब वो 'द पिरामिड स्कीम' सीरीज में दिखाई देंगे।



# अली स्टारर राख की रिलीज डेट आई सामने

**मुंबई।** अली फजल और सोनाली बेंद्रे स्टारर आगामी इन्वेस्टिगेटिव थ्रिलर सीरीज 'राख'की रिलीज डेट अब सामने आ गई है। मेकर्स की ओर से सोशल मीडिया पर सीरीज से अली फजल का एक पोस्टर साझा किया गया है। इसके साथ ही मेकर्स ने रिलीज डेट भी घोषित कर दी है। पोस्टर में अली फजल पुलिस की वर्दी में नजर आ रहे हैं। उनके सामने एक लाश जैसी पड़ी मालूम हो रही। अली काफी इंटेंस और परेशान नजर आ रहे हैं। इसके साथ कैप्शन में मेकर्स ने लिखा, 'दबे हुए सच हमेशा अपना रास्ता खोज ही लेते हैं।' राख 12 जून से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम करेगी। राख एक इन्वेस्टिगेटिव ड्रामा सीरीज है, जो अपराधी की मानसिकता और आम जिंदगी के पीछे छिपे डार्कनेस को दिखाती है। जब दो लड़के अचानक गायब हो जाते हैं, तो एक खुशहाल परिवार टूट जाता है और पूरा शहर दहशत में आ जाता है।

## टीवी मसाला



# अगर आप कोई स्टार नहीं हैं तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता

**नई दिल्ली।** टीवी एक्ट्रेस और इंटरनेट पर्सनैलिटी उर्फी जावेद अक्सर अजीब ड्रेस पहनने को लेकर चर्चा में रहती हैं। हाल ही में उन्होंने एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने मुश्किल सफर के बारे में बात की है। उन्होंने यह भी बताया कि सोशल मीडिया से उनकी जिंदगी बदलने से पहले, उनके टेलीविजन के दिन कितने मुश्किल थे। सोहा अली खान के पॉडकास्ट पर बातचीत के दौरान, उर्फी ने बताया मुश्किलों का सामना करने के बावजूद, उन्होंने हमेशा एक स्टार बनने और मुंबई में एक आरामदायक जिंदगी जीने का सपना देखा था। उन्होंने बताया कि वह अपने जालिम पिता से बचने के लिए घर से भाग गई थीं। उर्फी ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने बॉलीवुड प्रोजेक्ट्स के लिए ऑडिशन देने की कोशिश की, लेकिन जल्द ही उन्हें एहसास हो गया कि इंडस्ट्री में बिना किसी जान-पहचान के मौके मिलना बहुत मुश्किल है। इसके बाद उन्होंने यह सोचकर टेलीविजन का रुख किया, कि वहां काम मिलना शायद आसान होगा। हालांकि ऐसा नहीं था। टीवी में उन्हें अक्सर साइड रोल ही मिले। टेलीविजन इंडस्ट्री में अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए उर्फी ने कहा, 'अगर आप कोई स्टार नहीं हैं या लीड रोल में नहीं हैं, तो कोई भी आपको कुछ नहीं समझता। अगर आप कोई साइड कैरेक्टर हैं, तो आपके साथ अच्छा बर्ताव नहीं किया जाता।'

## अर्चना ने समीरा के बगीचे से तोड़े काजू

**नई दिल्ली।** समीरा रेड्डी उन फिल्मी सितारों में से एक हैं जो मुंबई की चकाचौंध से दूर गोवा में सुकून भरी जिंदगी जीने में यकीन करती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस अर्चना पूरन सिंह अपने परिवार के साथ समीरा रेड्डी के घर घूमने पहुंचीं। इस दौरान अर्चना ने पहली बार अपने हाथ से काजू तोड़े जिसे संभालकर रखने की बात करती दिखीं। अर्चना पूरन सिंह ने समीरा रेड्डी ने इंस्टाग्राम स्टोरीज पर एक वीडियो पोस्ट किया। इस वीडियो में अर्चना समीरा के गार्डन से ऑर्गैनिक रियल काजू तोड़कर बेहद खुश नजर आ रही हैं। वो कह रही हैं कि ये काजू वो हमेशा अपने साथ एक याद के तौर पर रखेंगी। वीडियो में अर्चना अपने परिवार के साथ समीरा के गार्डन में दिख रही हैं। शेयर किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि अर्चना पूरन सिंह पूरे परिवार के साथ समीरा के बगीचे में काजू का फल तोड़ती हैं जबकि समीरा उन्हें इस मजेदार अनुभव के बारे में बताती हैं। वहीं, अर्चना कहती हैं कि इसे वो खास याद के तौर पर रखेंगी। उसी बीच अर्चना के पति परमीत सेठी याद दिलाते हैं कि भारती सिंह के बेटे का नाम भी काजू है। इस वीडियो में अर्चना और परमीत के बेटे आर्यमन सेठी और आयुष्मान सेठी भी नेचर का लुत्फ उठाते दिखाई दे रहे हैं।



# सलमान ने खास दोस्तों को दिखाई मातृभूमि की झलक



**मुंबई।** बॉलीवुड के सुपरस्टार सलमान खान इन दिनों अपनी आगामी फिल्म 'मातृभूमि' को लेकर लगातार सुर्खियों में बने हुए हैं। हाल ही में सलमान ने अपनी फिल्म 'मातृभूमि' का रफ कट वर्जन कई निर्देशकों को एक साथ दिखाया। जिसकी एक खास झलक सुभाष घई ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर की है। मशहूर फिल्ममेकर सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर इस शाम की एक तस्वीर शेयर की है। इस फोटो में सलमान खान के साथ सूरज बड़जात्या, डेविड धवन, कबीर खान, रूमी जाफरी, रितेश देशमुख, चित्रांगदा सिंह, सिद्धार्थ रॉय कपूर और अपूर्व लाखिया जैसे कई बड़े सितारे नजर आ रहे हैं। तस्वीर में सलमान खान काले कपड़ों में और चित्रांगदा सिंह सफेद कपड़ों में बेहद सुंदर लग रही थीं। फोटो शेयर करते हुए सुभाष घई ने इंस्टाग्राम पर लिखा, 'आज अपने पसंदीदा निर्देशकों को एक साथ देखना बहुत अच्छा लगा। हम सब अपूर्व लाखिया की फिल्म 'मातृभूमि' को देखने आए थे। इस फिल्म में सलमान खान और चित्रांगदा मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म गलवां सीमा पर भारत और चीन के सैनिकों की एक भावुक कहानी पर आधारित है, जो दोनों देशों के सैनिकों की अपने परिवार और देश के प्रति भावनाओं को दिखाती है। फिल्म का मुख्य संदेश शांति और सम्मान है।' इसी के साथ सुभाष ने सलमान का शुक्रिया अदा करते हुए लिखा, 'सलमान, हमें बुलाने के लिए शुक्रिया। हम फिल्म की बड़ी सफलता की कामना करते हैं।' सलमान खान का इस स्क्रीनिंग में आए सभी निर्देशकों के साथ बहुत पुराना और गहरा रिश्ता है।

# जून में रिलीज होंगीं ये हिंदी फिल्में

**नई दिल्ली।** जून का महीना सिनेमा लवर्स के लिए खास रहने वाला है। ओटीटी पर शानदार फिल्में और सीरीज रिलीज हो रही हैं। इसके अलावा, सिनेमाघरों में भी कुछ बेहतरीन फिल्में रिलीज हो रही हैं। जून के महीने में हिंदी, इंग्लिश और भारत की क्षेत्रीय भाषाओं को मिलाकर 20 से ज्यादा फिल्में सिनेमाघरों में जून में रिलीज होंगी। हम आपको उन फिल्मों के नाम बता रहे हैं जो हिंदी भाषा में रिलीज होंगी। 10 हिंदी फिल्में जून के महीने में सिनेमाघरों में रिलीज हो रही हैं।

**पेड्डी :** ये एक तेलुगु भाषा की फिल्म है जिसे हिंदी भाषा में भी रिलीज किया जाएगा। फिल्म में राम चरण, जाह्नवी कपूर, विजय सेतुपति, दिव्येन्दु और शिव राजकुमार जैसे कलाकार नजर आनेवाले हैं। फिल्म को बुची बाबू सना ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः स्पोर्ट्स एक्शन ड्रामा, रिलीज डेटः 4 जून।

## 12 जून को 4 फिल्मों का होगा क्लैश



**गवर्नर :** इस फिल्म में मनोज बाजपेयी, अदा शर्मा और मधु शाह जैसे कलाकार नजर आएंगे। फिल्म को चिनमय मंडलेकर ने डायरेक्ट किया है। जॉनरः पीरियोडिक थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**मैं वापस आउंगा :** फिल्म को इम्तियाज अली ने डायरेक्ट किया है। इस फिल्म में दिलजीत दोसांझ, शारवरी वाघ, नसीरुद्दीन शाह और वेदांग रैना जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः रोमांटिक ड्रामा, रिलीज डेटः 12 जून।

भारत भाग्य विधाता। कंगना रनौत और गिरिजा ओक जैसे कलाकार इस फिल्म में नजर आएंगे। फिल्म को मनोज तापड़िया ने डायरेक्ट किया है। ये फिल्म सच्ची कहानी पर आधारित फिल्म होगी। जॉनरः ड्रामा थ्रिलर, रिलीज डेटः 12 जून।

**है जवानी तो इश्क होना है :** वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े की इस फिल्म को डेविड धवन ने डायरेक्ट किया है। वरुण धवन ने फिल्म में जस का किरदार निभाया है। इस फिल्म में सलमान खान के चुनरी-चुनरी गाने का

**बंदर :** इस डार्क क्राइम थ्रिलर को अनुराग कश्यप ने डायरेक्ट किया है। बॉबी देओल इस फिल्म में लीड रोल में नजर आएंगे। बॉबी देओल के साथ फिल्म में सान्या मल्होत्रा और सबा आजाद जैसे कलाकार नजर आएंगे। **जॉनरः** डार्क क्राइम थ्रिलर, रिलीज डेटः 5 जून।

**हॉंटेड थ्रीडीः** ईकोज ऑफ द पास्ट : विक्रम भट्ट ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। ये फिल्म साल 2011 में आई फिल्म हॉंटेड थ्रीडी का सीक्वल है। इस फिल्म में महाक्षय चक्रवर्ती, चेतना पांडे, श्रुति प्रकाश और हेमंत पांडे जैसे कलाकार नजर आएंगे। जॉनरः हॉरर, रिलीज डेटः 12 जून।

## 7 पतियों की मौत, मिला ये कल्ट गाना, दिलचस्प है इस गाने की कहानी

# 166 साल पुराने रूसी लोकगीत पर बना ये हिंदी सॉन्ग, ऊषा ने दी आवाज

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय सिनेमा में ऐसे कई सिंगर्स हैं, जिनके काम को खूब पसंद किया और जिन्होंने सालों तक काम किया। लेकिन, उनके काम को वो पहचान नहीं मिली, जिसके वह हकदार थे। ऐसा ही बॉलीवुड की एक सिंगर के साथ हुआ, जब उन्होंने एक ऐसे गाने को बनाया जिसने उन्हें उनके करीब 40 साल के कॅरियर में पहली बार उन्हें अवॉर्ड दिलाया था और यह सब उनके एक गाने की वजह से हुआ था और आज उसी कल्ट गाने की कहानी जानते हैं।

### कौन सा है वो गाना?

बॉलीवुड की मशहूर सिंगर ऊषा उत्थुप ने सिनेमा में कई यादगार गाने दिए, लेकिन उन गानों के लिए उन्हें कभी वो सराहना या बड़े सम्मान नहीं दिए गए। फिर साल 2011 में ऊषा उत्थुप को एक फिल्म का ऑफर आया और इस फिल्म का नाम था '7 खून माफ' । यह वही फिल्म है, जिसमें प्रियंका चोपड़ा ने मुख्य किरदार निभाया था। इस फिल्म में ऊषा ने मैगी का किरदार निभाया। इसी फिल्म में एक गाना था, जिसका नाम था 'डार्लिंग' इस गाने को ऊषा ने ही अपनी आवाज दी थी और उनके साथ रेखा भारद्वाज ने भी इस गाने को गाया था।



### इस गाने के लिए अवॉर्ड मिला

*इस गाने के लिए ऊषा उत्थुप को अवॉर्ड भी मिला और ये उनके जीवन के एक बड़ी उपलब्धि थी। आमतौर पर बॉलीवुड में विदेशी धुनों को बिना बताए कॉपी कर लिया जाता है, लेकिन विशाल भारद्वाज ने फिल्म की एल्बम और क्रेडिट रोल्स में आधिकारिक तौर पर 'कालिन्का' और उसके रूसी ओरिजिन को पूरा क्रेडिट दिया है। इसीलिए आज भी यह गाना उतना ही हिट है और लोग इस पर खूब थिरकते हैं।*

### रूसी धुन से बना आइकोनिक गाना

असल में डार्लिंग गाना सात समंदर पार से आया था। 'डार्लिंग' गाना रूस का एक बेहद मशहूर और पारंपरिक लोक गीत है, जिसका नाम है 'कालिन्का' । कालिन्का को साल 1860 में रूसी संगीतकार और लोक-साहित्यकार इवान लारियोनोव ने लिखा था। रूस में यह गाना उतना ही लोकप्रिय और पवित्र माना जाता है, जितना भारत में संगीत सीखने के लिए 'सा रे गा मा' या कोई बहुत प्रसिद्ध लोकगीत। यह गाना अक्सर रूसी सेना के कॉयर द्वारा गाया जाता रहा है। आज भी वहां यह गाना अलग-अलग मौकों पर गाया जाता है। ऊषा उत्थुप ने इसी गाने की धुन को सोचा और फिर विशाल भारद्वाज के साथ मिलकर उन्होंने डार्लिंग जैसा कल्ट गाना बना दिया, जो कि ब्लॉकबस्टर रहा।

### कैसे बना डार्लिंग गाना?

दरअसल, उस दौरान ऊषा उत्थुप को ऐसे ही विशाल भारद्वाज ने अपनी फिल्म 7 खून माफ का ऑफर दिया और पूछा कि क्या वह एक्टिंग करना चाहेंगी। बाद में उन्होंने इस ऑफर को एक्सेप्ट कर लिया और इसके बाद सीधे ही फिल्म में ऊषा को मैगी का किरदार मिल गया। अब फिल्म '7 खून माफ' रस्किन बॉन्ड की कहानी 'सुजानाज सेवन हसबैंड्स' पर आधारित थी। फिल्म में प्रियंका चोपड़ा मुख्य किरदार में थीं और प्रियंका का किरदार सुजाना कुल 7 शादियां करती है और अपने पतियों को मार देती है। इसी में एक पति के किरदार का नाम अलेक्जेंडर होता है और वह रूसी होता है। इसी को लेकर ऊषा उत्थुप के दिमाग में एक रूसी धुन आती है और फिर विशाल भारद्वाज को यह बताती हैं तो इस पर विशाल उनसे एक गाना बनाने को कहते हैं।

## 2028 के महाकुंभ में ट्रैफिक, भीड़ एवं आपदा प्रबंधन पर रहेगा फोकस

# 71 साल बाद सिंहस्थ कानून में बदलाव, नया ड्राफ्ट तैयार

### जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन के पास भेजा जाएगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

उज्जैन में 2028 में होने वाले सिंहस्थ की तैयारियों के बीच प्रदेश सरकार 71 साल पुराने सिंहस्थ मेला अधिनियम को बदलने जा रही है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने नया ड्राफ्ट तैयार कर लिया है, जो जल्द ही मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के पास भेजा जाएगा। सीएम की मंजूरी के बाद इसे कैबिनेट में लाया जाएगा। वर्तमान में मध्य भारत सिंहस्थ मेला अधिनियम-1955 प्रभावशील है।

अधिकारियों का कहना है कि यह कानून उस दौर का है, जब श्रद्धालुओं की संख्या लाखों में थी। अब सिंहस्थ का स्वरूप पूरी तरह बदल चुका है और भीड़ करोड़ों में पहुंच गई है। इससे प्रशासनिक दबाव, सुरक्षा, पार्किंग, अस्थायी आवास, पेयजल, चिकित्सा और सफाई प्रबंधन की चुनौतियां बढ़ गई हैं।

#### जनसंख्या में बढ़ोतरी हुई वाहनों का दबाव भी बढ़ा

पुराने कानून में अस्थायी निर्माण, भूमि अधिग्रहण, यातायात नियंत्रण और बड़े पैमाने पर भीड़ प्रबंधन के लिए स्पष्ट शक्तियां तय नहीं हैं। 1955 में जनसंख्या कम थी, वाहनों का दबाव सीमित था और शहरी विस्तार आज जितना नहीं था। इसलिए नया अधिनियम अधिक विस्तृत और व्यावहारिक बनाया जा रहा है।



फाइल फोटो

#### नए एक्ट में यह होगा खास

प्रस्तावित एक्ट केवल प्रशासनिक संशोधन तक सीमित नहीं रहेगा। इसमें ट्रैफिक मैनेजमेंट, भूमि उपयोग, स्वास्थ्य सेवाएं, पर्यावरण संरक्षण, आपदा प्रबंधन और डिजिटल निगरानी जैसी व्यवस्थाओं पर विशेष फोकस रहेगा। भीड़ प्रबंधन को केंद्र में रखकर कानून बनाया गया है। स्नान तिथियों पर विशेष यातायात व्यवस्था, भीड़ का दिशा निर्धारण, डिजिटल निगरानी, आपदा प्रतिक्रिया तंत्र और आपातकालीन चिकित्सा सहायता को कानूनी आधार दिया जाएगा। वैज्ञानिक तरीके से स्नान क्षेत्रों में प्रवेश-निकासी नियंत्रित करने पर जोर रहेगा, ताकि भगदड़ की आशंका कम हो।

### जिला प्रशासन को मिलेंगे अतिरिक्त अधिकार

नए प्रावधानों के तहत जिला मजिस्ट्रेट अधिसूचना जारी कर मेला क्षेत्र की नई सीमाएं तय कर सकेंगे। हर सिंहस्थ में श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए आयोजन क्षेत्र का विस्तार जरूरी होता है। विशेष परिस्थितियों में त्वरित निर्णय के लिए प्रशासन को अतिरिक्त अधिकार भी दिए जा सकते हैं।

#### शिप्रा की स्वच्छता पर सख्ती

नए अधिनियम में स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण को खास महत्व दिया गया है। शिप्रा नदी की स्वच्छता के लिए सख्त प्रावधान होंगे, ताकि स्नान के दौरान प्रदूषण कम हो और नदी की पारिस्थितिकी सुरक्षित रहे। स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर भी विशेष प्रावधान किए जा रहे हैं।

**1955 के मुकाबले 2028 का महाकुंभ**

**तबः** लाखों श्रद्धालु, सीमित वाहन, छोटा मेला क्षेत्र
**अबः** करोड़ों श्रद्धालु, भारी ट्रैफिक दबाव, कई गुना बड़ा

---

## अभियान को जनभागीदारी से मिला नया आयाम

### जल संरक्षण को बनाएं जन आंदोलन, यह जीवन का आधार: डॉ. यादव

# मुख्यमंत्री ने प्राचीन अहिल्या कुंड के जीर्णोद्धार कार्य का किया निरीक्षण

**जल बचाकर भावी पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है**



प्राचीन अहिल्या कुंड के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण करते सीएम डॉ. यादव।

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्राचीन अहिल्या कुंड के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की। डॉ. यादव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जल बचा कर भावी पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, कलेक्टर शिवम वर्मा सहित जन प्रतिनिधि व अधिकारी मौजूद रहे।

#### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दोहों का उल्लेख कर समझाई जल की महत्ता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत कबीर एवं संत रहीम के दोहों का उल्लेख करते हुए जल की महत्ता को सरल एवं प्रेरणादायी ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल को जीवन, संवेदना और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संरक्षण, तालाबों और कुंडों के संरक्षण तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि राज्य शासन जल संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और जल गंगा संवर्धन अभियान से पारंपरिक जल स्रोतों के पुनर्जीवन का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनसहभागिता से ही जल संरक्षण के प्रयास सफल होंगे और आने वाले समय में प्रदेश जल समृद्धि की दिशा में नई पहचान बनाएगा।

### डॉ. मोहन प्रदेश में एक नई कार्य संस्कृति स्थापित कर रहे

## वर्तमान वैश्विक संकट में सभी संसाधनों का मितव्ययता से करें उपयोगः मुख्यमंत्री

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने एक बार फिर मितव्ययता और सादगी का संदेश दिया। उन्होंने 28 मई को इंदौर से उज्जैन की यात्रा के लिए अपना काफिला त्याग दिया और एक बस से यात्रा की। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के साथ मंत्री और सांसद सहित कई जनप्रतिनिधि भी थे। इस मौके पर उन्होंने जनता से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अपील पर चलने का आग्रह किया। डॉ. मोहन यादव प्रदेश में एक नई कार्य संस्कृति स्थापित कर रहे हैं। वे प्रशासनिक खर्चों में संयम और संसाधनों के संतुलित उपयोग को प्राथमिकता दे रहे हैं।



बस में यात्रा करते मुख्यमंत्री डॉ. यादव।

#### खर्चों में कमी की दिशा में एक सकारात्मक संदेश

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मितव्ययता का संदेश दिया गया है। आज मैं स्वयं भी एक लोकल वाहन से इंदौर से उज्जैन जा रहा हूं। मेरे साथ मंत्री तुलसीराम सिलावट, इंदौर सांसद शंकर लालवानी, जिलाध्यक्ष सहित सभी वरिष्ठ जनप्रतिनिधि भी यात्रा कर रहे हैं। हम सभी प्रयास कर रहे हैं कि वर्तमान वैश्विक संकट में हमारे सभी संसाधनों का मितव्ययता से उपयोग करें। यही आज के लिए जरूरी है। डॉ. यादव की यह पहल सादगीपूर्ण प्रशासन, ईंधन बचत और अनावश्यक खर्चों में कमी की दिशा में एक सकारात्मक संदेश है।

#### *सिंगरौली में भी दिया था संदेश*

*कुछ दिनों पहले भी मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सिंगरौली जिले के प्रवास के दौरान भी मितव्ययिता का संदेश दिया था। वे टूरिस्ट बस में बैठकर कार्यक्रम स्थल पहुंचे थे। इस दौरान भी काफिला उनके साथ नहीं था। यहां उन्होंने संदेश दिया था कि किसी जनप्रतिनिधि की पहचान प्रोटोकॉल नहीं, बल्कि जनता का प्रेम और उसकी सेवा है।*

## सौ लाख लक्ष्य के विरुद्ध हुई 104 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीदी : मंत्री राजपूत

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



गोविंद सिंह राजपूत

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में 100 लाख मीट्रिक टन निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 104 लाख 22 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन हुआ है। मध्यप्रदेश को गेहूं खरीदी के लिए 78 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री के प्रयासों से केन्द्र सरकार द्वारा इस लक्ष्य को 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया।

खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 13 लाख 41 हजार 266 किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में नम्बर-1 है, वहीं गेहूं उपार्जन के मामले में पंजाब के बाद दूसरे स्थान पर है। कोविड-19 की अवधि को छोड़कर विगत 10 वर्षों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं का सर्वाधिक उपार्जन किया गया है।

#### देश में सर्वाधिक 13 लाख 41 हजार से अधिक किसानों से उपार्जन

किसानों को अब तक उपार्जित गेहूं का 23,708.13 करोड़ रूपए का भुगतान भी किया जा चुका है। उपार्जित गेहूं में से 96 लाख 52 हजार 957 मीट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। यह उपार्जित गेहूं का 93 प्रतिशत है। किसानों से 2585 रूपए प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रूपए प्रति क्विंटल बोनस सहित 2625 रूपए प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया गया है। प्रदेश में हो रहे गेहूं उपार्जन की सतत मॉनीटरिंग की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर तौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिए उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। साथ ही किसानों से संवाद कर उपार्जित गेहूं के भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली।

#### गेहूं उपार्जन के किए गए समुचित प्रबंध

प्रत्येक उपार्जन केन्द्र पर तौल काटों की संख्या 4 से बढ़ाकर 6 की गई तथा तौल काटों में वृद्धि का अधिकार जिलों को दिया गया। किसानों की सुविधा के लिए तौल पर्ची बनाने का समय शाम 6 बजे से बढ़ाकर रात 10 बजे तक किया गया। देयक जारी करने का समय भी रात 12 बजे तक कर दिया गया। गेहूं का उपार्जन सप्ताह में 6 दिन तक किया गया। उपार्जन केन्द्र पर किसानों की सुविधा के लिए पीने का पानी,और जन-सुविधाओं की व्यवस्थाएं की गई थी।

---

### भाजपा प्रदेश कार्यालय पहुंचकर किया संवाद

## मंत्री काश्यप ने कार्यकर्ताओं की समस्याओं को किया हल



कार्यकर्ताओं से चर्चा करते मंत्री काश्यप।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र शासन के मंत्री चैतन्य कुमार काश्यप ने गुरूवार को भाजपा प्रदेश कार्यालय में प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद किया।

मंत्री काश्यप ने प्रदेश भर से आए पार्टी कार्यकर्ताओं एवं आमजनों से संवाद कर उनकी जनसमस्याओं का त्वरित समाधान किया। जिन समस्याओं का तत्काल समाधान नहीं किया जा सका, उन्हें संबंधित विभागों को निराकरण के लिए भेजा गया है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए उनकी कठिनाइयों को समझा और उन्हें जल्द से जल्द समाधान दिलाने का आश्वासन दिया।

### करीब दो लाख कैश, ताश और चार मोबाइल फोन बरामद

## कबीरधाम पुलिस ने जुए की फड़ पर मारा छापा चार जुआरियों को जुआ खेलते किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

शहर के करपात्री चौक स्थित एक मकान में संचालित हो रहे जुए के फड़ पर कबीरधाम पुलिस ने देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए चार जुआरियों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 2 लाख 13 हजार रुपये नकद, ताश और चार मोबाइल फोन बरामद किए हैं। कार्रवाई के दौरान कुछ आरोपी पुलिस को देखकर मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश जारी है। पुलिस के मुताबिक, जिले में जुआ, सट्टा और अन्य अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान साइबर सेल व कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि करपात्री चौक के पास स्थित प्रवीण वैष्णव के मकान में बड़े स्तर पर जुए का फड़ संचालित किया जा रहा है। एसडीओपी आशीष शुक्ला के नेतृत्व में पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से मकान की घेराबंदी कर दबिश दी।



छापेमारी के दौरान मौके पर जुआ खेलते हुए सम्मी केशरवानी, आकाश शिवहरे, रोहित जांगड़े और रामचरण साहू को गिरफ्तार किया गया। तलाशी में आरोपियों के पास से बड़ी मात्रा में नगदी और जुए में इस्तेमाल होने वाली सामग्री बरामद हुई। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। वहीं जुआ खेलने के लिए जगह उपलब्ध कराने और फड़ संचालन में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर अलग से कार्रवाई की जा रही है। पुलिस ने कहा है कि जिले में जुआ, सट्टा, अवैध शराब और नशे के कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### स्क्रीनिंग शुरू, स्वास्थ्य मंत्रालय का निर्देश, बढ़ाई निगरानी

## इबोला वायरस को लेकर रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट माना में अलर्ट जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

लोगों की इबोला वायरस को लेकर बढ़ती चिंता के बीच छत्तीसगढ़ में सावधानी बरती जा रही है। इस संबंध में स्वास्थ्य विभाग ने बाहरी राज्यों और अंतरराष्ट्रीय यात्रियों की अनिवार्य जांच शुरू कर दी है। राजधानी रायपुर के स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट माना में अलर्ट जारी कर दिया गया है। यहां आने वाले यात्रियों की स्क्रीनिंग शुरू हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के निर्देश पर एयरपोर्ट और अन्य प्रवेश केंद्रों पर निगरानी बढ़ा दी गई है, ताकि किसी भी संभावित खतरे को रोका जा सके।

संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ ने एक आदेश जारी किया है। इसमें कहा गया है कि इबोला संक्रमण की रोकथाम यात्रियों की



स्वास्थ्य जांच और आवश्यक प्रबंध व्यवस्था सुनिश्चित करने के उद्देश्य से एयरपोर्ट परिसर में एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाये। नोडल अधिकारी का यह दायित्व होगा कि वह एयरपोर्ट पर आने वाले यात्रियों की स्वास्थ्य स्क्रीनिंग व्यवस्था का समन्वय करेगा। इसके अलावा संदिग्ध मामलों की पहचान कर संबंधित स्वास्थ्य विभाग को तत्काल सूचना देना, आइसोलेशन रेफरल एवं आपातकालीन प्रबंधन की व्यवस्था भी वह सुनिश्चित करना होगा। इधर, राज्य सरकार भी एक्टिव

संचनालय स्वास्थ्य सेवाएं छत्तीसगढ़ ने भविष्य में इबोला संक्रमण को देखते हुए प्रदेश के सर्विलेंस अधिकारी एवं उपसंचालक द्वारा यह आदेश जारी किया गया है।

इबोला वायरस एक अत्यधिक जानलेवा और संक्रामक बीमारी है, जो गंभीर हेमोरेजिक फीवर का कारण बनती है। यह संक्रमित व्यक्ति या जानवर के शारीरिक तरल पदार्थ जैसे खून, लार, पसीना और उल्टी के सीधे संपर्क में आने से फैलता है। भारत सरकार ने एहतियात के तौर पर दिल्ली के इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे सहित कई प्रमुख एयरपोर्ट्स पर थर्मल स्क्रीनिंग और कड़ी निगरानी शुरू कर दी है।

---

### गंभीर फेफड़ों के इनफेक्शन, ब्लडस्ट्रीम इनफेक्शन, किडनी में चोट से जूझ रहीं

# पद्म विभूषण तीजन बाई की तबीयत खराब, एम्स में इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पद्म विभूषण से सम्मानित और मशहूर पंडवानी गायिका तीजन बाई एम्स रायपुर के मेडिकल इंटेंसिव केयर यूनिट में अपनी ज़िंदगी के लिए लड़ रही हैं। 69 साल की लोक गायिका, जिन्हें पंडवानी की सबसे बड़ी गायिकाओं में से एक माना जाता है, को बुधवार देर रात अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद भर्ती कराया गया था।

डॉक्टरों ने उनकी हालत गंभीर बताई है। मेडिकल अपडेट के मुताबिक, तीजन बाई गंभीर फेफड़ों के इन्फेक्शन, ब्लडस्ट्रीम इन्फेक्शन (सेप्सिस) और किडनी में गंभीर चोट से जूझ रही हैं। सूत्रों ने बताया कि उनका ब्लड प्रेशर लगातार कम रहा है और लगातार इन्फेक्शन एक गंभीर चुनौती बने हुए हैं। क्रिटिकल केयर एक्सपर्ट, पल्मोनोलॉजिस्ट और हेमेटोलॉजिस्ट सहित स्पेशलिस्ट की एक मल्टीडिसिप्लिनरी टीम चौबीसों घंटे उन पर कड़ी नज़र रख रही है और गहन इलाज दे रही है।

तीजन बाई को गंभीर हालत में हॉस्पिटल लाया गया था। शुरुआती जांच के बाद उन्हें तुरंत एमआईसीयू में शिफ्ट कर दिया गया। हालांकि डॉक्टर उन्हें कुछ हद तक स्टेबल करने में कामयाब रहे हैं, लेकिन वे अभी भी सावधान हैं क्योंकि खतरा पूरी तरह से कम नहीं हुआ है।

**पंडवानी की सबसे बड़ी गायिकाओं में से एक माना जाता है**

**डॉक्टर उन्हें कुछ हद तक स्टेबल करने में कामयाब रहे हैं**

#### साधारण परिवार से उठकर बनीं ख्यातिनाम गायिका



1956 में छत्तीसगढ़ में भिलाई के पास गनियारी गांव में जन्मी तीजन बाई एक साधारण परिवार से उठकर इंटरनेशनल लेवल पर मशहूर आर्टिस्ट बनीं। उन्होंने पंडवानी को पॉपुलर बनाया, जो छत्तीसगढ़ की एक पारंपरिक लोक कला है जिसमें महाभारत की कहानियों को दमदार गाने और ड्रामा के ज़रिए सुनाया जाता है। स्टेज पर बैठकर गहरी भावनाओं और जोश से भरी उनकी खास स्टाइल ने इस कम जानी-मानी लोक परंपरा को ग्लोबल स्टेज पर पहुंचाया। अपने शानदार करियर में, तीजन बाई को भारत के कुछ सबसे बड़े सिविलियन सम्मान मिले हैं, जिनमें 1988 में पद्म श्री, 2003 में पद्म भूषण और 2019 में पद्म विभूषण शामिल हैं। उन्हें 1995 में संगीत नाटक अकादमी अवॉर्ड और भारतीय लोक संस्कृति में उनके बहुत बड़े योगदान के लिए कई दूसरे बड़े सम्मान भी मिले।

#### फैंस, कलाकारों ने जताई जल्द ठीक होने की उम्मीद

उनकी खराब सेहत की खबर से पूरे छत्तीसगढ़ और बड़े कल्चरल कम्युनिटी में चिंता की लहर दौड़ गई है। फैंस, कलाकारों और नेताओं ने उनके जल्दी ठीक होने की उम्मीद जताई है। राज्य सरकार और एम्स रायपुर इस जानी-मानी सिंगर को हर मुमकिन मेडिकल मदद दे रहे हैं। जैसे-जैसे तीजन बाई अस्पताल में अपनी बहादुरी भरी लड़ाई जारी रखे हुए हैं, देश भर से उस महिला के लिए दुआएं और शुभकामनाएं आ रही हैं, जिन्होंने अपनी यादगार कला के ज़रिए महाभारत की हमेशा याद रहने वाली कहानियों को आवाज़ दी।

### हत्या कर शव को महानदी किनारे दफनाया

## युवक की हत्या के मामले में भाजपा पार्षद समेत चार आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मंदिर हसौद क्षेत्र में युवक की हत्या कर शव को महानदी किनारे रेत में दफनाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस ने इस मामले में पार्षद नोहर दास रात्रे उर्फ गोलू रात्रे समेत चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने शराब पार्टी के दौरान हुए विवाद के बाद युवक की हत्या कर साक्ष्य छुपाने की कोशिश की थी। पुलिस के मुताबिक, इंदिरा कॉलोनी मंदिर हसौद निवासी ईश्वरी यादव ने 23 मई को अपने पति भुनेश्वर यादव की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। शिकायत में बताया गया था कि 22 मई की रात करीब 10 बजे भुनेश्वर यादव नोहर दास रात्रे के गोदाम से



बिना बताए कहीं चला गया था, जिसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मृतक के साथ आखिरी बार देखे गए तीन संदिग्धों से पूछताछ की। शुरुआत में आरोपी पुलिस को गुमराह करते रहे, लेकिन तकनीकी साक्ष्यों और सख्त पूछताछ के बाद नोहर दास रात्रे उर्फ गोलू रात्रे, अमित राजपूत और हेमचंद बंजारे उर्फ सोनू बंजारे ने हत्या की वारदात कबूल कर ली।

चिंतन

# खेलों को राजनीति से दूर रखने की जरूरत

खेलों में राजनीति कोई नई बात नहीं है, लेकिन जब यह इस हद तक बढ़ जाए कि खिलाड़ियों को ट्रायल के लिए कोर्ट तक जाना पड़े तो यह किसी भी देश के लिए ठीक नहीं है। हालांकि, यह स्थिति खिलाड़ियों और राजनेताओं दोनों के लिए ही खतरनाक है। इससे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गंभीर असर पड़ता है, वहीं राजनीति पर भी सवाल उठते हैं। ऐसे में जरूरी है कि खेलों को राजनीति से दूर रखा जाए, तभी खेलों का विकास संभव हो सकेगा। देखने में आया है कि खेल जगत में पिछले कुछ वर्षों में जितनी चर्चा खिलाड़ियों की उपलब्धियों की नहीं हुई, उससे कहीं अधिक विवादों, धरनों, अदालतों और राजनीतिक बयानबाजी की हुई है। ओलंपियन विनेश फोगाट को एशियन गेम्स ट्रायल में भाग लेने की अनुमति देने संबंधी सुप्रीम कोर्ट का फैसला इसी व्यापक संकट के बीच आया है। अदालत ने जहां खिलाड़ी के अधिकारों का सम्मान किया, वहीं यह भी स्पष्ट कर दिया कि "देश सबसे पहले" और खेल व्यवस्था की निष्पक्षता सर्वोपरि है। अब बड़ा प्रश्न यह है कि आखिर भारतीय खेलों का वातावरण इस हद तक विवादित क्यों हो गया कि खिलाड़ियों को अपने अधिकारों के लिए सड़क से अदालत तक लड़ाई लड़नी पड़ रही है। खेल मैदानों में अब प्रदर्शन से अधिक चर्चा संघों की राजनीति, गुटबाजी और सत्ता संघर्ष की होने लगी है। विनेश फोगाट भारतीय महिला कुश्ती का बड़ा चेहरा रही हैं। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंचों पर देश को गौरव दिलाया है। पिछले कुछ वर्षों में उनका नाम खेल उपलब्धियों से ज्यादा विवादों के संदर्भ में सामने आया। भारतीय कुश्ती महासंघ और खिलाड़ियों के बीच टकराव, धरने-प्रदर्शन, आरोप-प्रत्यारोप और फिर कानूनी लड़ाइयों ने यह दिखाया कि खेल प्रशासन में भरोसे का संकट गहराता जा रहा है। खिलाड़ी ध्यान रखें कि वे किसी विचारधारा या राजनीतिक समूह के प्रतीक न बनें और अपने खेल पर ध्यान दें। राजनेताओं की भूमिका खेलों के विकास तक सीमित रहनी चाहिए। जब खिलाड़ी राजनीतिक लाभ का माध्यम बनने लगते हैं, तब खेल का मूल उद्देश्य पीछे छूट जाता है। यह स्थिति खिलाड़ियों के लिए भी उतनी ही नुकसानदायक है, जितनी खेल संस्थाओं के लिए। हालांकि, केवल राजनेताओं को दोष देना पर्याप्त नहीं होगा। खेल संघों और प्रशासकों की जवाबदेही भी उतनी ही जरूरी है। भारतीय कुश्ती महासंघ जैसे संगठनों पर समय-समय पर पारदर्शिता की कमी, पक्षपात और मनमानी के आरोप लगते रहे हैं। यदि चयन प्रक्रिया निष्पक्ष और विश्वसनीय होती, तो शायद विवाद अदालत तक नहीं पहुंचते। सुप्रीम कोर्ट द्वारा ट्रायल की वीडियो रिकॉर्डिंग और स्वतंत्र पर्यवेक्षकों की निगरानी का निर्देश इसी भरोसे को बहाल करने की कोशिश है। अदालत का यह संदेश भी महत्वपूर्ण है कि किसी एक खिलाड़ी के कारण पूरे चयन कार्यक्रम को बाधित नहीं किया जा सकता। खेलों में नियम और प्रक्रिया सभी के लिए समान होनी चाहिए। चयन का आधार केवल प्रदर्शन होना चाहिए, न कि प्रभाव, लोकप्रियता या राजनीतिक समर्थन। यदि खिलाड़ी लगातार विवादों और असुरक्षा के माहौल में रहेंगे, तो इसका सीधा असर देश के प्रदर्शन पर पड़ेगा। विनेश फोगाट प्रकरण से सबसे बड़ा सबक यही निकलता है कि खेलों को अदालतों और राजनीतिक मंचों से निकालकर फिर से मैदान तक लाना होगा। खिलाड़ी देश का प्रतिनिधित्व करें, किसी दल या विचारधारा का नहीं। जब खेल राजनीति से मुक्त होंगे, तभी प्रतिभा खुलकर सामने आएगी और देश को वास्तविक गौरव मिलेगा।



व्यवस्था
कांतिलाल मांडोत

# तकनीकी क्रांति से बदलेगा खाद्य सुरक्षा तंत्र

सरकार ने सार्थक पीडीएस योजना को मंजूरी देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में राशन वितरण व्यवस्था केवल अनाज बांटने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह तकनीक पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा एक मजबूत डिजिटल नेटवर्क बनने जा रही है। जब किसी जरूरतमंद परिवार को बिना परेशानी समय पर राशन मिलता है तो उसका भरोसा शासन व्यवस्था पर मजबूत होता है। यह नई व्यवस्था आने वाले समय में गरीब कल्याण योजनाओं के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकती है। यह कदम देश की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है जहां पारदर्शिता, जवाबदेही और आधुनिक तकनीक मिलकर करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करेंगी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली को आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए लिया गया फैसला देश की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था में एक बड़े बदलाव का संकेत है। सरकार ने सार्थक पीडीएस योजना को मंजूरी देकर यह स्पष्ट कर दिया है कि आने वाले समय में राशन वितरण व्यवस्था केवल अनाज बांटने तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि यह तकनीक पारदर्शिता और जवाबदेही से जुड़ा एक मजबूत डिजिटल नेटवर्क बनने जा रही है। इस योजना के माध्यम से देश के लगभग 80 करोड़ लोगों तक सीधा लाभ पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है।

सरकार इस योजना पर लगभग 25 हजार 530 करोड़ रुपये खर्च करने जा रही है, जो यह दर्शाता है कि गरीब और जरूरतमंद वर्ग तक सही तरीके से राशन पहुंचाने को लेकर केंद्र सरकार कितनी गंभीर है। भारत में सार्वजनिक वितरण प्रणाली लंबे समय से गरीबों के लिए जीवनरेखा मानी जाती रही है। करोड़ों परिवार हर महीने मिलने वाले राशन पर निर्भर रहते हैं। वर्षों से इस व्यवस्था में कई प्रकार की समस्याएं सामने आती रही हैं, जिनमें फर्जी राशन कार्ड बिचौलियों की भूमिका वितरण में गड़बड़ी और अनाज की चोरी जैसी शिकायतें प्रमुख रही हैं। कई राज्यों में यह भी देखा गया कि वास्तविक लाभार्थियों तक पूरा राशन नहीं पहुंच पा रहा था, जबकि कई अपात्र लोग इसका फायदा उठा रहे थे। ऐसे में केंद्र सरकार ने इस पूरी व्यवस्था को आधुनिक तकनीक से जोड़कर अधिक मजबूत और भरोसेमंद बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सार्थक पीडीएस योजना का सबसे महत्वपूर्ण पहलू इसका डिजिटल और एआई आधारित ढांचा है। सरकार अब लाभार्थियों के पंजीकरण और सत्यापन में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और आधुनिक डिजिटल तकनीकों का उपयोग करेगी। इससे फर्जी राशन कार्डों की पहचान आसान होगी और वास्तविक लाभार्थियों तक राशन पहुंचाने में मदद मिलेगी। डिजिटल तकनीक के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि किसी भी व्यक्ति को दोहरा लाभ न मिले और हर पात्र परिवार को उसका अधिकार समय पर प्राप्त हो सके। यह व्यवस्था पारदर्शिता को बढ़ाने के साथ साथ भ्रष्टाचार और अनियमितताओं पर भी प्रभावी रोक लगाने में सहायक साबित होगी। आज के दौर में तकनीक केवल सुविधा का माध्यम नहीं रह गई है, बल्कि प्रशासनिक सुधार का सबसे मजबूत आधार बन चुकी है। बैंकिंग स्वास्थ्य शिक्षा और परिवहन की तरह अब राशन व्यवस्था भी तकनीकी बदलाव के दौर से गुजर रही है। सरकार का प्रयास है कि पीडीएस प्रणाली को पूरी तरह डिजिटल बनाकर इसे अधिक सरल, तेज और पारदर्शी बनाया जाए। इससे लाभार्थियों को राशन लेने में कम परेशानी होगी और अधिकारियों के लिए निगरानी करना आसान हो जाएगा। आने वाले समय में लाभार्थियों का पूरा डेटा डिजिटल रूप में सुरक्षित रहेगा, जिससे योजनाओं के संचालन में तेजी आएगी। इस योजना का दूसरा महत्वपूर्ण पहलू राज्यों को मिलने वाली आर्थिक सहायता है। अभी तक भारतीय खाद्य निगम के गोदामों से अनाज को जिलों और राशन दुकानों तक पहुंचाने में राज्य सरकारों को भारी खर्च उठाना पड़ता था। कई राज्यों ने इस संबंध में आर्थिक बोझ की समस्या भी उठाई



थी। अब केंद्र सरकार ने इस परिवहन और वितरण व्यवस्था में राज्यों को वित्तीय सहायता देने का निर्णय लिया है। इससे राज्यों को राहत मिलेगी और राशन वितरण व्यवस्था को बेहतर तरीके से संचालित किया जा सकेगा। यह कदम इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई बार परिवहन व्यवस्था में देरी या संसाधनों की कमी के कारण राशन समय पर दुकानों तक नहीं पहुंच पाता था। नई व्यवस्था से वितरण प्रक्रिया अधिक व्यवस्थित और सुचारु बनने की उम्मीद है। राशन डीलरों के कमीशन में बढ़ोतरी का फैसला भी इस योजना का अहम हिस्सा है। देशभर में लाखों राशन डीलर सार्वजनिक वितरण प्रणाली की रीढ़ माने जाते हैं। लंबे समय से वे अपने कमीशन में बढ़ोतरी की मांग कर रहे थे क्योंकि बढ़ती महंगाई और संचालन खर्च के बीच पुराने कमीशन में दुकानों का संचालन कठिन हो रहा था। सरकार ने उनकी मांग को स्वीकार करते हुए कमीशन बढ़ाने का निर्णय लिया है। इससे राशन डीलरों को आर्थिक राहत मिलेगी और वे अधिक जिम्मेदारी तथा ईमानदारी के साथ काम कर सकेंगे। जब किसी व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों और डीलरों को उचित आर्थिक सहयोग मिलता है तो व्यवस्था की गुणवत्ता भी बेहतर होती है। यह योजना केवल प्रशासनिक सुधार नहीं बल्कि सामाजिक सुरक्षा को मजबूत करने की दिशा में भी बड़ा कदम है। भारत जैसे विशाल देश में जहां बड़ी आबादी अभी भी आर्थिक रूप से कमजोर है वहां सस्ती दरों पर मिलने वाला राशन करोड़ों परिवारों के लिए जीवन का आधार है। कोविड महामारी के दौरान देश ने देखा कि मुफ्त राशन योजना ने गरीबों को संकट से बचाने में कितनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। ऐसे में राशन व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी तथा मजबूत बनाना समय की बड़ी जरूरत थी। सार्थक पीडीएस योजना इसी दिशा में एक व्यापक और दूरदर्शी पहल मानी जा रही है। सरकार का मानना है कि डिजिटल व्यवस्था लागू होने से भ्रष्टाचार में कमी आएगी और खाद्यान्न की चोरी पर रोक लगेगी। कई बार शिकायतें आती थीं कि लाभार्थियों के नाम पर राशन उठाकर बाजार में बेच दिया जाता था। जब पूरी व्यवस्था ऑनलाइन निगरानी से जुड़ जाएगी, तब हर चरण की जानकारी रिकॉर्ड में रहेगी। इससे अनाज की आवाजाही से लेकर वितरण तक पूरी प्रक्रिया पर नजर रखी जा सकेगी। पारदर्शिता बढ़ने से जनता का भरोसा भी मजबूत होगा। डिजिटल इंडिया अभियान के माध्यम से सरकार पहले ही कई सेवाओं को ऑनलाइन कर चुकी है। अब राशन व्यवस्था को भी इसी दिशा में ले जाने का प्रयास हो रहा है। आने वाले वर्षों में यह योजना देश की सबसे आधुनिक और प्रभावी सार्वजनिक वितरण प्रणाली के रूप में विकसित हो सकती है। कैबिनेट बैठक में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि प्रधानमंत्री ने सभी मंत्रालयों और विभागों को पूरी गंभीरता और राष्ट्रहित की भावना के साथ काम करने के निर्देश दिए हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि सरकार केवल योजनाएं बनाने तक सीमित नहीं रहना चाहती बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर भी विशेष ध्यान दे रही है। सार्थक पीडीएस योजना का उद्देश्य केवल राशन बांटना नहीं बल्कि गरीबों को सम्मान और सुरक्षा प्रदान करना भी है। जब किसी जरूरतमंद परिवार को बिना परेशानी समय पर राशन मिलता है तो उसका भरोसा शासन व्यवस्था पर मजबूत होता है। तकनीक आधारित यह नई व्यवस्था आने वाले समय में गरीब कल्याण योजनाओं के लिए एक आदर्श मॉडल बन सकती है। सरकार का यह कदम देश की खाद्य सुरक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला माना जा रहा है जहां पारदर्शिता जवाबदेही और आधुनिक तकनीक मिलकर करोड़ों लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करेंगी।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

दिवस विशेष
हर्षवर्धन पान्डे




# हिन्दी पत्रकारिता कल, आज और कल

भारतवर्ष में पत्रकारिता का अनुभव सदियों पूर्व किया जाता रहा है। किसी न किसी रूप में सनातन काल से कलम साधना की परम्परा सर्वश्रेष्ठ रही है। आज हम जो कुछ भी पढ़ते हैं, लिखते हैं, सुनते हैं, सबकुछ कलम साधना का ही प्रतिफल है। कलम न होती तो शायद संसार में ज्ञान का अस्तित्व ही न होता। 30 मई 1826 को कलकत्ता से हिन्दी का पहला समाचार पत्र 'उदन्त मार्तण्ड' का प्रकाशन हुआ था। भारत में जब आधुनिक पत्रकारिता प्रारंभ हुई, तब हमारे पूर्वजों ने इसके लिए दैवीय अधिष्ठान की खोज प्रारंभ कर दी। उनकी वह तलाश तीनों लोक में भ्रमण करने वाले और कल्याणकारी समाचारों का संचार करने वाले देवर्षि नारद पर जाकर पूरी हुई। 'उदन्त मार्तण्ड' के प्रकाशन के लिए संपादक पंडित जुगल किशोर शुक्ल ने देवर्षि नारद जयंती 30 मई, 1826 की तिथि का ही चयन किया। देवर्षि नारद इस पत्रकारिता जगत के आदि पुरुष माने गए हैं। हिन्दी पत्रकारिता की यात्रा लगभग 200 वर्ष पुरानी है। 30 मई 1826 को कलकत्ता से प्रकाशित उदन्त मार्तण्ड को हिन्दी पत्रकारिता का प्रथम प्रकाशन माना जाता है। 'उदन्त मार्तण्ड' का शाब्दिक अर्थ है 'उगता हुआ सूर्य'। यह एक साप्ताहिक समाचार पत्र था जो प्रत्येक मंगलवार को प्रकाशित होता था। 30 मई हिंदी पत्रकारिता दिवस, हिंदी पत्रकारिता के गौरवशाली परंपरा को सहेजने का अवसर है। इस तरह चलते-चलते 30 मई 1826 को हिन्दी पत्रकारिता का उदय हुआ। पं. युगल किशोर शुक्ल इस समाचार पत्र के सम्पादक थे, जो सम्भवतः हिन्दी पत्रकारिता के पहले सम्पादक थे। हालांकि आर्थिक कठिनाइयों के चलते 11 दिसम्बर 1827 को यह समाचार पत्र बंद हो गया था, लेकिन हिन्दी पत्रकारिता ने इस दौर से धीरे-धीरे जो तेजी पकड़ी, वह अब तक अनवरत जारी है। हिंदी पत्रकारिता ने लोगों को जागरूक करने, समाज को सही दिशा देने और लोकतंत्र को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। आज़ादी की लड़ाई में हिंदी समाचार पत्रों ने अंग्रेजी शासन के विरुद्ध लोगों को जागरूक करने और देशभक्ति की भावना जगाने में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। 1920 से 1947 तक गांधी युग के समय में समाचार पत्रों की बाढ़ सी आ गयी। महात्मा गांधी ने कहा था कि पत्रकारिता का पहले उद्देश्य जनता की इच्छाओं और विचारों को समझना, उनमें वांछनीय उद्देश्यों को जागृत करना और सार्वजनिक दोषों को निर्भीकतापूर्वक प्रकट करना है अर्थात समाज को बदलना ही पत्रकारिता का मुख्य दायित्व है। इन उद्देश्यों को ध्यान में रखते हुए पत्रकारिता अपने दायित्वबोध से भावी पीढ़ी के लिए आदर्श स्थापित कर पाएगी। अंग्रेजों की दासता में बर्बादी और अपमान झेलते भारत की दुर्दशा के कारणों की पहचान भारतेंदु काल से ही शुरू हो गई थी, इसे राजनीतिक और सांस्कृतिक सरोकारों से लोकमान्य बाल गंगाधर तिलक ने गहराई से जोड़ दिया। हिंदी साहित्य से जुड़े व्यक्तियों का हिंदी पत्रकारिता के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिसे तत्कालीन अख़बारों ने शिद्दत से निभाया। उस समय पत्रकारिता एक 'मिशन' थी लेकिन समय के साथ- साथ मिशन 'प्रोफेशन' में तब्दील हो गया। जैसे-जैसे सामाजिक व राजनीतिक परिदृश्य में परिवर्तन आता गया, पत्रकारिता भी उससे प्रभावित होती गई। अखबार अब सिर्फ खबरों को जानने का साधन नहीं रहे बल्कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के कारण खबरें बनाने भी लगे, क्योंकि चौबीस घंटे चैनलों पर ब्रेकिंग न्यूज चलाए जाने लगे। व्यवसायिकता और टी.आर.पी. की अंधी दौड़ ने पत्रकारिता के मूल्यों को बदल कर रख दिया। 2025-26 के आंकड़ों के अनुसार भारत में डिजिटल मीडिया बाजार तेजी से बढ़ रहा है, जिसमें क्षेत्रीय भाषा कंटेंट खासकर हिन्दी का बड़ा योगदान है। इधर हिन्दी ने अंग्रेजी मीडिया के दबदबे को काफी हद तक चुनौती दी है क्योंकि इस दौर में हिंदी बाज़ार की भाषा बन चुकी है। मूर्धन्य संपादक शिवपूजन सहाय ने एक बार कहा था कि भारत की साधारण जनता तक पहुंचने के लिए दैनिक पत्र ही सर्वोत्तम साधन है। देश-देशांतर के समाचारों के साथ भाषा और साहित्य का संदेश भी दैनिक पत्रों द्वारा आसानी से जनता तक पहुंचा सकते हैं और पहुंचाते आए हैं। आज मीडिया कन्वर्जेंस के इस दौर में भले ही प्रसार से लेकर विज्ञापन और राजस्व सरीखी तमाम चुनौतियां खड़ी हैं, लेकिन एक बात साफ़ है कि समाचार पत्रों के प्रति जनता का भरोसा और विश्वसनीयता बरकरार है। तमाम चुनौतियों के बाद भी हिंदी पत्रकारिता निरंतर आगे बढ़ रही है। 200 वर्ष की हिंदी पत्रकारिता की यात्रा हमें सिखाती है कि सत्य, निष्पक्षता और उत्तरदायित्व ही इसके मूल स्तंभ हैं। भविष्य में तकनीक, जनसरोकार और जवाबदेही की राह पर चलकर ही हिन्दी पत्रकारिता टिकेगी।

( लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# जीवन का मात्र अनुभव करें



संकलित
दर्शन

अकसर हम यह सोचते हैं कि जिसने जीवन में अधिक कठिनाइयों का सामना किया है, वह जल्दी समझदार बन जाता है। कितना सही है यह सोच। वस्तुतः जीवन में कठिन कुछ नहीं होता है। जीवन में सिर्फ परिस्थितियां होती हैं। फिर चाहे आप उसका अनुभव एक कठिनाई के रूप में करें या आनंद के रूप में। यह चुनने का अधिकार आपका अपना है। अगर आप समझदार हैं तो आप हर परिस्थिति को एक आनंदमय प्रक्रिया में बदल देंगे। अगर आप समझदार नहीं हैं, तो आप अपने लिए हर परिस्थिति को कठिनाई बना लेंगे। अगर आप जानते हैं कि अपने दिमाग में चल रही बेतुकी बातों को कैसे महत्व ना दें, अगर आप अपने दिमाग में चल रहे मनोवैज्ञानिक बकवास में उलझे नहीं, तो आप निश्चित रूप से जल्दी समझदार बन जाएंगे।जीवन सिर्फ परिस्थिति है। 'दुखद' परिस्थिति या 'सुखद' परिस्थिति जैसी कोई चीज नहीं होती। अगर आप आसान परिस्थिति चाहते हैं, तो यह बहुत आसान है। हम आपको एक पिंजरे में बंद कर सकते हैं और जितना आप खा सकते हैं, उससे अधिक भोजन आपको दे सकते हैं। आप बस पिंजरे में रहिए। हम इसका खयाल रखेंगे कि आप सभी चीजों से पूरी तरह सुरक्षित हों। कोई खतरा नहीं, कोई मुश्किल नहीं। आपको परिवार, बीवी-बच्चों का खयाल नहीं रखना है, रोजी-रोटी नहीं कमानी, कुछ नहीं करना है। कोई भी परेशानी नहीं। सारी बातों का खयाल रखा जाएगा। आप बस उस पिंजरे में रहिए। क्या आप ऐसा चाहते हैं? क्या इससे आपको सुख मिलेगा? नहीं।

# दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि



संकलित
प्रेरणा

स्वामी विवेकानंद एक बार कहीं जा रहे थे। रास्ते में नदी पड़ी तो वे वहीं रुक गए क्योंकि नदी पार कराने वाली नाव कहीं गई हुई थी। स्वामीजी बैठकर राह देखने लगे कि उधर से नाव लौटे तो नदी पार की जाए। एका-एक वहां एक महात्मा भी आ पहुंचे। स्वामीजी ने अपना परिचय देते हुए उनका परिचय लिया। बातों ही बातों में महात्माजी को पता चला की स्वामीजी नदी किनारे नाव की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महात्मा जी बोले, अगर ऐसी छोटी-मोटी बाधाओं को देखकर रुक जाओगे तो दुनिया में कैसे चलोगे? तुम तो स्वामी हो, बड़े आधात्यात्मिक गुरु और दार्शनिक माने जाते हो। जरा सी नदी नहीं पार कर सकते? देखो, नदी ऐसे पार की जाती है। महात्मा जी खड़े हुए और पानी की सतह पर तैरते हुए लंबा चक्कर लगाकर वापस स्वामी जी के पास आ खड़े हुए। स्वामीजी ने आश्चर्य चकित होते हुए पूछा, महात्माजी, यह सिद्धि आपने कहां और कैसे पाई? महात्मा जी मुस्कुराए और बड़े गर्व से बोले, यह सिद्धि ऐसे ही नहीं मिल गई। इसके लिए मुझे हिमालय की गुफाओं में तीस साल तपस्या करनी पड़ी। महात्मा की इन बातों को सुनकर स्वामी जी मुस्करा कर बोले, आपके इस चमत्कार से मैं आश्चर्यचकित तो हूं लेकिन नदी पार करने जैसे काम जो दो पैसे में हो सकता है, उसके लिए आपने अपनी जिंदगी के तीस साल बर्बाद कर दिए। यानी दो पैसे के काम के लिए तीस साल की बलि! ये तीस साल अगर आप मानव कल्याण के किसी कार्य में लगाते या कोई दवा खोजने में लगाते, जिससे लोगों को रोग से मुक्ति मिलती तो आपका जीवन सचमुच सार्थक हो जाता।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### ऊर्जा क्रांति की नई पारदर्शी तकनीक

शुरुआत दुनिया तेजी से स्वच्छ ऊर्जा की ओर बढ़ रही है और इसी दिशा में सिंगापुर की एक यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने ऐसी अल्ट्रा-थिन सोलर सेल विकसित की है, जो आने वाले वर्षों में ऊर्जा उत्पादन की पूरी तस्वीर बदल सकती है। यह तकनीक इतनी पतली है कि इनसान के बाल के 10,000वें हिस्से जितनी मोटाई में भी बिजली पैदा कर सकती है। खास बात यह है कि यह सोलर सेल पारदर्शी और रंगहीन है, इसलिए इसे खिड़कियों, कारों की विंडशील्ड, मोबाइल स्क्रीन, स्मार्ट ग्लास और ऊंची इमारतों के कांच पर आसानी से लगाया जा सकता है। अब तक सोलर ऊर्जा का मतलब बड़े और भारी पैनल माने जाते थे, जिन्हें छतों पर लगाने के लिए पर्याप्त जगह चाहिए होती है। नई तकनीक 'बिल्डिंग इंटीग्रेटेड फोटोवोल्टिक' अवधारणा को नई गति दे सकती है। **-समीर पाठक**, गरियाबंद

## ट्रेंड

### स्मृति पुस्तक




ऑपरेशन सिंदूर पर जारी स्मृति पुस्तक ऐतिहासिक विवरण से कहीं आगे बढ़कर हमारे वीर सैनिकों के व्यक्तिगत अनुभवों को समेटे हुए है और आधुनिक युद्ध के मानवीय पहलू की झलक प्रस्तुत करती है।
- **राजनाथ सिंह**, रक्षामंत्री

### बसों में मुफ्त यात्रा



21 जून को नीट परीक्षा में शामिल होने वाले उम्मीदवारों की सहायता के लिए, दिल्ली सरकार वैध एडमिट कार्ड दिखाने पर सभी डीटीसी बसों में मुफ्त यात्रा की सुविधा प्रदान करेगी। किसी भी छात्र को ऐसे दिन असुविधा नहीं होनी चाहिए, जो उनके भविष्य के लिए इतना महत्वपूर्ण है।
- **रेखा गुप्ता**, सीएम, नई दिल्ली

### संस्कृति पर गर्व



मैं एक स्वयंसेवक और भाजपा कार्यकर्ता हूँ, इसीलिए मुझे असम में यूसीसी लागू करने का साहस मिला है। इसी विचारधारा ने हमें अपनी 5000 वर्षों की गौरवशाली सभ्यता और संस्कृति पर गर्व करना सिखाया है।
- **हिमंता बिस्वा सरमा**, सीएम, असम

### बेईमानी की चाशनी



भाजपा शासन में, सुबह पुल गिरने की खबर आती है, दोपहर तक रेलवे स्टेशन का शेड गिरने की खबर फैल जाती है, और शाम तक गंगा एक्सप्रेसवे में दरारें सुर्खियों में छा जाती हैं। भाजपा के भ्रष्टाचार की कड़वी जलेबी, बेईमानी की चाशनी में डूबी हुई, अब सहन नहीं की जा सकती।
- **अखिलेश यादव**, सांसद, सपा

## करंट अफेयर

# अभिनेत्री मर्लिन मुनरो के अंतिम घर पर फिर बहस

हॉलीवुड अभिनेत्री मर्लिन मुनरो की महज 36 वर्ष की आयु में हुई असमय मृत्यु लंबे समय से रहस्य और चर्चा का विषय बनी हुई है। उनकी मौत को लेकर अनेक तरह की कथाएं और अटकलें दशकों से चर्चा में रही हैं। मुनरो अपने अंतिम घर में केवल छह महीने रहीं, लेकिन जिस घर में उनकी मृत्यु हुई, वह अब प्रशंसकों के लिए लगभग तीर्थस्थल जैसा बन गया है। यह स्थिति वैसी ही है जैसी लॉस एंजिलिस स्थित उनके स्मारक वेस्टवुड विलेज मेमोरियल पार्क की है। इस आकर्षण घर का व्यावहारिक असर भी देखने को मिला है। इस वर्ष घर के मौजूदा मालिकों ने 'सिटी ऑफ लॉस एंजिलिस' के खिलाफ मुकदमा दायर किया। उनका आरोप है कि 2024 में इस संपत्ति को 'ऐतिहासिक-सांस्कृतिक स्मारक' घोषित किए जाने से वे मकान को गिराकर वहां पुनर्विकास नहीं कर पा रहे हैं। शहर प्रशासन का कहना है कि संपत्ति के मालिकों को पहले से जानकारी थी कि यह घर पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है और भविष्य में इसे विरासत स्थल का दर्जा मिल सकता है। प्रशासन के अनुसार, मुनरो की पहचान हमेशा इस घर से जुड़ी रहेगी। लेखक ने अपने हालिया शोध में यह समझने का प्रयास किया कि 'फिफ्थ हेलेना' नामक यह घर मुनरो के लिए उनके जीवनकाल में क्या मायने रखता था।



## ऑफ बीट

# क्या इंसानों के जीवित नहीं रहने का कारण डायनासोर थे

सभी इंसानों की उम्र बढ़ती है। यह हमारे जीव विज्ञान का हिस्सा है और हमारे जीवनकाल को 120 वर्ष से थोड़ा अधिक तक सीमित करता है। सभी जानवर अपने जीवन के दौरान उम्र बढ़ने का अनुभव नहीं करते हैं। कुछ जानवरों का शरीर हमारे शरीर की तरह उम्र बढ़ने के साथ-साथ धीरे-धीरे ख़राब नहीं होता है। लेकिन मनुष्य जब 30 वर्ष की आयु तक पहुँचते हैं तो उनके मरने की संभावना लगभग हर आठ साल में दोगुनी हो जाती है। इसलिए भले ही आप शतायु होने के लिए पर्याप्त भाग्यशाली हों, हर साल आपके मरने की संभावना अधिक होगी। यह उच्च मृत्यु दर कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को दर्शाती है, जैसे मांसपेशियों की हानि और सामान्य कमजोरी, संज्ञानात्मक गिरावट, दृष्टि और श्रवण की हानि और कई अन्य अपक्षयी परिवर्तन जो मानव उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को दर्शाते हैं। और मनुष्य की उम्र इतनी अधिक होने का कारण यह तथ्य हो सकता है कि हमारे पूर्वज डायनासोर के समय में विकसित हुए थे। अन्य स्तनधारियों की तुलना में मनुष्य का जीवन लंबा होता है। सभी भूमि-आधारित स्तनधारियों की तुलना में हमारा जीवनकाल सबसे लंबा है, और सभी स्तनधारियों में से केवल व्हेल ही संभवत: हमसे अधिक जीवित रहती हैं।




## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-42422221 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## बोले रक्षा मंत्री, पुस्तक के जरिए राष्ट्र की सुरक्षा के लिए दिए गए बलिदान को समझने में मदद मिलेगी

# ऑपरेशन सिंदूर के 100 योद्धाओं के 'अनुभवों' को संजोती पुस्तक का राजनाथ ने किया विमोचन, देश का शौर्य दिखेगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली




रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शुक्रवार को नई दिल्ली में ऑपरेशन सिंदूर पर लिखी गई एक स्मारक पुस्तक का विमोचन किया है। यह पुस्तक भारत के लिए अभूतपूर्व सफलता वाले इस अभियान का हिस्सा रहे उन 100 वीर सैन्य योद्धाओं (सेना, वायुसेना और नौसेना) के व्यक्तिगत अनुभवों का संकलन है। जिसकी मदद से देश का प्रत्येक नागरिक राष्ट्र की सुरक्षा सुनिश्चित करने और संप्रभुता को बनाए रखने के लिए दिए गए बलिदान को बखूबी समझ सकता है। रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि भारत की यह सैन्य कार्रवाई पिछले साल पाकिस्तान समर्थित और लश्कर-ए-तैयबा के छद्म आतंकवादी संगठन 'द रेजिस्टेंस फोर्स' (टीआरएफ) के आतंकवादियों द्वारा पहलगाम में की गई 26 लोगों की हत्या के जवाब में की गई थी। जिसमें कुल 100 से ज्यादा आतंकियों को सशस्त्र सेनाओं ने मौत के घाट उतार दिया था। भारत ने इसी महीने 7 मई को इस अभियान की पहली वर्षगांठ मनाई है। पुस्तक को प्रमुख रक्षा अध्यक्ष (सीडीएस) के मार्गदर्शन में सामरिक संचार महानिदेशालय, मीडिया-जन सूचना प्रकोष्ठ और मीडिया-जनसंपर्क निदेशालय के व्यक्तिगत अनुभवों के साथ तैयार किया गया है। रक्षा क्षेत्र के थिंक टैंक यूनाइटेड सर्विस इंस्टीट्यूशन ऑफ इंडिया ने इसके प्रकाशन में सहयोग किया है।

### स्पष्ट होता आधुनिक युद्ध का मानवीय पहलू

रक्षा मंत्री ने बताया कि ऑपरेशन सिंदूर शीर्षक के साथ प्रकाशित की गई यह पुस्तक भारत की अभूतपूर्व सफलता का प्रतीक है। जिसमें नई दिल्ली ने इस्लामाबाद को महज चार दिनों के भीतर युद्धविराम करने के लिए मजबूर कर दिया था। यह अभियान भारत द्वारा अभी तक लड़े गए युद्धों से अलग था। जिसमें भाग लेने वाले 100 बहादुर सैनिकों के व्यक्तिगत अनुभवों को शामिल किया गया है। ऑपरेशन सिंदूर आधुनिक युद्ध के मानवीय पहलू की जानकारी देता है। जिसमें रणनीति को सफलता में बदल दिया गया और उसमें नेतृत्व, साहस, दबाव में निर्णय लेने की क्षमता और प्रतिबद्धता मुख्य रूप से शामिल है।

### दर्ज किए गए कमांडरों के निर्णय

यह पुस्तक आधिकारिक सैन्य इतिहास लेखन परंपराओं से इतर लिखी गई है। युद्ध के ज्यादातर वृत्तांत मुख्यालय और ऑपरेशन कक्ष के दृष्टिकोण को प्राथमिकता देते हैं। जहां सैन्य कमांडरों के निर्णयों को दर्ज किया जाता है। उनका विश्लेषण कर उन पर बहस भी की जाती है। इसके अलावा यह पुस्तक युद्ध के उस वास्तविक रूप से भी पूरी तरह से अवगत कराती है। जिसमें नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर दुश्मन के बंकरों को निशाना बनाते सैनिक, दुश्मन के ड्रोन को नष्ट करने वाले सैनिक, कॉकपिट में बैठा हथियार से मार करने वाला पायलट, बेड़े के उच्चतर स्थिति में आने पर कार्रवाई स्टेशनों पर तैनात नौसैनिकों के अनुभव शामिल किए गए हैं। राजनाथ ने कहा, ये पुस्तक इस अभियान को अंजाम देने वालों को श्रद्धांजलि है और हमें हमारे सैनिकों की राष्ट्रभक्ति और लचीलेपन से जोड़ती है।

### यह हैं 100 जांबाज योद्धा

100 योद्धाओं में तीनों सेनाओं के अलावा मुख्यालय, एकीकृत रक्षा स्टाफ के वृत्तांत, युद्धक विमान चालक, नौसेना के चौकस कर्मी, सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल का दल, विशेष बल के संचालक, सिग्नलर, लॉजिस्टिक्स कर्मी, चिकित्सा अधिकारी और संयुक्त एवं एकीकृत संगठनों के कर्मी शामिल हैं। यह सभी इस अभियान में एक साथ शामिल रहे हैं। विमोचन कार्यक्रम में रक्षा मंत्री के अलावा सीडीएस जनरल अनिल चौहान, वायुसेना प्रमुख एयरचीफ मार्शल ए.पी.सिंह, नौसेनाप्रमुख एडमिरल डी.के.त्रिपाठी, सेना के सैन्य अभियान महानिदेशक (डीजीएमओ) लेफ्टिनेंट जनरल राजीव घई व कई अन्य अधिकारी शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### चॉपर और ट्रैकर्स से हो रही शेरों की निगरानी



**गिरनार।** गुजरात के गिरनार जंगल में शेरों की सुरक्षा पर विभाग सजग है। डीसीएफ ने बताया कि गिर क्षेत्र में बीमारी फैलने की आशंका के बीच शेरों की मॉनिटरिंग की जा रही है। अभयारण्य में 54 शेरों का निवास है। 41 शेरों और शावकों पर 'डी-टिकिंग' और 'डी-वॉर्मिंग' की गई है। ट्रैकर्स, चॉपर्स से निगरानी हो रही है।

### आंधी-बारिश से कोलकाता एयरपोर्ट प्रभावित



**कोलकाता।** कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के कई जिलों में शुक्रवार को मौसम का मिजाज बदल गया। सुबह से ही आसमान में बादल छाए रहने और उमस भरी गर्मी के बाद दोपहर बाद शहर में तेज आंधी के साथ मूसलाधार बारिश शुरू हो गई। खराब मौसम से करीब एक घंटे तक कोलकाता हवाई अड्डे पर विमान सेवा प्रभावित रही।

### विनेश को एशियाड में भाग लेने मिली इजाजत



**नई दिल्ली।** भारतीय पहलवान विनेश फोगाट को एशियन गेम्स 2026 चयन ट्रायल्स में हिस्सा लेने की अनुमति मिल गई है। कुश्ती संघ ने दिल्ली हाई कोर्ट के उस आदेश को चुनौती दी थी, जिसमें फोगाट को ट्रायल्स में भाग लेने की अनुमति दी गई थी। कोर्ट ने कहा इस स्तर पर उन्हें ट्रायल्स से बाहर करना उचित नहीं होगा।

### आंदोलन जारी रखने पर अड़े मनोज जरांगे

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार के मंत्री राधाकृष्ण विखे पाटिल ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें पूरा भरोसा है कि मनोज जरांगे पाटिल अपना आंदोलन वापस ले लेंगे। मनोज विरोध प्रदर्शन पर अडिग हैं। जरांगे ने कहा वे 30 मई से जालन में अनशन शुरू करेंगे।

## बंगाल में दिखने लगा 'डिटेक्ट- डिलीट- डिपोर्ट' नीति का बड़ा असर

# राज्य में 11 होल्डिंग सेंटर, 335 संदिग्धों को हिरासत में लिया, सभी की पहचान की जा रही

### सुवेंदु सरकार विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेज रही

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

**सीमा पर मची भगदड़**

पश्चिम बंगाल सरकार ने अवैध घुसपैठियों की पहचान और कार्रवाई के लिए राज्यभर में 11 होल्डिंग सेंटर स्थापित किए हैं। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, इन केंद्रों में फिलहाल 335 संदिग्ध लोगों को रखा गया है। अधिकारियों ने बताया कि ये सभी कार्रवाई राज्य की 'डिटेक्ट, डिलीट और डिपोर्ट' नीति के तहत की जा रही है, जिसका उद्देश्य अवैध रूप से रह रहे विदेशी नागरिकों की पहचान कर उन्हें वापस भेजना है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इन केंद्रों में कुल 335 लोग मौजूद हैं, जिनमें 148 पुरुष, 99 महिलाएं और 88 बच्चे शामिल हैं। इन सभी की पहचान और दस्तावेजों की जांच की प्रक्रिया जारी है। राज्य गृह विभाग की ओर से जारी आदेश में जिला प्रशासन को निर्देश दिया गया है कि विदेशी नागरिकों को तब तक रखने के लिए ढांचा तैयार किया जाए।

**बसीरहाट में सबसे ज्यादा हिरासत में**


फाइल फोटो

बंगाल में अवैध प्रवासी इस तरह भागते दिखाई दे रहे

उत्तर 24 परगना जिले का बसीरहाट क्षेत्र, जो बांग्लादेश सीमा से सटा हुआ है, यहां सबसे अधिक संदिग्ध लोगों की पहचान हुई है। यहां बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्या समुदाय के लोगों के होने की आशंका है। ये होल्डिंग सेंटर अलग-अलग पुलिस जिलों और प्रशासनिक जिलों में संचालित किए जा रहे हैं। इनमें बरुईपुर, सुंदरबन, बसीरहाट, बोंगांव, बरासत, मुर्शिदाबाद, जंगीपुर और कृष्णानगर शामिल हैं।

**दस्तावेजों की जांच- पड़ताल की जा रही**

बंगाल सरकार और प्रशासन ने कथित अवैध प्रवासियों की पहचान के लिए अभियान तेज कर दिया है। बसीरहाट इलाके के हाकिमपुर चेकपोस्ट पर मंगलवार सुबह बड़ी संख्या में बांग्लादेशी पुरुष और महिलाएं पहुंचीं थी। इनमें कई लोग ऐसे बताए जा रहे हैं जो लंबे समय से बंगाल में रह रहे थे। घुसपैठियों को वापस भेजने की बात सामने आने के बाद सीमा पर भीड़ बढ़ गई।

### होल्डिंग सेंटर पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए

मालदा जिला इस कार्रवाई का बड़ा केंद्र बनकर उभरा है। यहां इंग्लिश बाजार इलाके के चंदन पार्क में पहला होल्डिंग सेंटर शुरू किया गया है। यहां फिलहाल नौ संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिकों को रखा गया है। इनमें तीन महिलाएं और छह नाबालिग शामिल हैं। इन लोगों को गाजोल थाना क्षेत्र से पकड़ा गया था। सेंटर में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं और पुलिस के साथ सिविल डिफेंस तथा अन्य कर्मचारी चौबीस घंटे निगरानी कर रहे हैं। प्रशासन का कहना है कि यहां लोगों के दस्तावेज और पहचान की जांच की जा रही है।

### बंगाल में 1 अगस्त से होगी जनगणना



सुवेंदु ने घोषणा की है कि पश्चिम बंगाल में एक अगस्त से जनगणना शुरू होगी। यह प्रक्रिया अगले साल फरवरी के अंत तक चलेगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस जनगणना का राजनीति से कोई संबंध नहीं है। अधिकारी ने राज्य के कुछ हिस्सों में बदलती आबादी पर चिंता जाहिर की। उन्होंने कहा कि घुसपैठ की वजह से बंगाल के कई इलाकों का जनसांख्यिकीय ढांचा बदल गया है। उनके अनुसार, बांग्लादेश के साथ लगी 600 किलोमीटर लंबी सीमा पर बाड़ नहीं लगी है। इसी खुली सीमा की वजह से घुसपैठ हो रही है, जिससे आबादी का संतुलन बिगड़ रहा है।

**अवैध प्रवासियों ने सरकार को बताया**

### 20 हजार देकर पार किया बॉर्डर, टीएमसी ने बनवाए कार्ड

हजारों बांग्लादेशी नागरिक अब सीमावर्ती इलाकों में जमा होने लगे हैं। डिटेंशन सेंटरों में बंद किए जाने के डर से अवैध बांग्लादेशी प्रवासी इस समय पूरे पश्चिम बंगाल में सीमावर्ती क्षेत्रों और ट्रांजिट टर्मिनलों पर इकट्ठा हो रहे हैं। ये अब खुलकर बात करने लगे हैं कि वे अवैध रूप से भारत में कैसे घुसे और उन्होंने पहचान पत्र कैसे हासिल किए? सीमा पर पहुंचने वाले बांग्लादेशी नागरिकों ने बताया कि वे नदी पार करके भारत में घुसे, जबकि दूसरों ने बताया कि कैसे दलालों या बिचौलियों ने अंधेरे का फायदा उठाकर उन्हें सीमा पार कराने में मदद की। एक व्यक्ति ने खुलासा किया कि जब सुरक्षा बल इलाके में गश्त नहीं कर रहे होते हैं, तो सिर्फ 10 मिनट में भारत में घुसना संभव है। इसके अलावा, कुछ लोगों ने दावा किया कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के एक नेटवर्क ने उन्हें पहचान पत्र बनवाने में मदद की।

## खरीफ 2026 के लिए देश तैयार, जरूरत से 11 फीसद ज्यादा गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध: चौहान

# 1 से 30 जून तक चलेगा 'खेत बचाओ अभियान', गांव-गांव पहुंचेगी कृषि जागरूकता

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण व ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को दिल्ली में राष्ट्रीय खरीफ कृषि सम्मेलन के दौरान मीडिया से चर्चा में कहा कि खरीफ 2026 के लिए देश पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि राज्यों के कृषि मंत्रियों, वरिष्ठ अधिकारियों, वैज्ञानिकों, कृषि विश्वविद्यालयों, केवीके, प्रगतिशील किसानों और केंद्र-राज्य की पूरी कृषि टीम के साथ हुए व्यापक विचार-विमर्श में बीज, उर्वरक, फसल बीमा, कृषि ऋण, प्राकृतिक खेती और राज्यवार कृषि रोडमैप जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर ठोस दिशा तय की गई। नई दिल्ली में पूसा स्थित सुब्रमण्यम हॉल में राष्ट्रीय खरीफ कृषि सम्मेलन में आयोजित पत्रकार वार्ता में चौहान ने कहा कि खरीफ सीजन किसी भी दृष्टि से चुनौती का नहीं बल्कि तैयारी, समन्वय और किसान-केंद्रित नीति का सीजन बने, इसके लिए केंद्र और राज्य मिलकर काम कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि किसी भी फसल की सफलता की सबसे पहली शर्त गुणवत्तायुक्त बीज है और इस बार देश में खरीफ 2026 के लिए बीज की उपलब्धता पूरी तरह आश्वस्त करने वाली है। उन्होंने कहा, खरीफ सीजन के लिए देश में लगभग 173 लाख क्विंटल बीज की आवश्यकता है, जबकि 192 लाख क्विंटल बीज उपलब्ध है। राज्यों की आवश्यकताओं के अनुरूप बीज आवंटन भी किया जा चुका है और इस बात पर विशेष जोर दिया गया है कि समय रहते बीज राज्यों द्वारा उठाया जाए और किसानों तक खरीफ बुवाई से पहले पहुंच जाए। उन्होंने कहा कि मौसम की अनिश्चितताओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र ने 1.74 लाख क्विंटल का राष्ट्रीय बीज भंडार भी तैयार किया है। किसानों को बीज उपलब्ध कराने में कोई कठिनाई नहीं हो, इसके लिए अग्रिम तैयारी की गई है। चौहान ने बताया कि किसानों को योजनाओं का लाभ सरल और लक्षित तरीके से देने के लिए फार्मर आईडी अभियान को तेजी से आगे बढ़ाया गया है। अब तक 9 करोड़ 76 लाख से अधिक फार्मर आईडी बनाई जा चुकी हैं। इससे किसानों को बार-बार कागज देने की जरूरत कम होगी। कृषि ऋण के मुद्दे पर सिंह ने कहा कि देश में औसत कृषि ऋण का आकार लगभग 1.32 लाख रुपए है लेकिन विभिन्न राज्यों और क्षेत्रों में इसमें बड़ा अंतर है। पूर्वी भारत में यह औसत काफी कम है। जिन राज्यों में कृषि ऋण का प्रवाह कम है, वहां बैंकों के साथ बैठक कर पर्याप्त ऋण उपलब्ध कराने की दिशा में काम किया जाएगा।सिंह ने राज्यों से यह भी कहा है कि केंद्र द्वारा जारी की गई विभिन्न कृषि योजनाओं की राशि समय पर खर्च होनी चाहिए। उन्होंने घटिया और नकली कीटनाशकों को बड़ी समस्या बताते हुए कहा कि राज्यों को अधिक से अधिक सैंपलिंग करनी होगी, प्रयोगशालाओं को सक्षम बनाना होगा।

## कहा, हरियाणा और पंजाब का बासमती उद्योग अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा

# बासमती उद्योग के संकट पर सरकार तत्काल प्रभावी कदम उठाए:सैलजा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सिरसा से सांसद एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव कुमारी सैलजा ने कहा है कि हरियाणा और पंजाब का बासमती उद्योग अभूतपूर्व संकट का सामना कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय भू-राजनीतिक परिस्थितियों और पश्चिम एशिया में जारी तनाव के कारण बासमती निर्यात प्रभावित हुआ है, जिससे किसानों, मजदूरों और उद्योग से जुड़े लाखों परिवारों की चिंता बढ़ गई है। सांसद ने कहा कि बासमती केवल एक कृषि उत्पाद नहीं है, बल्कि हरियाणा और पंजाब की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की महत्वपूर्ण आधारशिला है। ऐसे समय में जब धान की बुवाई का मौसम शुरू होने जा रहा है, निर्यात में आई रुकावटों ने किसानों और उद्योग जगत दोनों के सामने अनिश्चितता पैदा कर दी है।

सैलजा ने केंद्र सरकार से आग्रह किया कि वह इस विषय को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए विदेश मंत्रालय, वाणिज्य मंत्रालय और कृषि मंत्रालय के स्तर पर समन्वित प्रयास करे। वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में भारत की विदेश नीति का उद्देश्य केवल राजनीतिक संबंधों तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि देश के किसानों, निर्यातकों और उद्योगों के आर्थिक हितों की रक्षा करना भी होना चाहिए। सांसद ने कहा कि केंद्र सरकार को प्रभावित देशों और व्यापारिक साझेदारों के साथ सक्रिय कूटनीतिक पहल कर वैकल्पिक व्यापारिक मार्गों तथा निर्यात के नए अवसर तलाशने चाहिए ताकि भारतीय बासमती को अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक निर्बाध पहुंच मिल सके। सांसद ने मांग की कि केंद्र सरकार तत्काल एक आपातकालीन कार्ययोजना (कांटीजेंसी प्लान) तैयार करे, जिसमें किसानों को उनकी फसल का उचित मूल्य सुनिश्चित करने, एमएसपी व्यवस्था को मजबूत करने, खरीद प्रक्रिया को सुचारू रखने तथा राइस मिल उद्योग को आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध कराने के उपाय शामिल हों। सैलजा ने कहा कि संकट की इस घड़ी में किसानों, मजदूरों और उद्योग जगत को आश्वस्त करना सरकार की जिम्मेदारी है। केवल दावों से काम नहीं चलेगा, बल्कि समयबद्ध और प्रभावी कदम उठाने होंगे ताकि देश के अन्नदाता और कृषि आधारित उद्योग इस चुनौती से उबर सकें।

**उत्तर रेलवे**

**उत्पाद/ब्रांड्स को सूचीबद्ध करने हेतु सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/स, दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे द्वारा दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे के अंतर्गत खानपान इकाइयों में बिक्री/आपूर्ति हेतु पीएडी/नॉन–पीएडी वस्तुओं/ब्रांडों की शॉर्टलिस्टिंग के लिए अवधि 01.04.2027 से 31.03.2029 तक हेतु प्रतिष्ठित एवं पात्र निर्माताओं/आपूर्तिकर्ताओं/फर्मों से निर्धारित आवेदन प्रपत्र पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

शॉर्टलिस्टिंग हेतु आवेदन वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक/स, उत्तर रेलवे, स्टेट एंट्री रोड, नई दिल्ली के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर प्रातः 10:00 बजे से सायं 17:00 बजे तक कार्यालय समय के दौरान दिनांक 31.07.2026 (15:00 बजे) तक जमा किए जा सकते हैं।

निर्धारित अवधि के भीतर प्राप्त आवेदनों पर प्रारंभिक शॉर्टलिस्टिंग हेतु विचार किया जाएगा तथा शॉर्टलिस्टिंग की वैधता अधिसूचना के नियमों एवं शर्तों के अनुसार होगी।

विस्तृत अधिसूचना, पात्रता मानदंड, नियम एवं शर्तें तथा आवेदन प्रपत्र उत्तर रेलवे की वेबसाइट पर उपलब्ध हैं **https://nr.indianrailways.gov.in**

यदि कोई संशोधन/शुद्धिपत्र जारी किया जाता है तो उसकी सूचना केवल उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध होगी।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1820/26

## अशुभ साबित हुआ होमबायर्स से धोखाधड़ी

# नोएडा हाउसिंग घोटाला: सीबीआई ने शुभकामना बिल्डटेक के निदेशकों के खिलाफ चार्जशीट दी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

देशभर में होमबायर्स से कथित धोखाधड़ी और फंड डायवर्जन मामलों की जांच कर रही सीबीआई ने ग्रेटर नोएडा स्थित हाउसिंग प्रोजेक्ट से जुड़े मामले में शुभकामना बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटिड और उसके निदेशकों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर दी है। जांच में सामने आया है कि बिल्डर कंपनी और उसके निदेशकों ने कथित आपराधिक साजिश के तहत मासूम होमबायर्स और निवेशकों को झूठे वादों, भ्रामक दावों और आकर्षक आश्वासनों के जरिए निवेश के लिए प्रेरित किया। आरोपियों ने परियोजना को समय पर पूरा करने, बेहतर सुविधाएं देने और सुरक्षित निवेश का भरोसा देकर लोगों से भारी रकम वसूली, जिसमें खरीदारों को आर्थिक नुकसान हुआ।

**आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और विश्वासघात की धाराएं:** सीबीआई ने आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक विश्वासघात से संबंधित धाराएं शामिल हैं। एजेंसी का कहना है कि जांच के दौरान ऐसे दस्तावेज और वित्तीय लेनदेन सामने आए हैं, जिनसे यह संकेत मिलता है कि होमबायर्स से जुटाए गए धन का कथित रूप से दुरुपयोग और डायवर्जन किया गया।




**सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 50 मामलों की जांच :** सीबीआई ने फिलहाल देशभर में बिल्डर कंपनियों और वित्तीय संस्थानों के अज्ञात अधिकारियों के खिलाफ दर्ज 50 मामलों की जांच कर रही है। ये सभी मामले सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर दर्ज किए गए थे। इन मामलों में आरोप है कि बिल्डर कंपनियों ने बैंकों और वित्तीय संस्थानों के कुछ अधिकारियों के साथ मिलकर होमबायर्स के साथ बड़े पैमाने पर धोखाधड़ी की तथा परियोजनाओं के नाम पर जुटाई गई रकम को दूसरी जगहों पर डायवर्ट किया।

**पहले भी कई बिल्डरों के खिलाफ दाखिल हो चुकी हैं चार्जशीट:** सीबीआई ने इससे पहले भी कई बड़ी रियल एस्टेट कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल कर चुकी है। इनमें प्रमुख रूप से रुद्र बिल्डटेक, ड्रीम, प्रोकोन, जेपी इंफ्रा, एविजे डेवलपर्स, सीएचडी डेवलपर्स, शुभकामना बिल्डटक, सीक्वल बिल्डकॉन, लॉजिकस सिटी, मंजू होम्स जैसी ख्यातिलब्ध कंपनियों का नाम शुमार है। जांच एजेंसी ने कुछ बैंकों और वित्तीय संस्थानों के अधिकारियों की भूमिका की भी जांच की है और कई मामलों में उन्हें भी आरोपी बनाया गया है।

**IST LIMITED**

CIN: L33301HR1976PLC008316

Regd. Office: Dharuhera Industrial Complex, Delhi- Jaipur Highway No.8, Kapriwas, Dharuhera, Rewari (Haryana)-123106

Head Office: A-23, New Office Complex, 2nd Floor, Defence Colony, New Delhi-110024

Phone No.: 011-41044511-14; Fax: 011-24625694; Email:istgroup.ho@gmail.com; Website: www.istindia.com

**EXTRACT OF UNAUDITED FINANCIAL RESULTS FOR THE QUARTER AND YEAR ENDED 31ST MARCH, 2026**

(Amount in INR Lakhs, Except EPS)

| Sl No | Particulars | Standalone | | | | | Consolidated | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | Quarter Ended | | | Year ended | | Quarter Ended | | | Year Ended | |
| | | 31.03.2026 Audited | 31.12.2025 Unaudited | 31.03.2025 Audited | 31.03.2026 Audited | 31.03.2025 Audited | 31.03.2026 Audited | 31.12.2025 Unaudited | 31.03.2025 Audited | 31.03.2026 Audited | 31.03.2025 Audited |
| 1 | Total Income | 263.96 | 3356.85 | 704.25 | 7745.84 | 6277.23 | 1641.96 | 9335.91 | 3250.73 | 25932.34 | 22251.80 |
| 2 | Net Profit before exceptional items and tax | (656.39) | 2475.08 | 77.43 | 4465.12 | 3703.74 | (713.11) | 7758.61 | 2144.00 | 19910.27 | 17731.77 |
| 3 | Net Profit after exceptional items before tax | (656.39) | 2475.08 | 77.43 | 4465.12 | 3703.74 | (752.91) | 7792.65 | 2148.97 | 19937.97 | 17764.31 |
| 4 | Net Profit after tax | (598.13) | 2081.51 | 59.31 | 3709.28 | 3346.11 | (950.24) | 6202.45 | 1676.53 | 15349.66 | 13992.71 |
| 5 | Total Comprehensive Income for the period (Net of Tax) | (506.87) | 2409.21 | 55.34 | 4126.24 | 3342.11 | (3115.84) | 11438.29 | 797.44 | 21899.27 | 16081.27 |
| 6 | Equity Share Capital (Face Value Rs. 5/- per share) | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 | 584.68 |
| 7 | Other Equity | | | | 31474.91 | 27348.67 | | | | 168637.01 | 146737.74 |
| 8 | Earnings Per Share (Face Value Rs. 5/- per share) | | | | | | | | | | |
| | - Basic (Rs.) | (5.13) | 17.85 | 0.51 | 31.80 | 28.69 | (8.15) | 53.18 | 14.37 | 131.60 | 119.96 |
| | - Diluted (Rs.) | (5.13) | 17.85 | 0.51 | 31.80 | 28.69 | (8.15) | 53.18 | 14.37 | 131.60 | 119.96 |

NOTES:

1. The above is an extract of the detailed format of the Standalone and Consolidated Financial Results for the Quarter and Year ended 31st March, 2026 filed with the Stock Exchange (BSE Ltd.) under Regulation 33 of the SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015. The full format of the Standalone and Consolidated Financial Results are available on the Stock Exchange website (www.bseindia.com) and company's website www.istindia.com.

Place : New Delhi
Dated: 29th May, 2026

By order of the Board
Sd/-
(S.C. Jain)
Executive Director]
DIN : 00092079

# ग्राहक अब पेट्रोल पंप पर खुद चुन सकेंगे गाड़ी के हिसाब से इथेनॉल ब्लेंड

## रिपोर्ट के अनुसार सरकार नया नियम जल्द लाने जा रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

■ सरकार का सुपरमार्केट स्टाइल चॉइस लागू करने की दिशा में काम जारी

देश भर के वाहन चालकों के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। दरअसल, सरकार 'सुपरमार्केट-स्टाइल चॉइस' लागू करने की दिशा में काम कर रही है। इसके चलते फ्यूल स्टेशनों में गाड़ी चलाने वालों को अलग-अलग इथेनॉल ब्लेंड वाले पेट्रोल का विकल्प दे सकते हैं, जिससे ग्राहक अपनी गाड़ी की कम्पैटिबिलिटी के आधार पर फ्यूल चुन सकेंगे। सरकार ने तेल कंपनियों को ई20, ई22, ई25 और ई30 ईंधन वेरिएंट के लिए डिस्पेंसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने की सलाह दी है। यह कदम ब्यूरो ऑफ़ इंडियन स्टैंडर्ड्स द्वारा नए इथेनॉल मिश्रणों के लिए नियम लागू करने और अप्रैल में सरकार के पूरी तरह से इथेनॉल से चलने वाले वाहनों को अनुमति देने के प्रस्ताव

### सरकार की अरबों डॉलर की बचत होगी

पेट्रोल पंपों पर जितना अधिक इथेनॉल का ऑप्शन मिलेगा, उतनी तेजी से तेल का आयात घटता जाएगा। इससे सरकार की अरबों डॉलर की बचत होगी। इसका एक दूसरा फायदा यह है कि चूंकि इथेनॉल मुख्य रूप से गन्ने के रस, मक्के और खराब अनाज से बनाया जाता है इसलिए जब पेट्रोल पंपों पर इसकी मांग बढ़ेगी, सरकार को भारी मात्रा में इथेनॉल खरीदना होगा। इसका सीधा फायदा देश के किसानों और चीनी मिलों को होगा। इन्हें इनकी फसलों का सही दाम मिलेगा।




**प्रदूषण कम करने में गेम चेंजर साबित होगा :** इथेनॉल के बड़े पैमाने पर इस्तेमाल का यह कदम शहरों में प्रदूषण को कम करने की दिशा में गेम चेंजर साबित होगा। हालांकि, इसके लिए अभी अलग डिस्पेंसिंग सिस्टम, स्टोरेज इंफ्रास्ट्रक्चर, ब्लेंडिंग कंट्रोल और फ्यूल क्वालिटी मॉनिटरिंग मैकेनिज्म में निवेश की जरूरत होगी। 'फ्यूल स्टेशनों पर बिकने वाले इथेनॉल-ब्लेंडिंग पेट्रोल की जानकारी डिस्पेंसिंग पंपों पर साफ-साफ दिखानी होगी, ताकि ग्राहक आसानी से पहचान सकें कि वे कौन सा फ्यूल खरीद रहे हैं। रिटेल आउटलेट्स को अलग-अलग तरह के फ्यूल पर लेबल लगाना होगा।'

**इथेनॉल के फायदे :** इथेनॉल के इस्तेमाल का सबसे बड़ा फायदा यह है कि यह पेट्रोल के मुकाबले कार्बन मोनोऑक्साइड जैसे हानिकारक गैसें कम छोड़ता है। इसी के चलते सरकार ने ऑटोमोबाइल कंपनियों को भी निर्देश दिया है कि अब वे कार और टू-व्हीलर व्हीकल्स के लिए ऐसे इंजन बनाएं, जो ई20 से ऊपर यानी कि ई25, ई27 और ई30 ईंधन को भी बिना किसी खराबी के झेल सके।

# सीआईएसएफ महानिदेशक ने चंडीगढ़ में की उच्च स्तरीय परिचालन समीक्षा बैठक



**चंडीगढ़।** केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के महानिदेशक श्री प्रवीर रंजन ने आज चंडीगढ़ में एक महत्वपूर्ण परिचालन समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस उच्च स्तरीय बैठक का मुख्य उद्देश्य सीआईएसएफ के 'उत्तर क्षेत्र' और 'हवाई अड्डा क्षेत्र' की परिचालन तैयारियों, सामरिक रणनीतियों और सुरक्षा व्यवस्थाओं का व्यापक मूल्यांकन करना था। बैठक में सीआईएसएफ के वरिष्ठ अधिकारियों और विभिन्न सुरक्षा इकाइयों के कमांडरों ने हिस्सा लिया। इस दौरान संवेदनशील राष्ट्रीय प्रतिष्ठानों और नागरिक उड्डयन क्षेत्रों को सुरक्षित रखने के लिए अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाने, आपातकालीन स्थिति से निपटने की क्षमताओं को बढ़ाने और अंतः-एजेंसी समन्वय को मजबूत करने पर विस्तृत रोडमैप तैयार किया गया। सीमावर्ती क्षेत्रों की संवेदनशीलता और ड्रोन चुनौतियां जम्मू-कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, हरियाणा और गुजरात जैसे सामरिक रूप से संवेदनशील और अंतरराष्ट्रीय सीमा से सटे राज्यों में उभरती सुरक्षा चुनौतियों को देखते हुए बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण है। महानिदेशक ने सीमावर्ती क्षेत्रों में हाल के दिनों में सामने आईं ड्रोन संबंधी चुनौतियों, तोड़फोड़ विरोधी उपायों और आपदा प्रबंधन की तैयारियों की समीक्षा की।


## खबर संक्षेप

### विदेशी मुद्रा भंडार में आई 7.5 अरब डॉलर गिरावट



**मुंबई।** भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 22 मई को समाप्त सप्ताह में 7.51 अरब डॉलर घटकर 681.38 अरब डॉलर रहा। इससे पिछले सप्ताह विदेशी मुद्रा भंडार 8.09 अरब डॉलर घटकर 688.89 अरब डॉलर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार 27 फरवरी को समाप्त सप्ताह में 728.49 अरब डॉलर के सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था।

### रुपया 53 पैसे मजबूत होकर 95.05 प्रति डॉलर पर पहुंचा



**मुंबई।** अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में शुक्रवार को रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 53 पैसे मजबूत होकर 95.05 प्रति डॉलर पर रहा। अमेरिका और ईरान के बीच शांति समझौते को लेकर बढ़ी उम्मीद से बाजार धारणा मजबूत होने के बीच रुपया मजबूत हुआ। कच्चे तेल की कीमतों में आई गिरावट और डॉलर में कमजोरी से भी रुपये को समर्थन मिला।

## रिजर्व बैंक ने अपनी जारी वार्षिक रिपोर्ट में कहा

# चुनौतीपूर्ण वैश्विक माहौल के बावजूद भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूत: आरबीआई

एजेंसी ▶▶| मुंबई

*भारतीय अर्थव्यवस्था चुनौतीपूर्ण वैश्विक परिस्थितियों के बावजूद मजबूत बनी हुई है और मजबूत वृहद आर्थिक आधार चालू वित्त वर्ष 2026-27 में वृद्धि को सहारा देंगे। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को अपनी वार्षिक रिपोर्ट में यह बात कही।*

ऊंची ऊर्जा कीमतों, आपूर्ति श्रृंखला में बाधाओं और वैश्विक बाजारों से आने वाली चुनौतियों के बावजूद कंपनियों एवं बैंकिंग क्षेत्र के मजबूत बही-खाते तथा सरकार का पूंजीगत व्यय पर जोर भारत की मजबूत वृद्धि गति के लिए अनुकूल है। इसमें कहा गया है कि 2026 में भू-राजनीतिक जोखिम वैश्विक वृद्धि के लिए प्रमुख बाधा बनकर उभरा है।

### अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ

फरवरी 2026 के अंत में पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने का असर वैश्विक वृद्धि और मुद्रास्फीति के अनुमानों में दिख रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है, ''मध्यम वैश्विक वृद्धि के परिदृश्य के बीच 2026-27 में भारतीय अर्थव्यवस्था का दृष्टिकोण सकारात्मक बना हुआ है। हालांकि पश्चिम एशिया में लंबा खिंचने वाला संघर्ष नकारात्मक जोखिम पैदा कर सकता है।''

**ऊंची ऊर्जा कीमतें व आपूर्ति श्रृंखला बाधाओं की चुनौती कायम**

**बावजूद कंपनियों और बैंकिंग क्षेत्र के बही खाते मजबूत**

**सरकार का पूंजीगत व्यय पर जोर ताकि मजबूत वृद्धि बने रहे**




**वैश्विक तनाव का कच्चे माल व उर्वरकों की कीमतों पर दबाव :** रिपोर्ट में कहा गया कि मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव प्रमुख कच्चे माल, विशेषकर उर्वरकों की उपलब्धता और कीमतों पर दबाव डाल सकते हैं।

**मुद्रास्फीति तय लक्ष्य के अनुरूप रहने की संभावना :** पर्याप्त खाद्यान्न भंडार, जलाशयों में पर्याप्त जल स्तर और स्थिर कृषि संभावनाओं से 2026-27 में मुद्रास्फीति के तय लक्ष्य के अनुरूप रहने की संभावना है, भले ही अल नीनो की स्थिति और सामान्य से अधिक गर्मी हो।

### कृषि क्षेत्र मानसून की प्रगति पर निर्भर

रिपोर्ट में कहा गया कि 2026-27 में कृषि क्षेत्र का परिदृश्य दक्षिण-पश्चिम मानसून की प्रगति एवं वितरण पर निर्भर करेगा। इसमें कहा गया, '' अल नीनो की संभावना कृषि उत्पादन के लिए नकारात्मक जोखिम उत्पन्न करती है। हालांकि मानसून के उत्तरार्ध में वर्षा बढ़ाने वाली सकारात्मक हिंद महासागर द्विध्रुवीय स्थिति इसके प्रतिकूल प्रभाव को आंशिक रूप से कम कर सकती है।''

### व्यापार समझौते भारत की वृद्धि को गति देगा

इसमें कहा गया कि प्रमुख व्यापारिक साझेदारों के साथ विभिन्न व्यापार समझौतों का क्रियान्वयन भारत की वृद्धि को और गति देगा। भारत वित्त वर्ष 2025-26 में 7.6 प्रतिशत की दर से बढ़ते हुए प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे तेजी से बढ़ने वाला देश बना रहा, जबकि 2024-25 में यह वृद्धि दर 7.1 प्रतिशत थी। यह मजबूत घरेलू मांग, निरंतर निवेश, सक्रिय नीतिगत पहल और ठोस व्यापक आर्थिक आधार से समर्थित रही।

### डिजिटल मुद्रा विस्तार करने की योजना

रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि आरबीआई केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) के परीक्षणात्मक उपयोग का विस्तार करने की योजना बना रहा है, ताकि इसे डीबीटी योजनाओं और घरेलू खुदरा क्षेत्र में नए उपयोगों तक पहुंचाया जा सके। साथ ही, वित्तीय परिसंपत्तियों के 'टोकनाइजेशन' और अधिक प्रतिभागियों को शामिल करने के लिए अतिरिक्त परीक्षणात्मक परियोजनाओं पर भी विचार किया जा रहा है।

# मंडल रेल प्रबंधक ने की डी.आर.यू.सी.सी. सदस्यों के साथ बैठक आयोजित की

**नई दिल्ली।** पुष्पेश रमण त्रिपाठी, मंडल रेल प्रबंधक, दिल्ली ने आज मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय नई दिल्ली में मंडल रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (डी.आर.यू.सी.सी.) के सदस्यों के साथ बैठक की। यह बैठक राष्ट्र को बेहतर सेवा प्रदान करने हेतु जन- सुविधा बढ़ाने हेतु रेल मंत्रालय द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप है। यात्रियों के लाभ हेतु त्वरित समाधान खोजने हेतु समिति के नामित सदस्यों के साथ दिल्ली मंडल के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों में रेलवे संबंधी मुद्दों पर चर्चा की गई। श्री पुष्पेश रमण त्रिपाठी, मंडल रेल प्रबंधक, दिल्ली ने डी.आर.यू.सी.सी. सदस्यों का स्वागत किया और उन्हें उत्तर रेलवे के दिल्ली मंडल के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्टेशनों और ट्रेनों में यात्री सुविधाओं, बुनियादी ढाँचे और यात्री सेवाओं से संबंधित विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों, नई पहलों और पूर्ण हो चुके, चल रहे एवं नियोजित कार्यों के बारे में जानकारी दी। सदस्यों ने अपने क्षेत्र से संबंधित विभिन्न मुद्दे प्रस्तुत किए। श्री पुष्पेश रमण त्रिपाठी, मंडल रेल प्रबंधक, दिल्ली ने सदस्यों को आश्वासन दिया कि उत्तर रेलवे का दिल्ली मंडल सदस्यों द्वारा दिए गए विभिन्न सुझावों को लागू करने का प्रयास करेगा। उन्होंने आगे कहा कि दिल्ली मंडल यात्रियों और रेल उपयोगकर्ताओं की सेवा के लिए सदैव प्रतिबद्ध रहेगा। उत्तर पश्चिम रेलवे ने तकनीकी सुधारों से संरक्षा को और अधिक मजबूत किया"संरक्षा सुदृढ़ करने का कर्तव्य" विषय पर विशेष संरक्षा अभियानों का आयोजन उत्तर पश्चिम रेलवे पर संरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने के लिए व्यापक स्तर पर आधुनिक तकनीकों का उपयोग किया जा रहा है।


**उत्तर रेलवे**

**ई–निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर कर्षण चल स्टॉक, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल, गाजियाबाद द्वारा निविदा संख्या 230-TRS-GZB-2025-26-29-RT के आधार पर ई–निविदा आमंत्रित की जाती है। विवरण निम्नानुसार है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का विवरण | 'Comprehensive Repair/Renewal of 7775 KVA Transformer for 3-Phase Electric locomotives' at Electric Loco Shed Ghaziabad. |
| 2 | कार्य की अनुमानित लागत | ₹ 3,52,81,443.47 |
| 3 | धरोहर राशि | ₹ 7,05,600.00 |
| 4 | निविदा बोली प्रस्तुत करने की समापन तिथि और समय | 25.06.2026 (15:00 hrs.) |
| 5 | निविदा खोलने की तिथि और समय | 25.06.2026 (After 15:00 Hrs.) |
| 6 | वेबसाइट विवरण जहाँ निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in |

नोट : (i) निविदाकर्ता को ई–निविदा प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट प्रणाली (IREPS) साइट अर्थात www.ireps.gov.in पर पंजीकृत होना चाहिए। (ii) सभी नियमों और शर्तों के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। (iii) कोई मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं हैं।

संख्या 230-TRS-GZB-2025-26-36, दिनांक 18.04.2026 1811/26

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी/ 84 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता–2023 देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **गोपी राय पुत्र शंकर राय पता: मकान नं ए–76, गली नं.14, जसवंत कॉलोनी, बुद्ध विहार फेस–02, दिल्ली ने एफआईआर संख्या 171/18 धारा 356/379/411 भा.द.स. के तहत** थाना: विजय विहार, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **गोपी राय** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **गोपी राय** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 171/18 धारा 356/379/411 भा.द.स. के तहत थाना विजय विहार, नई दिल्ली के उक्त गोपी राय** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **31.07.2026** को या इससे पहले हाजिर हो। **आदेशानुसार**

**शगुन**
**न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी**
**कमरा नं.109, प्रथम तल,**
**रोहिणी कोर्ट, नई दिल्ली**

DP/7067/RD/2026


# सोना 1,600 रुपये मजबूत चांदी 5,000 रुपये रही तेज

**गुवाहटी (एजेंसी)।** राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में शुक्रवार को सोने की कीमत 1,600 रुपये बढ़कर 1.62 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। यह तेजी, मजबूत वैश्विक रुख, अमेरिका-ईरान के बीच शुरुआती समझौते की संभावना और घरेलू बाजार में शादी-ब्याह की मांग की उम्मीदों के कारण आई है।99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,600 रुपये बढ़कर 1,62,900 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गई। बुधवार को बाजार बंद होने के समय इसकी कीमत 1,61,300 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। चांदी की कीमत भी 5,000 रुपये मजबूत होकर 2,74,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गई। पिछले सत्र में चांदी की कीमत 2,69,700 रुपये प्रति किलोग्राम थी। ईद-उल-अजहा के अवसर पर बृहस्पतिवार को सर्राफा बाजार बंद रहे। जियोजित इन्वेस्टमेंट्स लि. में जिंस शोध प्रमुख हरीश वी ने कहा, ''सोने और चांदी की कीमतें थोड़ी बढ़ी है। इसका कारण अमेरिका-ईरान के बीच संघर्ष विराम से जुड़े घटनाक्रम और हाल में महंगाई के आंकड़ों के बाद अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर संबंधी परिदृश्य है।

# कमजोर मानसून के अनुमान से दबाव में शेयर बाजार, सेंसेक्स 1,092 अंक लुढ़का

**मुंबई (भाषा)।** मानसून के कमजोर रहने के अनुमान और अमेरिका-ईरान संघर्ष विराम को लेकर बनी अनिश्चितता के बीच शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में तेज गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स 1,092 अंक लुढ़क गया जबकि निफ्टी 24,550 अंक से नीचे बंद हुआ। कारोबारी सत्र के अंतिम चरण में बिकवाली बढ़ने से बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 1,092.06 अंक यानी 1.44 प्रतिशत गिरकर 74,775.74 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 1,278.69 अंक टूटकर 74,589.11 अंक तक आ गया था। इसी तरह, एनएसई का 50 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक निफ्टी 359.40 अंक यानी 1.50 प्रतिशत फिसलकर 23,547.75 अंक पर बंद हुआ। यह लगातार तीसरा सत्र रहा जिसमें बाजार गिरावट के साथ बंद हुआ। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में कुल 639.41 अंक यानी 0.84 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 171.55 अंक यानी 0.72 प्रतिशत के नुकसान में रहा। शुक्रवार को सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, इंटरग्लोब एविएशन, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाटा स्टील और बजाज फाइनेंस के शेयर प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, लार्सन एंड टुब्रो और इन्फोसिस के शेयरों में तेजी का रुझान रहा।


**सूचना**

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।


## राशिफल

**मेष** – रहन-सहन अव्यवस्थित रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में कमी रहेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा।

**वृष** – परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। मानसिक शान्ति रहेगी,परन्तु बातचीत में संयत रहें। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मिथुन** – तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। मान-सम्मान की प्राप्ति होगी।सेहत का ध्यान रखें। धर्म-कर्म में रुचि बढ़ेगी। कार्यक्षेत्र में कुछ समस्याएं परेशान कर सकती हैं।

**कर्क** – आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। नौकरी में तरक्की के अवसर मिलेंगे। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

**सिंह** – कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। यात्रा खर्च बढ़ सकते हैं। किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। रहन-सहन कष्टमय रहेगा।

**कन्या** – परिवार की जिम्मेदारी बढ़ सकती हैं। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि हो सकती है। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** – धैर्यशीलता में कमी आ सकती है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ेंगे। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

**वृश्चिक** – भाग-दौड़ अधिक रहेगी। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखने का प्रयास करें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं।

**धनु** – कार्यक्षेत्र में तरक्की के योग हैं। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक या बौद्धिक कार्यों में सम्मान की प्राप्ति हो सकती है।

**मकर** – व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।

**कुंभ** – तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी। पठन-पाठन में रुचि रहेगी। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय में वृद्धि के स्रोत विकसित होंगे।

**मीन** – दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। परिश्रम अधिक रहेगा। लाभ के अवसर बढ़ेंगे। वाणी में मधुरता रहेगी।

# भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा दो नए प्लान लॉंच किए गए

**नई दिल्ली।** एलआईसी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं प्रबंध निदेशक आर. दुरैस्वामि ने ने दो नए प्लॉन — एलआईसी क नई जीवन साथी एकल प्रीमियम तथा एलआईसी की नई जीवन साथी सीमित प्रीमियम का शुभारंभ किया। ये दोनों असहभागी, असंबद्ध, व्यक्तिगत, बचत प्लॉन हैं। ये संयुक्त जीवन प्लॉन हैं जो बचत और बीमा सुरक्षा का संतुलित संयोजन प्रदान करती है। ये दोनों संयुक्त जीवन बीमा प्लान हैं, जिनमें एक विवाहित व्यक्ति तथा उसके /उसकी जीवनसाथी को एक ही पॉलिसी के अंतर्गत बीमा सुरक्षा प्रदान की जाती है। न्यूनतम मूल्य बीमित राशि 3,00,000 है, जबकि इसकी कोई ऊपरी सीमा निर्धारित नहीं है, अधिकतम मूल्य बीमित राशि का निधारण बोर्ड द्वारा अनुमोदित जोखिमांकन नीति के अनुसार किया जाएगा। प्रवेश के समय □यूनतम आयु 18 साल पूरी होना आ□यक है। अधिकतम प्रवेश आयु पॉलिसीधारक द्वारा दोनों प्लानों के अंतर्गत उपलब्ध विकल्पों में से चुने गल विकल्पों के अनुसान हो सकती है।

# राज्य कम बारिश के अनुमान से निपटने के लिए तैयार रहें

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने शुक्रवार को राज्य सरकारों से कहा कि वे अल नीनो के खतरे और इस साल मॉनसून के सामान्य से कम रहने के अनुमान के साथ अन्य चुनौतीपूर्ण मौसम स्थितियों से निपटने के लिए तैयार रहें। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने इस साल सामान्य से कम बारिश होने का अनुमान जताया है। चौहान ने कहा कि केंद्रीय कृषि मंत्रालय किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आकस्मिक योजनाएं बना रहा है। आने वाले खरीफ (गर्मी में बोई जाने वाली फसल) मौसम के दौरान मांग को पूरा करने के लिए बीज और उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। यह मौसम जून में दक्षिण-पश्चिम मॉनसून के आगमन के साथ शुरू होगा। कृषि मंत्री ने 'राष्ट्रीय कृषि सम्मेलन - खरीफ अभियान 2026' के समापन दिवस पर संवाददाताओं से कहा, ''हम अल-नीनो की घटना पर नजर रख रहे हैं। अभी हम पूरी तरह से निश्चित नहीं हैं, लेकिन अगर ऐसी कोई स्थिति पैदा होती है और अगर मॉनसून में कोई देरी होती है या बारिश में कोई अंतराल आता है, तो हम उससे निपटने की तैयारी कर रहे हैं।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल सामग्री प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु ऑनलाइन ई-टेण्डरिंग के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण नियम एवं शर्तें भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है।

**क्र. सं. :** 1, **ई-निविदा सं. :** 50265323, **निविदा खुलने की तिथि :** 29.06.2026, **सामग्री का विवरण :** सीजी मेक ट्रैक्शन मोटर (एसी) सीजीएल टाइप सी 1016टीए फार 1600 एचपी डेमू विथ पिनियन, **मांगी गयी मात्रा :** 02 अदद, **बयाना राशि :** रु. 2,06,830.00.

**वरिष्ठ मण्डल सामग्री प्रबन्धक,**
**मुजाधि/एस-17 पूर्वोत्तर रेलवे/वाराणसी**

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें



**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्‌घोषणा**


**(धारा 82(2) (ii) Cr.P.C/84 BNSS देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **शाहरुख उर्फ अकरम पुत्र मुल्लाजी उर्फ इरफान, निवासी झुग्गी नं. 367, सीडी पार्क, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने केस **एफआईआर नं. 111/2021, अन्तर्गत धारा 380/454/34 आईपीसी, थाना सब्जी मंडी, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहरुख उर्फ अकरम** मिल नही रहा है, और मुझे सामाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **शाहरुख उर्फ अकरम** फरार हो गया हैं (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि केस **एफआईआर नं. 111/2021, अन्तर्गत धारा 380/454/34 आईपीसी, थाना सब्जी मंडी, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **शाहरुख उर्फ अकरम** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **29.06.2026** को या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**न्प्रीति रजोरिया**
एलडी. न्यायिक दण्डाधिकारी प्रथम श्रेणी–07
कमरा नं. 32
तीस हजारी न्यायालय, नई दिल्ली

**DP/6840/N/2026**
**(Court Matter)**


## शब्द पहेली - 6241



**बाएँ से दाए**
1. अपनापन का विलोम-5
4. हठ करना,रोना,लालसा करना-4
7. गीत (अंग्रेजी-2)
8. गलीचा,कारपेट-3
9. किनारा,छोर-2
10. झगड़ा,कहासुनी-4
11. समय,वक्त-2
13. बेबस-3
14. राष्ट्र,स्वदेश-2
15. पुत्र,लड़का-3
17. प्राप्त करना-2
19. सेंधमार-5
22. चरित्र,व्यवहार-2,3
25. जीव,दूत,जासूस-2
26. आत्मबलि देना-3
28. ताकत,जोश,बल-2
29. कराह,टीस,लालसा-3
30. वहम,संदेह-2
32. आह भरना-4
34. दूर्वा,घास-2
36. चोंगा,गाऊन-3
37. सफर,जात्रा-2
38. दयालु,कृपालु-4
39. निर्माण करने वाला-5

**ऊपर से नीचे**
1. पांव, पैर-2
2. भिखारी,मंगता-3
3. अस्वीकृत करना-3,2
4. माला का मोती-3
5. बुरी आदत-2
6. नाटक से परिपूण-4
7. हल्का काला,श्याम-5
10. व्यवस्थित-4
12. बुरी आदत-2
16. अनुकृति-3
17. तांबूल,पत्ता-2
18. रुखसार,कपोल-2
20. डोली अथवा पालकी उठाने वाले -3
21. जोड़,योग-2
22. चतुर्थ-2
23. आनंद ध्वनि करना-4
24. महात्मा गांधी की दांडी यात्रा-5
25. चमकीला-5
26. नीच,नराधम -4
27. विनाश, नेस्तनाबूत-2
31. रंग (अंग्रेजी-3)
33. पराजित करना-3
35. गौरैया, एक चिड़िया-2
37. दोस्त,मित्र, सखा-2

### शब्द पहेली- 6240 का हल





# बेहतरीन फार्म में स्वियातेक और मार्ता, चौथे दौर में पहुंचीं



## फ्रेंच ओपन : इगा ने हमवतन मैग्डा लिनेट को 6-4, 6-4 से दी शिकस्त

**एजेंसी ▶▶| पेरिस**

चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक और यूक्रेन की मार्ता कोस्त्युक ने शुक्रवार को फ्रेंच ओपन के चौथे दौर में जगह बनाई। पांच ग्रैंडस्लैम विजेता स्वियातेक ने हमवतन पोलिश खिलाड़ी मैग्डा लिनेट को 6-4, 6-4 से शिकस्त दी जबकि मार्ता ने विक्टोरिया गोलुबिच को 6-4, 6-3 से हराकर दूसरी बार चौथे दौर में प्रवेश किया। मार्ता का सामना अब अगले दौर में स्वियातेक से होगा।



### वांग शियू की चौथे दौर में एंट्री

चौथे दौर में पहुंचने वाली एक और खिलाड़ी चीन की वांग शियू हैं, जिन्होंने यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुब्त्सेवा को 6-3, 7-5 से हराया। चीन की इस क्वालीफायर ने अब तक अपने अभियान में एक भी सेट नहीं गंवाया है। पुरुष वर्ग में शीर्ष रैंकिंग खिलाड़ी यानिक सिनर के बाहर होने के एक दिन बाद तीन बार के चैंपियन नोवाक जोकोविच का सामना ब्राजील के युवा खिलाड़ी जोआओ फोंसेका से होगा।

### क्ले कोर्ट पर मार्ता की लगातार 15वीं जीत

15वीं रैंकिंग पर काबिज मार्ता इस समय बेहतरीन फॉर्म में है और उन्होंने क्ले कोर्ट पर अपनी जीत का सिलसिला लगातार 15 मैचों तक पहुंचा दिया है। रोलां गैरों से पहले उन्होंने मैड्रिड में अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब जीता था। इससे पहले उन्होंने फ्रांस के रुएन में भी क्ले कोर्ट पर एक और खिताब अपने नाम किया था। वह 2021 में भी पेरिस में चौथे दौर तक पहुंची थीं, जहां उन्हें स्वियातेक के हाथों हार का सामना करना पड़ा था।

### 31 मई को गुजरात और रॉयल चैलेंजर्स के बीच होगा महा मुकाबला

# सूर्यवंशी की पारी पर भारी गिल का शतक राजस्थान को हराकर गुजरात फाइनल में

**भाषा ▶▶| मुल्लांपुर**

शुभमन गिल के शानदार शतक ने आईपीएल में राजस्थान रॉयल्स और वैभव सूर्यवंशी के शानदार सफर का अंत कर दिया और सात विकेट से जीत दर्ज करके गुजरात टाइटंस ने तीसरी बार फाइनल में जगह बना ली जहां सामना मौजूदा चैम्पियन रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू से होगा। इस सत्र में नित नया इतिहास रचने वाले वैभव सूर्यवंशी ने एक बार फिर 47 गेंद में 96 रन की पारी खेली और आखिरी ओवर में डोनोवन फरेरा ने राशिद खान को चार छक्के जड़कर राजस्थान रॉयल्स को छह विकेट पर 214 रन तक पहुंचाया। जवाब में गिल और साइ सुदर्शन ने पहले विकेट के लिये 77 गेंद में 167 रन की साझेदारी करके मैच को रॉयल्स की जद से बाहर कर दिया और गुजरात ने आठ गेंद बाकी रहते जीत दर्ज की। गिल ने 53 गेंद में 15 चौकों और तीन छक्कों की मदद से 104 रन बनाये जबकि सुदर्शन ने 32 गेंद में 58 रन बनाये जिसमें आठ चौके और एक छक्का शामिल था। सुदर्शन एक बार फिर अजीब ढंग से हिट विकेट होकर लौटे। गुजरात का सामना रविवार को अहमदाबाद में आरसीबी से होगा जिसने उसे धर्मशाला में हराया था। पहली बार 2022 में आईपीएल खेलकर खिताब जीतने वाली गुजरात का यह तीसरा फाइनल है। राजस्थान के लिये अब तक शानदार प्रदर्शन करने वाले तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर को पावरप्ले में विकेट नहीं मिली और बाकी गेंदबाजों ने निराश किया। गिल और सुदर्शन ने खालिस क्रिकेट शॉट खेलते हुए भी तेजी से रन बनाये। विश्व कप टीम से बाहर रहे गिल ने अपनी इस पारी के दम पर भारत की टी20 टीम में वापसी का दावा पुख्ता कर दिया है।

- रॉयल्स को सात विकेट से हराया
- गिल और साई के बीच पहले विकेट के लिए 167 रन की साझेदारी हुई



**रॉयल्स-214/6 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| यशस्वी का प्रसिद्ध बो सिराज | 1 |
| वैभव का प्रसिद्ध बो रबाडा | 96 |
| ध्रुव जुरेल का गिल बो रबाडा | 7 |
| रविंद्र जडेजा नाबाद | 45 |
| रियान का रबाडा बो होल्डर | 11 |
| दासुन का बटलर बो होल्डर | 3 |
| आर्चर का बटलर बो प्रसिद्ध | 7 |
| डोनोवन फरेरा नाबाद | 38 |

अतिरिक्त : छह रन

योग : 20 ओवर में छह विकेट पर 214 रन

विकेट पतन : 1-2, 2-9, 3-101, 4-109, 5-118, 6-172

गेंदबाजी : सिराज 4-0-42-1, रबाडा 4-0-35-2, प्रसिद्ध 4-0-42-1, सुंदर 2-0-23-0, होल्डर 4-0-27-2, राशिद 2-0-45-0

**गुजरात-219/3 (18.4)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| सुदर्शन हिट विकेट बो बृजेश | 58 |
| शुभमन पगबाधा बो आर्चर | 104 |
| जोस बटलर नाबाद | 9 |
| वॉशिंगटन का फरेरा बो बर्गर | 16 |
| राहुल तेवतिया नाबाद | 17 |

अतिरिक्त : 15 रन

योग : 18.4 ओवर में तीन विकेट पर 219 रन

विकेट पतन : 1-167 , 2-182 , 3-201

गेंदबाजी: आर्चर 4-0-45-1, बर्गर 4-0-35-1, बृजेश 3.4-0-44-1, तुषार 3-0-34-0, पुंजा 2-0-29-0

## खबर संक्षेप



### शीर्ष-10 में चिनप्पा समेत चार भारतीय

**अल जदीदा।** भारतीय गोल्फर त्रिशूल चिनप्पा ने आखिरी छह होल में पांच बर्डी लगाकर शानदार वापसी करते हुए एएम ग्रीन आईजीपीएल मोरक्को राइजिंग स्टार्स 2026 प्रतियोगिता के पहले दौर के बाद शीर्ष-10 में जगह बना ली। चिनप्पा 1.60 लाख डॉलर इनामी राशि वाली इस प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से आठवें स्थान पर हैं। उनके साथ तीन अन्य भारतीय खिलाड़ी सुधीर शर्मा, राघव चुघ और सैयद साकिब अहमद भी इसी स्थान पर मौजूद हैं। ये सभी हांगकांग के होहो यू से तीन शॉट पीछे हैं, जिन्होंने छह अंडर 66 का शानदार स्कोर बनाकर बढ़त हासिल की।

### प्रैक्टिस से ब्रेक लेना पसंद नहीं : सूर्यवंशी

**मुल्लांपुर।** वैभव सूर्यवंशी ने नेट्स में शायद लाखों गेंदें खेली होंगी लेकिन फिर भी उन्हें एक दिन का ब्रेक लेना भी पसंद नहीं है क्योंकि अगर वह एक दिन भी अभ्यास नहीं करते तो उन्हें जिंदगी धीमी लगने लगती है।



सूर्यवंशी ने बताया, ' यह सब मेरे पिता की वजह से है। बचपन से ही उन्होंने मुझसे इतना ज्यादा अभ्यास करवाया है कि अगर मैं एक दिन भी अभ्यास नहीं करूं तो ऐसा लगता है जैसे मेरी जिंदगी थोड़ी धीमी पड़ गई हो।

# सेमीफाइनल में सात्विक और चिराग, सिंधू का सफर समाप्त

**एजेंसी ▶▶| सिंगापुर**

भारतीय खिलाड़ी पीवी सिंधू विश्व नंबर एक एन से यंग के सामने लगातार दबाव बनाए रखने के लिए जरूरी निरंतरता नहीं दिखा सकीं और सिंगापुर ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में हारकर उनका अभियान समाप्त हो गया लेकिन पुरुष युगल की दिग्गज जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी ने कड़े मुकाबले में जीत हासिल करके सेमीफाइनल में जगह बना ली। कोरिया की खिलाड़ी एन से यंग ने इस मुकाबले को 21-17, 21-14 से जीतकर सिंधू पर अपना दबदबा कायम रखा।



**सात्विक-चिराग ने कांग-आरोन को हराया:** सात्विक और चिराग ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए मलेशिया के खाई शिंग कांग और आरोन ताई को एक घंटे पांच मिनट तक चले कड़े मुकाबले में 19-21, 21-17, 21-13 से हराया। भारतीय जोड़ी का मुकाबला शीर्ष अब वरीयता प्राप्त कोरिया के किम वॉन हो और सियो सेउंग जे से होगा, जिन्होंने सातवीं वरीयता प्राप्त ताकुरो होकी और युगो कोबायाशी की जापान की जोड़ी को 21-19, 21-18 से हराया।

### सिंधू ने दिखाई आक्रामक खेल की झलक

सिंधू ने बीच-बीच में अपने आक्रामक खेल की झलक दिखाई और कुछ चरणों में कोरियाई खिलाड़ी पर दबाव बनाने में सफल रहीं, लेकिन निर्णायक क्षणों में एन से यंग का बेहतर नियंत्रण, बेहतरीन मूवमेंट और महत्वपूर्ण अंकों को भुनाने की क्षमता हावी रही। इस हार के साथ सिंधू का मौजूदा ओलंपिक चैंपियन के खिलाफ लगातार हार का सिलसिला 9 मैचों तक पहुंच गया है। इन मुकाबलों में भारतीय खिलाड़ी केवल एक बार ही गेम जीत सकी हैं, जो 2023 बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में संभव हुआ था।

# महिला टी-20 सीरीज : भारत ने इंग्लैंड को 38 रन से हराया, बनाई 1-0 की बढ़त

**चेम्सफोर्ड।** जेमिमा रोड्रिग्स (69) और यास्तिका भाटिया (54) के शानदार अर्धशतकों के बाद पदार्पण कर रही तेज गेंदबाज नंदनी शर्मा (34 रन पर 3 विकेट) की घातक गेंदबाजी के दम पर भारत ने इंग्लैंड को 38 रन से हराकर 3 मैचों की महिला टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की गैरमौजूदगी में खेल रही भारतीय टीम ने खराब शुरुआत से उबरते हुए 7 विकेट पर 188 रन का मजबूत स्कोर खड़ा करने के बाद फिर इंग्लैंड को 8 विकेट पर 150 रन पर रोक दिया। 12 जून से शुरू होने वाले टी20 विश्व कप से पहले यह भारत की अंतिम श्रृंखला है। पहले बल्लेबाजी का न्योता मिलने पर भारतीय टीम की शुरुआत बेहद निराशाजनक रही। कार्यवाहक कप्तान स्मृति मंधाना पहली ही गेंद पर खाता खोले बिना आउट हो गई, जबकि उनकी सलामी जोड़ीदार शेफाली वर्मा भी महज दो रन बनाकर पवेलियन लौटी। इंग्लैंड की ओर से लॉरेन बेल ने शुरुआती झटके देकर भारत को दबाव में ला दिया। रोड्रिग्स और यास्तिका ने इसके बाद शानदार पलटवार किया। जेमिमा की 40 गेंदों में 69 रन की तेजतर्रार पारी में 10 चौके और एक छक्का शामिल रहा।

### नंदिनी ने इंटरनेशनल डेब्यू में मचाया गदर रोड्रिग्स और यास्तिका ने जड़े अर्धशतक



### नाइट ने बनाया सर्वाधिक 310 मैच खेलने का रिकॉर्ड


लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंग्लैंड की टीम शुरुआती झटकों से उबर नहीं सकी। सोफिया डंकली (16) और एलिस कैप्सी (छह) पहले 4 ओवरों के भीतर आउट हो गईं। एमी जोन्स ने 48 गेंदों में 67 रन बनाकर संघर्ष जरूर किया और हीदर नाइट (21) के साथ 64 रन की साझेदारी निभाई। नाइट ने इस मुकाबले से इंग्लैंड महिला टीम के लिए सभी प्रारुपों में सर्वाधिक 310 मैच खेलने का रिकॉर्ड भी अपने नाम किया।

# फीफा वर्ल्ड कप : अर्जेंटीना टीम का ऐलान, इंजरी के बाद भी मेसी को मौका

**एजेंसी ▶▶| ब्यूनस आयर्स**

अर्जेंटीना के मुख्य कोच लियोनेल स्कालोनी ने लगातार बढ़ती चोटों की चिंताओं के बीच स्पष्ट किया है कि कप्तान लियोनेल मेसी सहित ज्यादातर मौजूदा विश्व चैंपियन खिलाड़ी 2026 फीफा विश्व कप के लिए टीम का हिस्सा होंगे।

अर्जेंटीना लगातार दूसरी बार विश्व खिताब जीतने के लक्ष्य के साथ मैदान में उतरेगा। अर्जेंटीना फुटबॉल संघ ने 26 सदस्यीय विश्व कप टीम की घोषणा की, जिसमें 39 वर्ष के होने जा रहे लियोनेल मेसी सबसे बड़े आकर्षण हैं। इस टीम में 17 ऐसे खिलाड़ी है, जिन्होंने चार वर्ष पहले कतर में फ्रांस को हराकर अर्जेंटीना को विश्व चैंपियन बनाया था। टीम घोषित होने से पहले कई खिलाड़ियों की फिटनेस को लेकर संशय बना हुआ था। खुद मेसी भी चोट से जूझ रहे हैं। इसी कारण वह पिछले रविवार इंटर मियामी के मैच को पूरा नहीं खेल सके थे।



### मेसी के करियर का छठा विश्व कप

मेसी अपने करियर का छठा विश्व कप खेलने जा रहे हैं। इससे पहले वह 2006 में जर्मनी, 2010 में दक्षिण अफ्रीका, 2014 में ब्राजील, 2018 में रूस और 2022 में कतर विश्व कप में हिस्सा ले चुके हैं। टीम के प्रमुख गोलकीपर एमिलियानो मार्टिनेज को भी मौका दिया गया है। पिछले सप्ताह यूरोपा लीग फाइनल के दौरान उनकी दाहिने हाथ की अनामिका में फ्रैक्चर हो गया था। कोच स्कालोनी ने चोटिल डिफेंडर क्रिस्टियन रोमेरो को भी टीम में रखा है। इसके अलावा नाहुएल मोलिना और गोंजालो मोंटियल भी चोट से उबर रहे हैं।

### आईपीएल में स्मार्ट चश्मों पर बैन बीसीसीआई और एसीएसयू ने जारी की चेतावनी

**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की भ्रष्टाचार निरोधक इकाई (एसीएसयू) ने इंडियन प्रीमियर लीग के दौरान खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों के स्मार्ट चश्मों के इस्तेमाल पर प्रतिबंध लगा दिया है। बोर्ड ने इन चश्मों में मौजूद उन्नत संचार सुविधाओं को सुरक्षा और भ्रष्टाचार-रोधी नियमों के लिए खतरा बताया है। बीसीसीआई एसीएसयू ने सभी फ्रेंचाइजी को जारी एक परामर्श में कहा कि कुछ कंपनियां खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ को स्मार्ट चश्मे बेच रही हैं। बीसीसीआई ने कहा, इन उपकरणों में लाइव स्ट्रीमिंग, टेक्स्ट संदेश भेजने और प्राप्त करने के साथ-साथ मोबाइल डेटा या वाई-फाई के जरिए ऑडियो और वीडियो कॉलिंग जैसी उन्नत संचार सुविधाएं उपलब्ध हैं। पीएमओए क्षेत्रों में संचार उपकरणों के इस्तेमाल की अनुमति नहीं बीसीसीआई ने कहा, पीएमओए (खिलाड़ियों और मैच अधिकारियों का क्षेत्र) के न्यूनतम मानकों के तहत ऐसे स्मार्ट चश्मों को 'ऑडियो/वीडियो रिकॉर्डिंग उपकरण' और 'संचार उपकरण' दोनों श्रेणियों में रखा गया है। इसी कारण पीएमओए क्षेत्र में इन्हें रखने या इस्तेमाल करने पर पूरी तरह रोक लगा दी गई है।

#### नॉर्वे चेस

# गुकेश पहुंचे अंतिम पायदान पर लगातार जीत के बाद हारीं दिव्या



**एजेंसी ▶▶| ओस्लो**

विश्व नंबर 1 मैग्नस कार्लसन ने नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में शानदार वापसी करते हुए मौजूदा क्लासिकल विश्व चैंपियन डी. गुकेश को करारी शिकस्त दी, जिससे युवा भारतीय खिलाड़ी अंक तालिका में सबसे निचले स्थान पर पहुंच गया जबकि प्रज्ञानानंदा ने विंसेंट कीमर को आर्मगेडन टाईब्रेक में हराकर दूसरा स्थान बरकरार रखा। वहीं महिला वर्ग में दिव्या देशमुख को भी हार का सामना करना पड़ा।

7 बार के नॉर्वे शतरंज चैंपियन कार्लसन ने टूर्नामेंट की धीमी शुरुआत के बाद जोरदार वापसी की। इस जीत से उन्हें पूरे 3 अंक मिले और वह अंतिम स्थान से चौथे स्थान पर पहुंच गए। दूसरी ओर, निराश गुकेश मुकाबले के बाद मुख्य द्वार से बचते हुए पीछे के दरवाजे से बाहर निकल गए, जबकि बाहर बड़ी संख्या में युवा प्रशंसक उनके ऑटोग्राफ का इंतजार कर रहे थे।

### लगातार 3 जीत के बाद हारी दिव्या



महिला वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख को लगातार 3 आर्मगेडन जीत के बाद पहली बार हार का सामना करना पड़ा। मौजूदा चैंपियन अन्ना मुजिचुक ने उन्हें टाईब्रेक में मात दी। इस हार के बाद विश्व कप विजेता दिव्या 5.5 अंकों के साथ संयुक्त तीसरे स्थान पर खिसक गईं। कोनेरु हम्पी का संघर्ष जारी है। उन्हें झू जिनेर के खिलाफ एक और आर्मगेडन हार झेलनी पड़ी और वह छह खिलाड़ियों के समूह में अंतिम स्थान पर बनी हुई हैं। महिला वर्ग में बिबिसारा असाउबायेवा सात अंकों के साथ शीर्ष पर हैं। उनके पीछे मुजिचुक, दिव्या और झू जिनेर 5.5-5.5 अंकों के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं। मौजूदा महिला विश्व चैंपियन जू वेनजुन के चार अंक हैं, जबकि हम्पी तीन अंकों के साथ सबसे नीचे हैं।

### फिरोजा को झेलनी पड़ी पहली हार

फिरोजा को हालांकि अमेरिका के वेस्ली सो के खिलाफ टूर्नामेंट की पहली हार झेलनी पड़ी। वेस्ली ने क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहने के बाद आर्मगेडन में उन्हें पराजित किया। इसके बावजूद फिरोजा ने एक अंक हासिल कर 8.5 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए है। प्रज्ञानानंदा छह अंकों के साथ दूसरे स्थान पर हैं। वेस्ली सो 5.5 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर काबिज हैं, जबकि कार्लसन 4.5 अंकों के साथ चौथे स्थान पर पहुंच गए। कीमर के खाते में चार अंक हैं।


### अंडर-20 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में हरियाणा के खिलाड़ियों ने दिखाया दम

# चीन में छाई म्हारी पूजा, इंडिया रिकॉर्ड के साथ जीता स्वर्ण

- 28 से 31 मई तक हांगकांग में चल रही प्रतियोगिता
- भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की ओर से 51 खिलाड़ियों का दल ने भाग लिया
- हरियाणा के तीन खिलाड़ी पूजा, निश्चय व मुस्कान ने जीते पदक

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक**

हरियाणा की युवा एथलीट पूजा ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का नाम रोशन किया है। हांगकांग (चीन) में आयोजित अंडर-20 एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में पूजा ने हाई जंप स्पर्धा में नया भारतीय रिकॉर्ड बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से पूरे हरियाणा और देश में खुशी का माहौल है। खेल विभाग के मीडिया प्रभारी सत्यवीर धनखड़ ने बताया कि 28 से 31 मई तक हांगकांग (चीन) में आयोजित एशियन एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भारतीय एथलेटिक्स महासंघ की ओर से पुरुष और महिला वर्ग सहित 51 खिलाड़ियों का दल हिस्सा ले रहा है। इस भारतीय टीम में हरियाणा के तीन प्रतिभाशाली खिलाड़ी शामिल किए गए हैं। इनमें पूजा हाई जंप, निश्चय (रोहतक) शॉट पुट और मुस्कान 5 किलोमीटर दौड़ प्रतियोगिता में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।




### 1.93 मीटर की ऊंची छलांग लगाई

एथलेटिक्स हरियाणा के महासचिव प्रदीप मलिक ने बताया कि पूजा ने हाई जंप इवेंट में 1.93 मीटर की ऊंची छलांग लगाकर नया भारतीय रिकॉर्ड कायम किया। शानदार प्रदर्शन के दम पर उन्होंने स्वर्ण पदक हासिल किया और चीन की धरती पर तिरंगा फहराकर भारत का गौरव बढ़ाया। प्रतियोगिता में उनकी तकनीक, आत्मविश्वास और संतुलन की खूब सराहना की गई।

### खेल जगत में उत्साह का माहौल

*पूजा की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर खेल जगत में उत्साह का माहौल है। एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ग्रीवेंस कमेटी के सदस्य राजकुमार मिटान, एथलेटिक्स हरियाणा के अध्यक्ष दिलबाग सिंह तथा वरिष्ठ उपाध्यक्ष हनुमान सिंह भादू समेत अन्य पदाधिकारियों ने पूजा को बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। खेल प्रेमियों का कहना है कि पूजा हरियाणा की यह सफलता राज्य के उभरते खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बनेगी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय एथलेटिक्स को नई पहचान दिलाएगी।*



12 गुणकारी आयुर्वेदिक औषधियों जैसे गुलाब, तुलसी, आंवला, नीम, पुदीना, शहद इत्यादि के योग से बनी 'आई मंत्रा' आयुर्वेदिक आई ड्रॉप्स आँखों में होने वाली समस्याओं जैसे आँखों की थकान, आँखों का सूखापन, आँखों पर दबाव कम कर उन्हें स्वस्थ व शीतल रखने में सहायक है। आयुर्वेदिक होने के कारण यह सुरक्षित है एवं इसका आँखों पर कोई दुष्प्रभाव भी नहीं पड़ता।

Dr. Juneja's EYE Mantra® Ayurvedic Eye Relief Drops

• Eye Strain • Eye Dryness • Eye Tiredness • Eye Freshness • Eye Cleanliness

अमेरिका का दावा, ईरानी नेतृत्व झुका

# 60 दिनों का अस्थायी समझौता तैयार, राष्ट्रपति ट्रंप की मंजूरी का इंतजार

*अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि दोनों पक्ष समझौते के काफी करीब हैं, हालांकि कुछ मुद्दों पर अभी सहमति बनना बाकी है*

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका ने दावा किया है कि आर्थिक दबाव के कारण ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम को बंद करने की शर्तों पर बातचीत के लिए तैयार हो गया है। दोनों देशों के बीच 60 दिनों के अस्थायी युद्धविराम का मसौदा तैयार है, जिसे राष्ट्रपति ट्रंप की मंजूरी मिलते ही लागू कर दिया जाएगा। अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि दोनों पक्ष समझौते के काफी करीब हैं, हालांकि कुछ मुद्दों पर अभी सहमति बनना बाकी है और यह कहना जल्दबाजी होगी कि अंतिम समझौता कब और क्या हो पाएगा।

अब ईरान को अपना परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से छोड़ना होगा



मोजतबा खामनेई डोनाल्ड ट्रंप

### होर्मुज स्ट्रेट पूरी तरह खोलेंगे: वेंस



अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि दोनों पक्ष कुछ बिंदुओं और विशेष रूप से यूरेनियम संवर्धन के मुद्दे पर चर्चा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हम अभी वहां नहीं पहुंचे हैं, लेकिन काफी करीब हैं और बातचीत जारी रहेगी। अगर समझौता हो जाता है तो इससे होर्मुज जलडमरूमध्य को फिर से पूरी तरह खोला जा सकेगा। उन्होंने कहा कि अमेरिका पहले ही ईरान की पारंपरिक सैन्य क्षमताओं को काफी कमजोर कर चुका है।

### ट्रंप की सैन्य कार्रवाई रंग लाई: बेसेंट



अमेरिकी वित्त मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की सैन्य कार्रवाई और आर्थिक प्रतिबंधों की रणनीति रंग लाई है। इसी भारी दबाव की वजह से ईरान अपने परमाणु कार्यक्रम पर बातचीत करने के लिए मेज पर आने को मजबूर हुआ है। यह सफलता आज तक कोई दूसरा अमेरिकी प्रशासन हासिल नहीं कर पाया था। अब ईरान को अपना परमाणु कार्यक्रम पूरी तरह से छोड़ना होगा।

### समझौते में ये अहम 6 बिंदु शामिल

- *60 दिन का सीजफायर और बातचीत*
- *होर्मुज जलडमरूमध्य खुलेगा*
- *परमाणु कार्यक्रम पर सबसे बड़ी बातचीत*
- *प्रतिबंधों में राहत और फ्रीज संपत्तियां*
- *लेबनान युद्ध पर भी फोकस*
- *ईरान के लिए 300 अरब डॉलर का निवेश पैकेज*

### ट्रंप की सख्त शर्तें

*स्कॉट बेसेंट ने कहा कि ईरान के साथ कोई भी समझौता पूरी तरह राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की इच्छा पर निर्भर करता है। ट्रंप अमेरिकी जनता के हितों से कोई समझौता नहीं करेंगे। इस समझौते के लिए अमेरिका ने ईरान के सामने बेहद सख्त शर्तें रखी हैं:- इनमें ईरान को अपना सारा संवर्धित यूरेनियम सौंपना होगा। ईरान को गारंटी देनी होगी कि वह कभी भी परमाणु हथियार नहीं बनाएगा। जलमार्ग होर्मुज से जहाजों की आवाजाही को पूरी तरह मुक्त करना होगा। जब तक ईरान इन शर्तों को नहीं मानता तब तक समझौता नहीं होगा।*

### भारत आ रहे तेल टैंकर ने होर्मुज स्ट्रेट किया पार, 3 मई को पहुंचेगा आंध्रप्रदेश

भारत के लिए पेट्रोलियम लेकर जा रहा एक तेल टैंकर होर्मुज जलडमरूमध्य पार कर चुका है। यह जानकारी समुद्री यातायात पर नजर रखने वाली कई वेबसाइटों से मिली है। 'निसोस केरोस' नाम का यह जहाज विशाखापत्तनम जा रहा है और इसके 3 जून तक वहां पहुंचने की उम्मीद है। मार्शल आइलैंड्स के झंडे वाला यह जहाज 21 मई को शारजाह से रवाना हुआ था। शुक्रवार सुबह 6 बजे भारतीय समय के अनुसार इसे भारत के पश्चिमी तट के पास उत्तरी अरब सागर में देखा गया। जहाजों की जानकारी रखने वाली संस्था ऑकविसर ने बताया कि विशाखापत्तनम की ओर आ रहे जहाज निसोस केरोस' का मालिक अरेथुसा शिपिंग कॉरपोरेशन है और इसका संचालन किक्लेड्स मैरीटाइम कॉरपोरेशन कर रही है। और इसकी क्षमता 3,18,744 टन या 3,38,648 घन मीटर है। ईरान के इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरसीजी) ने पिछले 24 घंटों में 23 वाणिज्यिक जहाजों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने की अनुमति दी।

## खबर संक्षेप

### बेजोस की कंपनी का रॉकेट लॉन्चपैड पर फटा

**फ्लोरिडा।** अमेरिकी अरबपति जेफ बेजोस की स्पेस कंपनी ब्लू ओरिजिन का न्यू ग्लेन रॉकेट फ्लोरिडा में टेस्टिंग के दौरान लॉन्चपैड पर फट गया। हादसा गुरुवार को केप कैनावेरल में प्री-फ्लाइट स्टैटिक फायर टेस्ट के दौरान हुआ। घटना का वीडियो लाइव स्ट्रीम में रिकॉर्ड हुआ, जिसमें रॉकेट तेज धमाके के साथ आग के बड़े गोले में बदलता दिखाई दिया। ब्लू ओरिजिन ने कहा कि टेस्ट के दौरान तकनीकी गड़बड़ी हुई। कंपनी के मुताबिक, हादसे में कोई घायल नहीं हुआ और सभी कर्मचारी सुरक्षित हैं। हम और आगे मेहनत करते रहेंगे।



### ब्रिटेन में शरण मांगने वालों की उम्र जांचेगा एआई

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार अगले साल से शरण मांगने वालों की उम्र जांचने के लिए एआई फेशियल रिकग्निशन तकनीक का ट्रायल शुरू करेगी। इस तकनीक के जरिए चेहरे की तस्वीरों का विश्लेषण कर यह पता लगाया जाएगा कि व्यक्ति बालिग है या नाबालिग। ब्रिटेन के होम ऑफिस की इस योजना के तहत तकनीक को पहले टेस्ट और डेवलप किया जाएगा, जिसके बाद 2027 तक इसे लागू करने का लक्ष्य है। सरकार का कहना है कि कई वयस्क प्रवासी खुद को बच्चा बताकर सिस्टम का फायदा उठाते हैं।



केंद्रीय गृह मंत्री ने भुज में सीमा चौकी जी-7 का उद्घाटन किया, कहा

जवानों से की बात, नीम का पौधा भी रोपा

# संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र में मजबूत सुरक्षा तंत्र स्थापित कर रही सरकार

*गृह मंत्री ने बताया कि जी-7 केंद्र का निर्माण लगभग 175 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है और यह क्षेत्र में सीमा अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की व्यापक योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बनासकांठा में भी एक केंद्र स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को बीएसएफ जवानों की जिम्मेदारियों और कार्यों से परिचित कराना है*

*आम नागरिकों को बीएसएफ की जिम्मेदारियों और कार्यों से परिचित कराया जा रहा*

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के भुज स्थित भारत-पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर बॉर्डर आउट पोस्ट (बीओपी) जी-7 का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्र में मजबूत सुरक्षा तंत्र स्थापित करने के लिए अनेक तकनीकी और भौगोलिक चुनौतियों को सफलतापूर्वक पार किया गया है। गृह मंत्री दो दिवसीय गुजरात दौरे पर हैं, जिसके दौरान वे एक दर्जन से अधिक कार्यक्रमों में भाग लेने के साथ-साथ विभिन्न विकास एवं सुरक्षा संबंधी परियोजनाओं की समीक्षा की। अपने दौरे के दौरान शाह ने सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के जवानों से बात की तथा एक नीम का पौधा भी रोपा। उद्घाटन समारोह में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल और उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी भी उपस्थित रहे।



अमित शाह इंडो-पाक सीमा का जायजा लेते हुए

### 175 करोड़ की लागत से जी-7 का निर्माण

गृह मंत्री ने बताया कि जी-7 केंद्र का निर्माण लगभग 175 करोड़ रुपए की लागत से किया गया है और यह क्षेत्र में सीमा अवसंरचना को सुदृढ़ बनाने की व्यापक योजना का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि बनासकांठा में भी एक केंद्र स्थापित किया गया है, जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को बीएसएफ जवानों की जिम्मेदारियों और कार्यों से परिचित कराना है।


### स्वयं तीन महीने तक निगरानी की

शाह ने कहा कि इस परियोजना के क्रियान्वयन के दौरान कई जटिल तकनीकी चुनौतियों का सामना करना पड़ा। सीमा चौकियों के आसपास के क्षेत्र को लगभग 3.75 मीटर ऊंचा किया गया तथा परियोजना की प्रगति सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने स्वयं लगातार तीन महीने तक प्रतिदिन निगरानी की, ताकि सर्वेक्षण और निर्माण कार्य बाधित न हो।

### क्रीक इलाका देखा

गृह मंत्री शाह ने हरामी नाला क्षेत्र का दौरा किया। यहां उन्होंने क्रीक इलाके में बोटसे विजिट किया और जेट्टी प्वाइंट पर पौधरोपण कार्यक्रम में हिस्सा लिया। बता दें, हरामी नाला गुजरात के रण के कच्छ में सर क्रीक के पास स्थित भारत-पाकिस्तान सीमा का अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र है। उथले जलमार्ग, दलदली भूभाग और जटिल क्रीक नेटवर्क के कारण यह इलाका सुरक्षा की दृष्टि से काफी चुनौतीपूर्ण माना जाता है।

### घुसपैठ पर नकेल के लिए भारत सख्त जस्टिस नावलेकर बोले



*देश में घुसपैठ के कारण हो रहे जनसांख्यिकीय बदलाव को लेकर गठित उच्च स्तरीय समिति के अध्यक्ष और पूर्व सुप्रीम कोर्ट जज जस्टिस प्रकाश प्रभाकर नावलेकर ने इसे एक गंभीर और बड़ी चुनौती बताया है। उन्होंने कहा कि आवश्यकता पड़ने पर समिति केंद्र सरकार को और सख्त कानून लागू करने की सिफारिश कर सकती है। उन्होंने कहा कि अवैध घुसपैठ केवल सीमावर्ती क्षेत्रों तक सीमित समस्या नहीं है, बल्कि इसका असर अब शहरी इलाकों, औद्योगिक क्षेत्रों और सामाजिक-आर्थिक रूप से संवेदनशील हिस्सों तक फैल रहा है।*

### घुसपैठ से संसाधनों पर बढ़ रहा दबाव

*उन्होंने कहा कि सरकार गरीबों के लिए कई योजनाएं चलाती है, लेकिन घुसपैठ के कारण लाभार्थियों की संख्या बढ़ने से वास्तविक जरूरतमंदों का हिस्सा प्रभावित होता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति न केवल आर्थिक दबाव बढ़ाती है, बल्कि सामाजिक संतुलन को भी प्रभावित करती है।*

### ओडिशा में सीमा पर बढ़ाई निगरानी

*ओडिशा सरकार ने पश्चिम बंगाल की सीमा से लगे जिलों को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। पश्चिम बंगाल सरकार ने घुसपैठियों को पहचानने और उन्हें बाहर निकालने की नीति अपनाई है। इसके बाद ओडिशा में बांग्लादेशी घुसपैठियों के आने की आशंका बढ़ गई है। राज्य सरकार ने विशेष रूप से बालासोर और मयूरभंज जिलों के अधिकारियों को सावधान रहने को कहा है। पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के हकीमपुर चेकपोस्ट पर बड़ी संख्या में बांग्लादेशी नागरिक देखे गए हैं। इस जानकारी के बाद ही ओडिशा सरकार ने यह कदम उठाया है।*

सीमावर्ती 111 जिलों में पुख्ता होगा खुफिया नेटवर्क

### 14 हजार गांवों के लोग आईबी के लिए करेंगे निगरानी

बॉर्डर एरिया में खुफिया सूचना जुटाना चुनौतीपूर्ण काम रहा है। इस वजह से घुसपैठ और असामान्य जनसांख्यिकीय परिवर्तन जैसी घटनाएं सामने आ रही हैं। अब सीमावर्ती क्षेत्रों के 111 जिलों के 396 ब्लॉक में बसे 14 हजार गांवों में खुफिया नेटवर्क को मजबूत किया जाएगा। गृह मंत्रालय ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को बड़ी जिम्मेदारी दी है। सीएपीएफ की मदद से सीमावर्ती क्षेत्रों में हजारों लोग केंद्रीय खुफिया एजेंसी आईबी के आंख और कान बनेंगे। ये सभी 14,000 गांव, बॉर्डर से 10 किमी के दायरे में आते हैं। पंजाब, पश्चिम बंगाल, असम, गुजरात और राजस्थान में तो बीएसएफ को अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किमीअंदर तक कार्रवाई करने का अधिकार है।

# इजरायल के प्रधानमंत्री नेतन्याहू ने भारत की तारीफ में पढ़े कसीदे

***बोले, भारत में मेरे सबसे ज्यादा फॉलोवर्स हैं, सच में क्रेजी लव, जो दुनिया के बाकी देशों में देखने को नहीं मिलता***

विदेश मंत्रालय की प्रतिक्रिया, इजरायल के साथ भारत के संबंध अच्छे और मजबूत हैं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

ईरान के साथ बीते लगभग तीन महीने से जारी भीषण युद्ध के बीच इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने भारत की जबरदस्त अंदाज में प्रशंसा की है। जिसमें उन्होंने कहा है कि भारत ही दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है। जहां व्यक्तिगत रूप से न केवल उनके लिए बल्कि उनके देश के लिए भी बेहद प्यार है। सच में 'क्रेजी लव', बाकी दुनिया में कहीं पर भी ऐसा नहीं है। नेतन्याहू के मुताबिक, मेरे सबसे ज्यादा फॉलोवर्स भारत में ही हैं। बीते 28 मई को वेस्ट बैंक में आयोजित किए गए एक सम्मेलन में इजरायल के प्रधानमंत्री ने यह टिप्पणी की थी। बताते चलें कि इजरायल के प्रधानमंत्री का भारत की प्रशंसा करने वाला यह बयान इसी साल फरवरी महीने में की गई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा के बाद आया है।



### मामले पर आई नई दिल्ली की प्रतिक्रिया

वहीं, इजरायली प्रधानमंत्री के इस बयान पर शुक्रवार को हुई मीडिया ब्रीफिंग में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने भी प्रतिक्रिया दी है।

उन्होंने कहा कि मैं इजरायल के पीएम के भारत की प्रशंसा करने वाले बयान पर यही कहूंगा कि दोनों देशों के बीच अच्छे, मजबूत और गहरे संबंध हैं।

### पूरी दुनिया हमारे पीछे पड़ी है

*नेतन्याहू ने सम्मेलन में यह भी कहा कि पूरी दुनिया में हमारे खिलाफ और इजरायल की वैधता को समाप्त करने की कोशिशों में लगी हुई है। इससे जुड़ी कई समस्याएं भी चल रही हैं। लेकिन भारत ही है, जिसमें ऐसा कुछ नहीं है। वहां इजरायल के लिए बहुत, अटूट प्यार है। सच में क्रेजी लव कहूंगा, उन्होंने कहा, दुनिया की किसी दूसरी जगह की तुलना में भारत में मेरे सबसे ज्यादा फॉलोवर्स हैं। रणनीतिक साझेदारी की बात करें तो इसमें भारत का विशेष स्थान है।*

### गाजा पट्टी के 70% हिस्से पर होगा कब्जा

*उन्होंने युद्ध के संबंध में एक और बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अभी इजरायल की सेना का गाजा पट्टी के 60 फीसदी इलाके पर कब्जा हो गया है। लेकिन अब हमारा लक्ष्य इस आंकड़े को आगे बढ़ाकर 70 फीसदी तक करने का है। हमास के खिलाफ हमारा सैन्य अभियान चरणबद्ध रूप से आगे बढ़ेगा।*

# रिलायंस कम्युनिकेशंस समेत 16 आरोपियों के खिलाफ सीबीआई की पहली चार्जशीट दाखिल

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

सीबीआई ने अनिल अंबानी समूह की कंपनियों से जुड़े कथित बैंक धोखाधड़ी मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को पहली चार्जशीट दाखिल कर दी। विशेष सीबीआई अदालत, मुंबई में दाखिल चार्जशीट में रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड, कंपनी के पांच वरिष्ठ अधिकारियों तथा तीन बैंकों के 10 अधिकारियों समेत कुल 16 लोगों को आरोपी बनाया है। आरोपियों पर आपराधिक साजिश, धोखाधड़ी और आपराधिक गबन के साथ-साथ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आपराधिक कदाचार के आरोप लगाए गए हैं।

### 2 हजार 50 करोड़ रुपये के फंड के दुरुपयोग का आरोप

जांच एजेंसी ने बताया कि यह चार्जशीट स्टेट बैंक ऑफ इंडिया द्वारा मंजूर 1200 करोड़ रुपये के टर्म लोन, बैंक ऑफ महाराष्ट्र की 500 करोड़ रुपये की लेटर ऑफ क्रेडिट सुविधा तथा तत्कालीन सिंडिकेट बैंक की 350 करोड़ रुपये की एलओसी सुविधा के कथित दुरुपयोग से संबंधित है सीबीआई का आरोप है कि इन सार्वजनिक धनराशियों को निर्धारित उद्देश्य के बजाय कथित रूप से डायवर्ट और मिसएप्रोप्रियेट किया गया। एजेंसी ने कहा कि मामले में आगे की जांच जारी रहेगी और अन्य बैंकों द्वारा दिए गए कर्ज तथा अन्य संभावित साजिशकर्ताओं की भूमिका की भी पड़ताल की जा रही है। आने वाले समय में पूरक चार्जशीट दाखिल की जा सकती हैं।

### स्टेट बैंक की शिकायत पर दर्ज हुआ था मामला

सीबीआई ने यह मामला स्टेट बैंक की शिकायत पर दर्ज किया था। शिकायत में आरोप लगाया गया था कि रिलायंस कम्युनिकेशंस लिमिटेड और अनिल डी. अंबानी ने बैंक को 2929.05 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाया। एफआईआर के अनुसार, स्टेट बैंक के नेतृत्व वाले 11 बैंकों के कंसोर्टियम ने रिलायंस कम्युनिकेशंस को रुपये टर्म लोन दिए थे। मामले में 17 सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों का कुल एक्सपोजर 19,694.33 करोड़ रुपये बताया गया है।

### रिलायंस समूह की कंपनियों के खिलाफ 7 एफआईआर

सीबीआई ने रिलायंस समूह की कंपनियों से जुड़े कुल चार कंपनी के खिलाफ सात मामले दर्ज किए हैं, जिनकी जांच जारी है। एजेंसी के अनुसार, अनिल अंबानी समूह की कंपनियों द्वारा कथित बैंक धोखाधड़ी से जुड़े इन मामलों की निगरानी सुप्रीम कोर्ट कर रहा है।

## यूएस स्पेलिंग बी के चैंपियन बने श्रेय पारिख

**कैलिफोर्निया।** कैलिफोर्निया के 14 वर्षीय भारतीय मूल के छात्र श्रेय पारिख ने प्रतिष्ठित स्क्रिप्स नेशनल स्पेलिंग बी 2026 का खिताब अपने नाम कर लिया। फाइनल मुकाबले में उन्होंने न्यू जर्सी के ईशान गुप्ता को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। प्रतियोगिता के निर्णायक स्पेल-ऑफ राउंड में श्रेय और ईशान को 90 सेकंड के भीतर अधिक से अधिक शब्दों की सही स्पेलिंग बताने का मौका मिला। श्रेय ने 90 सेकंड में 32 शब्दों की सही स्पेलिंग बताई, जबकि ईशान 25 शब्द ही सही लिख सके।

## एमएसएमई के लिए सदस्य देशों को सहयोग प्रदान करेगा भारत

**नई दिल्ली।** सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय ने ब्रिक्स पार्टएनआईआर ट्रैक के तहत 'एमएसएमई के लिए प्रौद्योगिकी तक पहुंच बढ़ाना' विषय पर दूसरी एसएमई कार्य समूह बैठक का सफल आयोजन किया। ब्रिक्स सदस्य देशों के बीच एमएसएमई क्षेत्र में नवाचार, प्रौद्योगिकी और कौशल विकास को लेकर व्यापक चर्चा हुई। भारत ने सदस्य देशों को तकनीकी सहयोग देने की प्रतिबद्धता जताई। साथ ही आर्थिक वृद्धि, रोजगार सृजन, नवाचार और समावेशी विकास में एमएसएमई की भूमिका को रेखांकित किया। बैठक में डिजिटल समावेशन बढ़ाने पर बल दिया।

पीयूष गोयल ने 50 से अधिक बिजनेस लीडर्स के साथ बैठक की, कहा

भारत-अमेरिका व्यापार, निवेश नवाचार को देंगे मजबूती

# अमेरिका के साथ व्यापार वार्ता पर 'उत्साहजनक प्रगति', दोनों देश अंतरिम समझौते के बेहद करीब

एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

केंद्रीय वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने अमेरिका में व्यापार जगत के दिग्गजों के साथ बातचीत के दौरान द्विपक्षीय व्यापार वार्ता पर 'उत्साहजनक जानकारी' देते हुए आश्वासन दिया कि भारत-अमेरिका अंतरिम समझौता जल्द होने वाला है। न्यूयॉर्क स्थित भारतीय महावाणिज्य दूतावास द्वारा आयोजित अमेरिकी-भारत रणनीतिक साझेदारी मंच (यूएसआईएसएफ) में प्रमुख उद्योग एवं व्यापार जगत के 50 से अधिक लोगों ने भाग लिया। गोयल ने गोलमेज बैठक में भारत-अमेरिका के बीच व्यापार, निवेश एवं आपूर्ति श्रृंखला साझेदारी को और मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की।



अमेरिकी बिजनेस लीडर्स से चर्चा करते पीयूष गोयल

### सप्लाई-चेन पार्टनरशिप को गहरा करेंगे

*पीयूष गोयल ने बताया कि उन्होंने पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की मजबूत आर्थिक वृद्धि, सुधार-आधारित कारोबारी माहौल और वैश्विक निवेशकों के लिए बढ़ते अवसरों को रेखांकित किया।*

### 1 जून को भारत आएगा अमेरिकी दल

*मंत्री गोयल ने जोर दिया कि निवेशकों का विश्वास, कारोबार की स्थिरता और मजबूत नियामकीय माहौल भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका का एक दल एक से चार जून के बीच भारत की यात्रा पर आएगा। इस दौरान अंतरिम व्यापार समझौते के विवरण को अंतिम रूप दिया जाएगा और व्यापक द्विपक्षीय व्यापार समझौते के तहत बाजार पहुंच, गैर-शुल्क उपायों एवं सीमा शुल्क सुगमता जैसे मुद्दों पर वार्ता आगे बढ़ाई जाएगी।*

### कई उद्योग दिग्गजों से मिले

*गोयल ने उद्योग जगत के कई प्रमुखों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी कीं। उन्होंने मॉर्गन स्टैनली के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) टेड पिक, वारबर्ग पिंकस के चेयरमैन चिप केय, एमनील फार्मास्यूटिकल्स के सह-संस्थापक एवं सह-सीईओ चिंटू पटेल और मास्टरकार्ड के सीईओ माइकल मीबाख के साथ कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर विचार किया।*

### अमेरिका भारत की क्षमता पहचानता है: गोर



भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने शुक्रवार को कहा है कि अमेरिका को भारत की क्षमता को जानता है और दोनों देशों की साझीदारी को और मजबूत बनाना चाहता है। उन्होंने दोनों देशों के बीच टेक्नोलॉजी, क्रिटिकल मिनरल्स और व्यापार से जुड़े विषयों में समान हितों पर जोर देते हुए भारत को एक भरोसेमंद पार्टनर बताया है। सर्जियो गोर ने कहा कि ट्रंप प्रशासन नए सत्ता केंद्रों की पहचान कर रहा है। भारत के पास जो क्षमता है, हम वह जानते हैं। हम भारत का विकास देख रहे हैं। हम इस साझेदारी को बढ़ा रहे हैं और इस साझीदारी को मजबूत कर रहे हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109